स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार
4 जून, 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 9
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 283 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

पूर्व पीएम ऋषि सुनक का कोहली को सपोर्ट, बोले आरसीबी मेरी टीम



## योगी मंत्रिमंडल की बैठक में 10 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# पूर्व अग्निवीरों को बड़ा तोहफा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को राज्य पुलिस बल में कांस्टेबल, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन सहित कई पदों पर सीधी भर्ती में अग्निवीरों के लिए 20 प्रतिशत

### पुलिस और पीएसी में मिलेगा 20 प्रतिशत आरक्षण

### सभी श्रेणियों में लागू होगा, उम्र में भी मिलेगी छूट

आरक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। लोकभवन के सभागार में आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे



गए, जिसमें कैबिनेट ने 10 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में वित्त मंत्री खन्ना ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले पूर्व अग्निवीरों को सार्थक सेवा के बाद अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा, यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। आरक्षण सभी श्रेणियों - सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा; अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर। खन्ना ने कहा कि इन पदों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को तीन साल तक की विशेष आयु छूट भी प्रदान की जाएगी। इस संबंध में भर्ती की चार श्रेणियां हैं- कांस्टेबल पुलिस, कांस्टेबल पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन, जिनमें अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के तहत भर्ती का पहला बैच 2026 में आएगा। खन्ना ने कहा, कई राज्यों और केंद्रीय बलों ने अग्निवीरों को आरक्षण देने के लिए पहल की है। सीआईएसएफ, बीएसएफ और हरियाणा तथा ओडिशा जैसे राज्यों ने पूर्व अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण की पेशकश की है। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने अब 20 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है, जो एक साहसिक और उदार पहल है। उन्होंने कहा, यह न केवल उनकी (अग्निवीरों की) सेवा को मान्यता देता है बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि वे अपने सैन्य कार्यकाल के बाद भी देश के सुरक्षा ढांचे में योगदान देना जारी रख सकें।

## धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर होमस्टे की सुविधा

मंत्रिपरिषद की बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दे दी गई। नयी नीति का उद्देश्य राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा प्रदान करना है। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल पूरी तरह से भर जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है और इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। बीएंडबी एवं होमस्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने एक से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बिस्तरों की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार सात दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में नवीनीकरण की भी व्यवस्था होगी। अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे इकाइयों के लिए 500 रूपये से 750 रूपये तक का नाममात्र शुल्क लिया जाएगा। वहीं, शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 रूपये का आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के कारण यह राज्य विदेशी एवं घरेलू पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

# धार्मिक उत्साह और भक्ति के रंग में रंगी अयोध्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि पर राम दरबार समेत आठ मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ प्रायश्चित कर्म और कलश के साथ हो चुका है। महोत्सव के क्रम में मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चारण संग विधि-विधान पूर्वक पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, यज्ञ मंडप पूजन, ग्राह योग, अग्नि स्थापन, वन कर्मकुटी और जलाधिवास का अनुष्ठान किया गया। बुधवार यानी 4 जून को देवताओं का पूजन, अन्नाधिवास, हवन, देवस्नान, प्रसाद स्नान, शिखर स्नान, नगर भ्रमण शैय्याधिवास, न्यास का कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में 5 जून गुरुवार को राम दरबार समेत आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। यह ऐतिहासिक आयोजन गंगा दशहरा के पावन अवसर पर अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.25 से 11.40 बजे के बीच संपन्न होगा। इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। अयोध्या एक बार फिर धार्मिक उत्साह और भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। जिसमें यज्ञ मंडप पूजन और अग्नि स्थापना आदि अनुष्ठान हो चुका है। बुधवार को विभिन्न अधिवास और पालकी यात्रा का आयोजन होगा।

जबकि 5 जून को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न संप्रदायों के संत, धर्माचार्य, आरएसएस, विहिप और राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल होंगे। यात्री





सुविधा केंद्र में तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित हो गई है। सभी को उनके दर्शन मिलेंगे। इसके अलावा महर्षि अगस्त्य, वाल्मीकि, विश्वामित्र समेत चारों गुरु की मूर्तियों को भी स्थापित कर दिया है। देवी देवताओं की मूर्तियां जयपुर में बनी हैं। उन्हें यहां लाकर स्थापित कर दिया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 22 जनवरी 2024 को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हुआ था, जिसने विश्व भर में ध्यान आकर्षित किया। इस बार राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या एक बार फिर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में अपनी महत्ता को रेखांकित करेगी। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परम्पराओं को भी मजबूत करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार की जा रही हैं, ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान से संपन्न हो। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें। यह आयोजन अयोध्या को विश्व पटल पर और अधिक प्रमुखता प्रदान करेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर पर बोले सीडीएस अनिल चौहान

# 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा आठ घंटे में घुटनों पर आया

**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के पीछे के कारणों पर बात करते हुए कहा कि पहलगाम में जो हुआ, वह घोर क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर

### 'नुकसान नहीं, परिणाम महत्वपूर्ण होता है'

के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोका



जाए। उसे भारत को आतंकवादी गतिविधियों का बंधक नहीं बनाना चाहिए। भारत अब आतंकवाद और परमाणु ब्लैकमेल की छाया में नहीं रहने वाला। उन्होंने फिर दोहराया कि पेशेवर सैन्य बलों पर असफलताओं और नुकसानों का कोई असर नहीं होता। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस संघर्ष का प्रारंभिक बिंदु पहलगाम आतंकी हमला था। क्या आतंकवाद युद्ध का एक तर्कसंगत तरीका है? मुझे नहीं लगता कि ऐसा है, क्योंकि आतंकवाद का कोई परिभाषित तर्क नहीं है। जहां तक हमारे विरोधी का सवाल है तो उसने भारत को हजारों घाव देकर खून बहाने का फैसला किया है। 1965 में जुल्फिकार अली भुट्टो ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की घोषणा की थी। सीडीएस जनरल चौहान ने युद्ध के अलग-अलग तरीकों पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में युद्ध और राजनीति समानांतर रूप से हो रही थी। पहलगाम में जो कुछ हुआ, उससे कुछ सप्ताह पहले ही पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। हमने सीमा बढ़ा दी है, आतंक को पानी से जोड़ दिया है, आतंक के खिलाफ सैन्य अभियान की नई रेखा खींची है।

### 'पाक ने तो संघर्ष का समय बढ़ा दिया था'

सीडीएस ने कहा कि 10 मई को रात करीब एक बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य 48 घंटे में भारत को घुटने टेकने पर मजबूर करना था। कई हमले किए गए और उन्होंने इस संघर्ष को और बढ़ा दिया। हमने तो सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। ऑपरेशन जो उन्हें लगा कि 48 घंटे तक चलेगा, लगभग 8 घंटे में ही खत्म हो गया और फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं...।

# जम्मू कश्मीर : आतंकी संगठनों से रिश्तों में तीन कर्मचारी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य सरकार के तीन कर्मचारियों को आतंकवादी

### एलजी मनोज सिन्हा ने लिया सख्त ऐक्शन

संगठनों से संबंधों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2) (C) के तहत की गई है, जो सरकार को ऐसे मामलों में जांच के बिना सीधे बर्खास्त करने का अधिकार देता है। जिन कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था, उनमें मलिक इश्फाक नसीर, जो पुलिस में कांस्टेबल थे, अजाज अहमद, जो स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक थे, और वसीम अहमद खान, जो सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट थे।इन तीनों कर्मचारियों पर कई गंभीर आरोप है। जिनमें आतंकवादी गतिविधियों में सीधे या परोक्ष रूप से संलिप्त होना, देश की सुरक्षा और संप्रभुता को खतरा पैदा करना और आतंकवादी संगठनों को सहायता देना शामिल हैं। यह निर्णय जांच एजेंसियों द्वारा जुटाए गए सबूतों और खुफिया रिपोर्टों पर आधारित है। प्रशासन का कहना है कि जम्मू-कश्मीर सरकार आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस लागू करती है।



## पंजाब में पाक जासूस गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले एक व्यक्ति को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा कर रहा था। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसमें ऐसी जानकारी थी, जिसे उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों (पीआईओ) के साथ साझा किया था। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब से मिली सूचना के आधार पर तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान आईएसआई और गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था।

## राजस्थान में पूर्व मंत्री का पीए भी निकला गद्दार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस विंग ने कुछ दिन पहले जैसलमेर से जिस शकूर खान को हिरासत में लिया था। अब उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके ऊपर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है। शकूर खान ने पूछताछ में खुलासा किया है वो पाकिस्तान दूतावास के अफसरों के संपर्क में था। वहां से उसे जानकारी मांगी जाती थी। शकूर ने जिन अफसरों के नाम बताए हैं उनमें पाकिस्तान दूतावास में कार्यरत अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश और सोहेल कमर मुख्य हैं। ये वही दानिश है जो ज्योति मल्होत्रा के साथ संपर्क में था। शकूर खान रोजगार कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत था।

# 'इंडिया' गठबंधन ने दोहराई संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र की मांग को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने मंगलवार को एक अहम बैठक की। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई बैठक के बाद मीडिया को जानकारी भी दी गई। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया। बताया गया कि लोकसभा के 200 से ज्यादा सांसदों ने विशेष सत्र के लिए पीएम मोदी को लिखे पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस दौरान संसद का विशेष सत्र न बुलाए जाने पर संजय राउत ने सरकार पर तंज कसा। शिवसेना यूबीटी सांसद ने कहा कि क्या हमें विशेष सत्र के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के पास जाना चाहिए? गठबंधन की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि 'इंडिया' के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।

# आगरा : यमुना में डूब कर छह लड़कियों की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र में नगला नाथू के पास मंगलवार की सुबह यमुना में नहाने पहुंचीं छह लड़कियां नदी में डूब गई। इनमें से चार की मौत हो गई।

जानकारी होने पर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

दो बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना मंगलवार सुबह 10.30 बजे की है। 18 वर्षीय मुस्कान अपनी छोटी बहन संध्या, दिव्या, चचेरी बहन नैना, मौसी की बहन सोनम, सुहानी ओर चचेरे भाई दीपेश के साथ यमुना में नहाने आई थी।

सभी बहन-भाई नदी में नहा रहे थे। अचानक संध्या गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने मुस्कान और दिव्या गईं।

वह भी गहरी पानी में चली गईं। आधे घंटे की मशक्कत के बाद सभी को गहरे पानी से बाहर निकाला। युवती सहित 4 की मौत हो गई। दो को बचा लिया गया, जिन्हें पुलिस ने अस्पताल भेजा। यहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। गांव का रास्ता ठीक न होने के कारण एंबुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। जिस कारण गांव के ही लोगों को अपने निजी वाहन बाइक से बच्चियों को अस्पताल ले जाना पड़ा।

## मोदी कैबिनेट की बैठक आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले साल की उपलब्धियों और आतंकवार पर प्रहार के लिए चलाए गए सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर के प्रचार-प्रचार का ताना-बाना बुना जाएगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की यह दूसरी और पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी। बैठक में पीएम के संबोधन के साथ कैबिनेट सचिव सरकार की उपलब्धियों और विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑपरेशन सिंदूर पर प्रस्तुतियां देंगे। अपराहन 4.30 बजे से शुरू होने वाली बैठक की शुरुआत प्रधानमंत्री के संबोधन से होगी। इसके बाद सभी अहम मंत्रालय एक साल के कामकाज का ब्यौरा रखेंगे।

# प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन मुफ्त

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** अब प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन जांच निःशुल्क की जायेगी। इस सम्बंध में मंगलवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आदेश जारी कर दिये हैं। इस फरमान के बाद लखनऊ सहित आधा दर्जन जिलों में मरीजों को जांच का शुल्क नहीं देना होगा। यहां अभी मरीजों

### 12 मेडिकल संस्थानों में 464.70 लाख रुपये से बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

से 500 रुपये जमा कराये जा रहे थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्सरे व अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचों की भांति सीटी स्कैन भी निःशुल्क हो रहा है लेकिन लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद एवं रायबरेली में सीटी स्कैन का शुल्क लिया जा रहा था। डिप्टी सीएम ने इन जिलों में भी मुफ्त सीटी स्कैन जांच का तोहफा मरीजों को दिया है। इससे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज व कानपुर के दो संस्थानों में मरीजों के हितों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसमें आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, जालौन, कन्नौज एवं बदायूं तथा कानपुर के हृदय रोग संस्थान, जेके कैंसर संस्थान के लिए 464.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है। जिसमें प्रति मेडिकल कॉलेज को 33.5 लाख तथा जेके कैंसर संस्थान को 31 लाख रुपये आवंटित किया गया है।

## मरीजों के साथ खिलवाड़ पर पांच डॉक्टर बर्खास्त

रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार और काम में लापरवाही बरतना पांच डॉक्टरों को भारी पड़ा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशान्त कुमार एवं डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को इन डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ने बताया कि बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

## 'परिसर में मेडिकल प्रतिनिधियों को प्रवेश न दें'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएससी) ने सभी सरकारी अस्पतालों को मेडिकल प्रतिनिधियों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया

### स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय का अस्पतालों को निर्देश

है। पत्र में कहा गया कि अगर दवा कंपनियां नए उपचार या चिकित्सा शोध के बारे में जानकारी साझा करना चाहती हैं तो उन्हें ईमेल या अन्य डिजिटल मीडिया के माध्यम से ऐसा करना होगा। 28 मई को जारी आदेश में सरकारी चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों को नई नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इसका मकसद फार्मा प्रतिनिधियों और डॉक्टरों के बीच अनियमित बातचीत की वजह से अस्पताल संचालन में होने वाली रुकावटों को भी रोकना है।

# 'दबाव पड़ते ही भाग जाते हैं बीजेपी-आरएसएस के लोग'

**भोपाल।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भोपाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी-आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने सीजफायर को लेकर पीएम मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उधर से ट्रंप का एक कॉल आया और नरेंद्र,

### राहुल ने पीएम मोदी पर भी कसा तंज

सरेंडर। राहुल ने कहा कि बीजेपी-आरएसएस वालों पर थोड़ा सा भी दबाव डालो, डरकर भाग जाते हैं। राहुल गांधी ने देश में विचारधारा की लड़ाई पर जोर देते हुए बीजेपी पर संविधान को कमजोर करने और सामाजिक न्याय के खिलाफ काम



करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने उधर से फोन किया और कहा- नरेंद्र, सरेंडर! और इधर नरेंद्र मोदी ने जी हुजूर कहकर तुरंत उनके इशारे का पालन किया। राहुल ने बीजेपी-आरएसएस की मानसिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि इनका इतिहास सरेंडर की चिट्ठी लिखने का रहा है।

## उत्तराखंड में दो आईएएस और एक पीसीएस समेत 12 अफसर सस्पेंड

**देहरादून।** हरिद्वार जमीन घोटाले में धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में दो आईएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम और पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी। मामला 15 करोड़ की जमीन को 54 करोड़ में खरीदने का है, जिसमें हरिद्वार नगर निगम ने एक अनुपयुक्त और बेकार भूमि को अत्यधिक दाम में खरीदा। न भूमि की कोई तात्कालिक आवश्यकता थी, न ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। शासन के नियमों को दरकिनार कर यह घोटाला अंजाम दिया गया। जांच के बाद रिपोर्ट मिलते ही बड़ी कार्रवाई करते हुए हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, पूर्व नगर आयुक्त वरुण चौधरी और एसडीएम अजयवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो तस्कर गिरफ्तार, अस्पताल में भर्ती

### ३१ मई को प्रतिबंधित पशुओं को काटने के लिए लाए थे, दबिश पहुंचने पर गए थे भाग



**निगोही-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ में दो तस्कर घायल हो गए। घायल तस्करों को पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद मेडिकल कालेज में भर्ती कराया हैं। एसपी ने मेडिकल कालेज पहुंचकर उनसे पूछताछ की। पकड़े गए गो तस्कर जनपद पीलीभीत के थाना बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी अनीस और बरेली के थाना देवरनिया के गांव मुढिया जागीर निवासी मोहम्मद शानू के पैर में गोली लगी है।

निगोही थाना क्षेत्र के चक्रमाली गांव में ३१ मई की रात एक बंद मकान में प्रतिबंधित पशुओं को काटने के लिए लाया गया था। पुलिस की दबिश पर आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की थी। बीती रात इनायतपुर वाली रोड पर पुलिस ने घेराबंदी की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हुए। पुलिस ने मौके से पशुओं को काटने के औजार, तमंचे और कारतूस बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने बरेली के शाकिर और धर्मवीर का नाम बताया। आरोपियों ने खुलासा किया कि वे प्रतिबंधित पशुओं को पकड़कर अलग-अलग राज्यों में ऊंचे दाम पर बेचते थे। मौका मिलने पर मांस की बिक्री भी करते थे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पकड़े गए तस्कर शानू और अनीस के कब्जे से पुलिस ने २ तमंचा ३१५ बोर व २ जिन्दा कारतूस ३१५ बोर व १ खोखा कारतूस ३१५ बोर नाल मे फसा हुआ, व एक खोखा कारतूस ३१५ बोर नाल मे फसा हुआ, १ कुल्हाडी, २ छुरी, १ बांका लोहे का, १ लकड़ी का गुटका, १ पीले रंग की प्लास्टिक की रस्सी, एक चार पहिया कार अर्टिगा, १ मोबाइल फोन टेक्नो स्पार्क कम्पनी का बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, एसआई प्रमोद कुमार, एसआई इरफान अली, एसआई ऋषिपाल सिंह, एसआई मोहित कुमार, एसआई पंकज कुमार, सिपाही ज्ञानेन्द्र, सिपाही अंकित कुमार, सिपाही प्रवेश कुमार, परीक्षित तेवतिया रहे।

# कोतवाली में किया गया भंडारे का आयोजन



**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगलवार पर राहगीरों के लिए कोतवाल हरपाल सिंह ने कोतवाली के गेट पर भंडारे का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर कोतवाली में कड़ी चावल के रूप में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा नगर में जगह जगह पूड़ी सब्जी, समोसों व शरबत का प्याऊ का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से लगाए गए इस प्याऊ में भक्तो ने श्रद्धा और सेवा भाव से सैकड़ों भक्तो को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीर यहां रुके और शीतल जल, शरबत व प्रसाद का आनंद लिया। इस सेवा कार्य में नगर से लेकर गांव तक के भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर सेवा भावना से प्याऊ का संचालन किया। भक्तों ने बताया कि हर वर्ष ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को इस प्रकार के सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाता है और आगे भी यह सेवा जारी रहेगी। कोतवाल ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल पुण्य का कार्य हैं बल्कि समाज में एकता और सेवा की भावना को भी प्रबल करते हैं।

# आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनायें ईद-उल-अजहा : एसडीएम

### बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**कलान( स्वतंत्र भारत )।** थाना परिसर में आगामी ७ जून को मनाए जाने वाले पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने त्यौहार आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की है। मंगलवार को एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम और थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद ने नगरवासियों से ईद -उल-अजहा( बकरीद) का त्यौहार आपसी सौहार्द और शांतिपूर्वक ढंग से मनाए जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कहीं कोई भी व्यक्ति अराजकता न फैलाये। जिससे त्यौहार का माहौल खराब हो। यदि किसी की ओर से कोई



गलत कार्य व बिना वजह अफवाह फैलाई तो खैर नहीं होगी। कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी मुस्लिम भाई कुर्बानी बंद स्थानों या अपने घरों पर करें। कुर्बानी के अवशेष को गड्ढे या मिट्टी में दफन कर दें।जिससे किसी प्रकार की गंदगी न फैले और दूसरे समुदाय के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सोशल मीडिया पर कोई भी अफवाह न फैलायें। शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। बैठक में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विनोद गुप्ता, सभासद संदीप गुर्जर, दिलीप गुप्ता, दीपक नंदवंशी, मोहम्मद उमर उस्मानी, खुर्शीद आलम, कई ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान एवं नगर के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# पूजा अर्चना के बाद जगह जगह हुए भंडारे

**निगोही-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जेष्ठ माह के चौथा बड़ा मंगलवार का दिन पूर्व श्रद्धा, सेवा सम्पूर्ण का प्रतीक है। लोक आस्था एवं सेवा भावना से ओतप्रोत मंगल के दिन पुनीत पर्व पर क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर भजन और भंडारे हुए। पुवायां-उदारा लिंक मार्ग रेलवे स्टेशन के निकट मधु क्लीनिक के संचालक डॉ आनन्त कुमार व उदारता क्षेत्र पंचायत सदस्य व उनकी धर्म पत्नी गुजरेश सिंह ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरित करते हुए जन कल्याण सुख समृद्धि एवं सामाजिक सौहार्द की मंगल कामना की और यहां पर सैकड़ो श्रृद्धालुओं ने शामिल होकर



हलवा, पूरी, सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। जेष्ठ माह के चौथे मंगलवार के दिन हनुमान जी की श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना को अत्यंत शुभ मानते हुए नगर पंचायत निगोही देवी मंदिर निकट बालाजी मंदिर एवं हनुमान मंदिर हमजापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस दौरान भक्तों ने नियमानुसार हनुमान जी का पूजन-अर्चन किया और अपनी श्रद्धा के अनुसार क्षेत्र के मंदिरों में दान व जरुरतमंदों की मदद कर भंडारे का आयोजन किया। धार्मिक मानता है कि बड़े मंगल के दिन व्रत रखने से और हनुमान जी की आराधना करने से जीवन के समस्त संकट दूर हो जाते हैं।

# बाजार में अधिकांश बिक रहा है एक्सपायरी फूड प्रोडक्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** नगर के मुख्य बाजार ही नहीं बल्कि मोहल्लों की गलियों की छोटी छोटी दुकानों पर भी, नमकीन, चिप्स तथा अन्य खाद्यपदार्थ पैकिंग में एक्सपायरी डेट के खुलेआम बिक रहे हैं। इस मामले में जब भी विक्रेता से बात की जाए तो जवाब मिलता है कि सेल्समैन दे जाते है। छोटे छोटे बच्चों को आकर्षित करते पैकेजिंग फूड तीन तीन माह पुरानी एक्सपायरी डेट के बाजार में भरे पड़े है। मैन्युफैक्चर अपना माल बाजार में बिकवा कर अपनी तिजोरियां भर कर बच्चों के स्वस्थ के साथ खिलवाड़ कर रहे है। परी फूड द्वारा




मैन्युफैक्चरिंग किया, परी टाइम बॉम्ब मसाला मंच, पांच रुपए बिक्री का यह स्नेक पैकेट, १ दिसंबर २०२४ को पैकिंग किया गया और इसकी एक्सपायरी डेट ३० मार्च २०२५ है। जबकि वहीं दूसरा प्रोडक्ट टू यमी चिप्स कश्मीरी चिल्ली १० बिक्री का यह रंगीन पैकेट ९ जनवरी २०२५ को पैक किया गया जबकि यह ८ मई २०२५ को एक्सपायर हो चुका है परंतु दुकानों पर इसे खुलेआम बड़े पैमाने पर बाहर पैकिंग कर जम के बिक रहा है।

# साइकिल परिवार की होती आर्थिक मित्र: डीडीओ

### विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में २५ किमी साइकिल राइड का आयोजन

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** साइकिल क्लब के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में पच्चीस किमी साइकिल राइड का आयोजन कैंट स्थित आर्मी गेट से किया गया। इस अवसर पर राइड का शुभारंभ करते हुए जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा के भाई शिव प्रकाश वर्मा ने कहा कि शाहजहांपुर साइकिल क्लब की स्थापना का उद्देश्य शहर को उसके ऐतिहासिक गौरव से भी जोड़ना है। शहर शाहजहांपुर अपनी प्राक्रतिक विविधिता, हरित आवरण, नम और हरित भू परिदृश्य के लिए जाना जाता था। बढ़ते ऑटोमोबाइल और वाहनों ने यहां सिर्फ प्रदूषण ही छोड़ा है, जिससे निपटने के लिए साइकिल को बढ़ाया जाना जरूरी था। यही नहीं अपितु साइकिल परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुधरती है तथा इसके स्वास्थ्य संबंधी फायदे लाजवाब है। मॉर्निंग वॉकर्स क्लब के अध्यक्ष डा अनिल त्रेहन ने कहा कि एक अनुसंधान के मुताबिक अगर कोई तीन महीने तक पंद्रह किमी रोजाना साइकिल चलाता है तो उसका स्टेमना लेवल दस साल पहले की उम्र में पहुंच जाता है। यह हार्ट, डायबटीज, ब्लड प्रेशर का रामबाण इलाज है। डीडीओ पवन कुमार सिंह ने बताया कि साइकिल परिवार की आर्थिक मित्र है। अगर बाइक्स और कार की जगह इसका उपयोग किया जाए तो छोटी छोटी बचते, भविष्य में बड़ी हो जाती है। यह अच्छा है कि इस क्लब में तकरीबन सौ से ज्यादा सक्रिय सदस्य इससे जुड़े है जो प्रत्येक रविवार को सामूहिक रूप से भी साइकिल राइडिंग करते है। इसके अतिरिक्त यह साइकिल क्लब आनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से विश्व के बड़े शहरों की साइकिल एसोसिएशन से भी जुड़ा हुआ है जिसके क्रम में पचास एवं सौ किमी की साइकिल राइडिंग की प्रतियोगिताएं समय समय पर आयोजित की जाती है। क्लब द्वारा सामूहिक रूप से भी लंबी दूरी की यात्राएं की गई है। आज की विशिष्ट राइड का आयोजन आर्मी गेट से शुरू होकर रिंग रोड से तक बाबा त्रिलोकीनाथ मंदिर परिसर तक किया गया। इस अवसर पर क्लब के संस्थापक डा विकास खुराना, जितेंद्र नाथ गुप्ता एडवोकेट, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र गंगवार, महासचिव मोहित मेहरोत्रा, डा विकास पांडेय, सरदार राजू बग्गा, अमित श्रीवास्तव, आरिफ खान, अल्वीया खान, डा शाहजेब खान, इंद्रजीत सचदेव, संतोष महेंद्रू आदि लोगों ने राइड में प्रतिभाग किया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान उल्लेखनीय पहल: मिथिलेश

### कृषि विभाग के विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** कृषि विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने किसान बंधुओ से संवाद कर किसानों को किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होने बताया यह अभियान कृषि क्षेत्र में विकास एवं नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है जिससे किसानों का सशक्तिकरण किया जाएगा। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत देशभर के कृषि वैज्ञानिक अब सीधे खेतों में पहुँचकर फसल उत्पादन बढ़ाने में किसानों की मदद करेंगे। आधुनिक विज्ञान और




तकनीक के जरिए उन्नत खेती की जानकारी गाँव-गाँव तक पहुँचाई जाएगी। ये वैज्ञानिक सिर्फशोधकर्ता नहीं, बल्कि आपके भरोसेमंद कृषि सहयोगी हैं जो खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए किसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अभिताभ सिंह, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र मिश्रा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय यादव, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ एनपी गुप्ता, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ एनसी त्रिपाठी, भूमि संरक्षण अधिकारी आरपी राणा, यज्ञदेव बाजपेई, प्रधान सोनू बाजपेई, पूरन मिश्र, प्रद्युम्न शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने गांजा में एक को धरा



**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीओ पुवायां के पर्यवेक्षण में रविवार को कोतवाल हरपाल सिंह बालियान को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कलंदरगंज मार्ग बाईपास पर ओवर ब्रिज के ऊपर एक व्यक्ति खड़ा है जिसके पास कुछ मादक पदार्थ है मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके पास एक झोला बरामद किया जिसमें १ किलो २५० ग्राम चिपड़ा हुआ गांजा निकला। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना नाम तसव्वर खान निवासी कोराकुइया थाना सिंधौली बताया है।

# लहिया बाबा स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** तहसील के गंगसरा गांव में स्थित प्राचीन लहिया बाबा शिव मंदिर प्रांगण में गुप्ता परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत भगवान शिव को भोग अर्पित कर की गई, जिसके बाद कन्याओं को भोज कराया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गंगसरा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ-साथ गंगसरा मार्केट के व्यापारियों ने भी प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति व सौहार्द का माहौल देखने



को मिला। इस पुण्य कार्य का आयोजन सर्वेश गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी ममता गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजक सर्वेश गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द बनाए रखना और युवा पीढ़ी को भी धर्म व संस्कारों के प्रति प्रेरणा मिल सके। इस अवसर पर सर्वेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, महेश गुप्ता, नन्हेलाल गुप्ता, रवि गुप्ता, पुरुषोत्तम मिश्रा, मनोज प्रजापति, प्रदीप प्रजापति आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लखनऊ पुलिस ने कुर्की का नोटिस किया चस्पा

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** न्यायालय से फरार चल रहे आरोपित के यहां लखनऊ की पुलिस से छापा मारकर कुर्की किए जाने का नोटिस आवास पर चस्पा किया। सोमवार की रात लखनऊ के थाना गाजीपुर के दरोगा पवन कुमार तथा सिद्धांत सिंह अपनी टीम के साथ नगर के एक मोहल्ला में पहुंचे उन्होंने यहां पर रहने वाले पवन की आवास पर छापा मारा लेकिन वह नहीं मिला उसकी अनुपस्थिति में उन्होंने उसके भाई को बताया कि पवन के पास १९९३ में चोरी की बाइक बरामद हुई थी जिसका मुकदमा लखनऊ में चल रहा है लेकिन पवन न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा इस संबंध में कई बार वारंट भी जारी हो चुके हैं। उन्होंने कुर्की का नोटिस मकान के दरवाजे पर लगाते हुए कहा कि यदि शीघ्र पवन न्यायालय में हाजिर नहीं होता तो अग्रिम कार्रवाई के रूप में मकान के सामान कुर्की की जाएगी।

# जीएफ में होगा आज वाइवा

**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में कल ४ जून को बीए ६ सेमेस्टर के प्रथम बैच का वाइवा प्रात: ८.०० बजे से और दूसरा बैच का वाइवा १२ दोपहर से प्रारंभ होगा।महाविद्यालय के बीए ६ सेमेस्टर अंग्रेजी के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समय से उपस्थित हों।यह जानकारी अंग्रेजी विभागाध्यक्ष खलील अहमद ने दी।

# डीएम ने जनसुनवाई में सुनी जनता की समस्याएं

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हनुमान भक्तों ने कन्या पूजन कर किया भंडारे का आयोजन

**शाहजहांपुर।** श्री बृजेश्वर नाथ हनुमान सेवा समिति( रजि. ), बृज विहार कॉलोनी के तत्वावधान में प्रथम विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हनुमान भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा की शुरुआत होने से पूर्व सभी हनुमान भक्तों ने कन्या पूजन कर कन्या भोज का कार्यक्रम किया, जिसमें सभी बृज विहार वार्ड वासियों व कॉलोनी वासियों ने भाग लिया और इस पवित्र आयोजन को सफल बनाया और शाम ७ बजे बृजधाम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन कर महाप्रसाद में आम पनाह और हलवे का वितरण किया गया! इस अवसर पर हनुमान जी की भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान जी की भक्ति करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और उनकी कृपा से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। भंडारा एक ऐसा आयोजन है जिसमें लोग एकत्रित होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं और भगवान की कृपा प्राप्त करते हैं। हनुमान जी की भक्ति करने से व्यक्ति को शांति और सुख की प्राप्ति होती है। उनकी कृपा से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। भंडारा और पूजन समाज के लिए बहुत आवश्यक है, इससे लोगों को एकत्रित होने और सामाजिक बंधन मजबूत करने का अवसर मिलता है। हनुमान जी की भक्ति करने से व्यक्ति को जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उनकी कृपा से व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। प्रभु की कृपा से सभी भक्तों ने बालाजी महाराज का पूजन चोला चढ़ाया, जिसमें वार्ड के अधिक से अधिक लोग सहभागी रहे। इस अवसर पर हजारों हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसमें निगम के नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्रा, संजीव मिश्रा, आशीष भदौरिया, पंकज भदौरिया, कृष्ण गोपाल गुप्ता, संजीव गुप्ता, पार्षद रामबरन सिंह चंदेल, अनुराग शुक्ला, पवन सिंह, लल्ला भैया,सुभाष मिश्रा, सर्वेश शुक्ला, प्रेम कुमार अरोड़ा ,सौरभ पांडे, टिंकू प्रधान,अरुण कठेरिया, विपुल, आकाश, धर्मेन्द्र सिंह आदि हनुमान भक्त उपस्थित रहें। सभी ने हनुमान जी की भक्ति और प्रसाद का आनंद लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारा आयोजन समिति ने सभी उपस्थित हनुमान भक्तों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता और सौहार्द का वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। जय श्री राम! जय हनुमान! भंडारा में आप सभी का स्वागत है! आइए और प्रसाद ग्रहण कीजिए! इस प्रकार के आयोजन से समाज में प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना रहता है और हनुमान भक्तों को एक साथ आने का अवसर मिलता है।

# सत्ता के संरक्षण में खनन माफिया किसानों के पैतृक खेतों में जबरन जेसीबी से करवा रहे मिट्टी का खनन

### शिकायतों पर क्षेत्रीय अधिकारी हो जाते हैं मौन, मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचेगा अवैध खनन का मामला

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र में राजनैतिक संरक्षण प्राप्त खनन माफिया के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे किसी के भी खेत में जब चाहे तब जबरन मिट्टी का खनन कर लेते हैं। खेत स्वामी की शिकायत पर क्षेत्रीय अधिकारी बेवशी में खामोश हो जाते हैं। ताजा मामला कलान तहसील के ब्लॉक मिर्ज़ापुर की ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के मजरा कटैला नगला का है। ग्राम कटैला नगला के मूल निवासी (हाल निवासी मिर्ज़ापुर) शिवशंकर दीक्षित पुत्र रामेश्वर दयाल दीक्षित के ग्राम कटैला नगला स्थित ढाई बीघा खेत में



माफिया के जबरन मिट्टी खनन करवाए जाने का है। बीती २८ मई को ग्राम कटैला नगला स्थित शिवशंकर दीक्षित के खेत में खुद को पीडब्ल्यूडी का ठेकेदार बताने वाले प्रदीप कुमार यादव ने जबरन जेसीबी से मिट्टी का खनन करके तालाब बना दिया। खेत में मिट्टी खनन करवाए जाने की सूचना पर जब मौके पर पहुंचे खेत स्वामी शिवशंकर दीक्षित को खनन माफिया ने सत्ता पक्ष के एक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि का वास्ता देकर धमकी दी कि तुम कहीं भी चले जाओ मेरा कुछ नहीं कर सकते। पीड़ित किसान शिवशंकर दीक्षित ने सोमवार को मामले की शिकायत एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह से की। एसडीएम ने भी मामला सत्ता पक्ष के खनन माफिया का होने की वजह से अवैध खनन की जांच करवाने का आश्वासन देकर पीड़ित को टरका दिया। पीड़ित के खेत में जेसीबी से अवैध खनन होने का वीडियो वायरल होने के बाद माफिया और उसके गुर्गे वीडियो वायरल करने और शिकायत करने वाले खेत स्वामी को तरह तरह की धमकी दे रहे हैं। वहीं पीड़ित किसान का कहना है कि सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि के नाम से अवैध खनन करवाने वाले माफिया की शिकायत एसडीएम से कर दी है। एसडीएम से न्याय नहीं मिलने पर डीएम और एसपी से न्याय की मांग की जाएगी। फिर भी न्याय नहीं मिलने पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के माध्यम से मुख्यमंत्री के दरबार में अवैध खनन की शिकायत कर न्याय की मांग की जाएगी। आरोप है कि सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि के संरक्षण में हो रहे मिट्टी और बालू के अवैध खनन में क्षेत्रीय पुलिस और प्रशानिक अधिकारियों के साथ ही जिला खनन अधिकारी का भी सहयोग रहता है। जिससे खनन माफिया के हौंसले बुलंद हैं।

# पति पर पत्नी को जिंदा जलाने का आरोप, इलाज के दौरान मौत

## कार में पत्नी को छोड़कर भाग गया पति, मायके पक्ष ने कराया था भर्ती

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। जनपद हरदोई में पति पर पत्नी को जिंदा जलाने का आरोप लगा है। आरोपी उसको कार से शाहजहांपुर के मेडिकल कालेज ला रहे थे। पुलिस को जानकारी मिलते ही आरोपी महिला को कार में छोड़कर भाग गए। मायके वालों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। वहां मंगलवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके वालों का आरोप है कि पति दहेज में १ लाख रुपए और कार मांग रहा था। २८ मई की सुबह महिला को मायके से अपने घर बुलाया। २ घंटे बाद ही पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शाहजहांपुर के थाना मदनापुर के गांव फजिलपुर निवासी शालू सिंह (२५)का ४ साल पहले उसकी शादी हरदोई के थाना पचदेवरा क्षेत्र के सिसोंगा गांव में रहने वाले श्याम सिंह से हुई थी। शादी के बाद से पति शालू को प्रताड़ित करने लगा था। शालू पर मायके से १ लाख रुपए और कार लाने का दबाव बनाने लगा। इस कारण कई बार मायके वालों ने पुलिस से शिकायत भी की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी पति प्राइवेट जॉब करता है। आरोपी के पिता कुंवर बहादुर सिंह किसान है। उसकी दो बहनें हैं। मृतका की दो बेटियां आन्या (२), सान्या (३) हैं। मृतका के भाई धीरेंद्र का आरोप है कि १० मई की उसकी चचेरी बहन की शादी थी। ९ मई को ससुर



शालू को मायके में छोड़कर गए थे। तब से वह हमारे पास ही रह रही थी। २८ मई की सुबह करीब ८ बजे पति का फोन आया। उसने अपने नाना की तबीयत खराब का कहकर बहन को अपने घर बुलाया। वह शालू को उसकी ससुराल छोड़कर घर लौट रहा था। करीब २ घंटे के अंदर गांववालों ने खबर दी कि शालू को आग लगा दी गई है। इसके बाद हम लोग बहन की ससुराल पहुंचे, लेकिन हमें वहां कोई नहीं मिला। ससुराल वाले बहन शालू को घायल हालत में शाहजहांपुर के अस्पताल में भर्ती कराने निकल चुके थे। इसके बाद मेरे पिता ने डायल- ११२ पर सूचना दी। जब पुलिस का फोन शालू के पति के पास पहुंचा, तो वह कांट रोड पर कार के अंदर शालू को छोड़कर भाग गया। इसके बाद मायके वालों ने वहां पहुंचकर शालू को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उसके बाद बरेली रेफर किया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर लखनऊ रेफर किया गया। लेकिन, लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई। बहन ने उसको बताया था कि जब उसको आग लगाई थी, तब उसने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस को फोन पर पूरी जानकारी दी, लेकिन पुलिस ने मदद करने की जगह जवाब दिया कि अभी खाना खा रहे हैं। खाना खाने के बाद आएंगे। शालू के घरवालों ने बताया पति के आग लगाने से बेटी करीब ७० फीसदी जल गई थी। इससे पहले कई बार प्रार्थना पत्र दिए, कई बार पंचायतें की, लेकिन पति दहेज में कैश और कार की मांग करता रहा। भाई ने कहा कि मेरे पिता के पास इतना पैसा नहीं था कि वह कार दे पाते। भाई ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीओ ने बताया मृतका के मायकेवालों की ओर से तहरीर दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जल्द ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बाघ ने बछड़े पर हमला कर किया घायल

## खुटार कस्बे के किनारे बाघ के आने से नागरिको मे दहशत का माहौल

खुटार( स्वतंत्र भारत )। नगर से सटे गोला रोड स्थित महुरैया में बीती रात बाघ ने एक बछड़े पर हमला कर दिया। बछड़े की चीखने की आवाज सुनकर मकान स्वामी जाग गया और उसने घर के बाहर निकलकर टार्च की रोशनी डालते हुए देखा, तो बाघ बछड़े को खींचकर ले जा रहा था। जिस पर हो हल्ला करने पर बाघ बछड़े को घायल कर भाग गया। खुटार कस्बे से सटे महुरैया गांव निवासी पीथीराम ने बताया कि बीती रात वह अपनी गाय बछड़े को दरवाजे पर बांधकर घर के आंगन में सो रहे थे कि अचानक रात ३ बजे बछड़े की चीख सुनाई दी। जिस पर वह लाठी, टार्च लेकर घर के बाहर निकले, तो देखा कि बाघ बछड़े को खूंटे से खींच कर ले जा रहा था। जिस पर उन्होंने पास पड़ोस रहे रहे लोगों को बुलाने के लिए हो हल्ला मचाया। जिस पर पास पड़ोस के रहने वाले लोग भी जाग गए और शोर मचाने लगे। जिस पर बाघ बछड़े को घायल कर छोड़कर चला गया। ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि बाघ आए दिन खेतों में चहल कदमी करता हुआ दिखाई देता है। जिस पर वन विभाग को कई बार सूचना भी दी गई। लेकिन सूचना के बावजूद भी कोई वनकर्मी मौके पर आने की जरूरत नहीं समझता है। किसानों का कहना है कि खेतों में खड़ी मक्के की फसल में ही बाघ अपना डेरा जमाए बैठा है। जिससे वन विभाग कोई अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है।

### बनकटा मोड पर भी देखा गया बाघ

खुटार। गोला रोड बनकटा मोड़ के पास भी बीती रात बाघ को चहल कदमी करते हुए रोड किनारे देखा। जिससे लोगों में बाघ की दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि वन विभाग की उदासीनता के चलते ही बाघ जंगल में ना जाकर खेतों में डेरा जमाए बैठा है। जिससे किसी भी समय कोई अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# महिलाओं को पीट रहे दबंग, वीडियो वायरल

शाहजहांपुर। महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए कुछ लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जोकि थाना कांट का बताया जा रहा हैं। बताया जा रहा कि दबंग किस्म के लोग एक युवक के मकान के पास खंभा लगा रहे थे कि महिलाओं ने विरोध किया, तो उन्हें पीटा गया। फिलहाल पुलिस तहरीर आने की बात कह रही है। थाना कांट क्षेत्र में बिजली का खंभा लगाने को लेकर दबंगों ने महिलाओं पर हमला कर दिया। घटना भित्तिया पौंकी गांव की है। विनिता नाम की महिला अपने मकान का निर्माण करा रही थी। दबंग लोग उनके मकान की दीवार से सटाकर बिजली का खंभा लगाने की कोशिश कर रहे थे। सोमवार दोपहर जब विनीता ने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आई उनकी भतीजी सुहानी को भी गंभीर चोटें आईं। घटना के समय पीड़िता के घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। हमले में कुल तीन महिलाएं घायल हुईं। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। किसी ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो सोमवार की देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान से किसानों को होगा फायदा

## खुटार के गांव नरौठा हंसराम में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

खुटार( स्वतंत्र भारत )। विकसित कृषि संकल्प अभियान से किसानों को तमाम तरह के फायदे हो रहे हैं। जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है और किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं खुटार ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने कृषि विभाग की ओर से खुटार के गांव नरौठा देवीदास में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम सूर्य योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई। जिससे हजारों करोड़ों किसान



लाभान्वित हुए हैं। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसानों के कल्याण को देखते हुए तमाम योजनाएं चलाकर उन्हें लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। ऐसे में किसान काफी खुश नजर आ रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की पूर्ण किस्त एवं प्रधानमंत्री सूर्य योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देव पटेल, मुनीश कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# खुले में पशुओं की कुर्बानी नहीं की जाएगी: थानाध्यक्ष

## थाना परिसर में सम्पन्न हुई पीस कमेटी मीटिंग

खुदागंज-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। थाना परिसर में थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में पीस कमेटी की मीटिंग हुई। मीटिंग के दौरान थानाध्यक्ष ने बकरीद पर शांति बनाए रखने की क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि खुले में पशुओं की कुर्बानी नहीं की जाएगी, त्यौहार पर पुलिस सख्त हिदायत के बावजूद आदेश न मानने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। खुदागंज थाना परिसर में दिन मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी ने दौरान सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बकरीद के त्यौहार पर खुले में पशुओं की कुर्बानी नही होगी। किसी भी पशु की कुर्बानी खुले में नहीं की जाएगी। अगर इस तरह के खुले में कुर्बानी की गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी



सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि त्यौहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाये यदि कहीं दिक्कत आती है तो उसे आपस में ही बैठकर समझे यदि न सुलझ पाये तो पुलिस को तुरंत सूचना दें। अराजकता अशांति पैदा करने वालो को किसी भी सूरत मे छोड़ा नही जायेगा उसके खिलाफकार्रवाई की जायेगी। त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाये। जहाँ भी परेशानी हो पुलिस को तत्काल सूचित करें। एवं पुलिस की असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी, सभासद सौरव गुप्ता, विनोद सिंह, मान्वेंद्र सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दीपक राठौर, दीपपुर मस्जिद के इमाम इस्लाम हाफ़िज़, ग्राम प्रधान पति दीपपुर ज़मीर हसन अंसारी, तालिब खान, मोहम्मद अनिश, नईम अन्सारी, ताहिर अली, ग्राम प्रधान याकूब अली, जलालपुर ग्राम प्रधान फरहान आलम, राजू भाई दीपपुर, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# समस्याओं का समाधान नहीं होने पर भाकियू ने शुरु किया धरना



तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। जनहित की कई समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता तहसील में धरने पर बैठ गए। नायब तहसीलदार मनु माथुर ने वार्ता की लेकिन वार्ता सफल नहीं हुई और धरना जारी रहा। मंगलवार को तहसील अध्यक्ष गेंदन लाल लोधी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील में एकत्र हुए। युवा जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह लोधी ने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल निगम द्वारा सड़क खोद कर डाल दी गई है इन्हें अभी तक नहीं ठीक किया गया। हाईवे पूर्वी तरह पर अंडर पास या फिर ओवर ब्रिज नहीं बनने के कारण लोगों की जाने जा रही है। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं को लेकर कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। देर शाम नायब तहसीलदार मनु माथुर किसान नेताओं से वार्ता करने पहुंचे लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला और किसान नेताओं ने धरना समाप्त नहीं किया। इस दौरान वीरपाल वर्मा, राम नरेश, ओम प्रकाश, विश्वनाथ सिंह, सुनील कुमार, राजवीर सिंह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में महिला सहित दो लोग घायल

तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क दुर्घटना में अलग अलग जगह पर एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया यहाँ प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर नगरिया निवासी बहादुर पत्नी उर्मिला के साथ कचियानीखेड़ा हनुमान मंदिर से प्रसाद चढ़कर बाइक से घर जा रहे थे! शाम चार बजे मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक पर सवार महिला उर्मिला गंभीर रूप से घायल हो गई और बाइक चालक बहादुर के हल्की चोट लग गई।बही इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गांव जन्यूरी निवासी आकाश तिलहर बाजार से सामान खरीद कर बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में शाम करीब ५:३० बजे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े एक पेड़ से टकर हो गई बाइक चालक घायल हो गया! लोगों ने इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# हिंदू समाज को जागृत करने हेतु निकाला पथ संचलन

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी बृज प्रांत के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस मंगलवार को क्षेत्र संयोजिका दुर्गा वाहिनी बहन रीना शर्मा के नेतृत्व में सभी दुर्गावाहिनी बहने संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर से पैदल संचलन कर ग्रीन वैली चौराहा से होते हुए हनुमत धाम पर पहुंचे। जहां पर दुर्गा वाहिनी की बहनों ने हनुमान चालीसा व हनुमान आरती के उपरांत क्षेत्र संयोजिका रीना ने कहा कि देश में आज समय की जरूरत है कि हमारे हिंदू समाज की बहने मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी से जुड़े और भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति



को मजबूत करें और कट्टरपंथियों वामपंथियों के मंसूबों को समाप्त कर लव जिहाद जैसी घटनाओं को रोकने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। दुर्गा वाहिनी के प्रत्येक वर्ष होने वाले प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन इस वर्ष बलदानियों की धरा शाहजीपुर महानगर के संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहा है, जिसमे बृजप्रांत के विभिन्न जिलों की दुर्गावाहिनी बहने सम्मिलित हैं, जो विभिन्न प्रकार के शारीरिक अभ्यास व भारतीय संस्कृति की जानकारी का अभ्यास कर अपने-अपने स्थान पर भारतीय संस्कृति को मजबूत करने का कार्य करेंगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग द्वारा आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।५ जून को विश्व पर्यावरण दिवस है इस अवसर पर वन विभाग द्वारा अपनी पांचो रेंजों में वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का भी सहयोग लिया जाएगा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा।विभाग के उप प्रभागीय निदेशक डॉक्टर सुशील कुमार के अनुसार पांचो रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आम जनमानस के साथ स्कूली बच्चों का सहयोग भी लेने का आदेश दिया गया है। वर्षा ऋतु के दौरान जनपद को कुल ५६ लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है इसमें से १२ लाख वन विभाग को तथा शेष सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित किया गया है। विभाग द्वारा सहजन के वृक्षों को ज्यादा से ज्यादा रोपण करने की योजना है। सहजन का वृक्ष औषधीय वृक्ष की श्रेणी में आता है।

# अंडर पास की मांग कर रहे ग्रामीणों का धरना २८वें दिन भी जारी

भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )। विकासखंड भावलखेड़ा के चौढेरा गांव के ग्रामीणों द्वारा अंडरपास बनाए जाने को लेकर किया जा रहा धरना आज २८ वे दिन भी जारी रहा। ग्रामीण चौढेरा गांव के समीप से निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरने पर बैठे हैं। १२ मई को सिटी मजिस्ट्रेट और एनएचआई के परियोजना डायरेक्टर ने धरनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता कर अंडर पास बनाए जाने का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी कीमती जमीन राजमार्ग में चली गई ग्रामीणों को अपने खेतों पर जाने के लिए, मवेशियों को ले जाने के लिए और अंत्येष्टि स्थल तक जाने के लिए एक अंडर पास की आवश्यकता है। ग्रामीण इसी मांग को लेकर ६ मई से धरने पर डटे हैं। अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है अंडरपास के लिए कोई काम शुरू नहीं किया गया है ग्रामीणों का कहना है जब तक अंडर पास नहीं बनाया जाएगा वह धरने पर बैठे रहेंगे।

# पुलिस ने दो अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार

## एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर भेजा जेल

मीरापुर कटरा-शाहजहांपुर। कटरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंडिनिया पुलिया के पास से दो मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार। पकड़े गए मादक पदार्थ तस्करों ने पुलिस को अपना नाम विकास मिश्रा निवासी ग्राम कुलआबौज थाना जैतीपुर, अनिल कुमार निवासी ग्राम कचरा खगई थाना मूसाझाग जिला बदायूं बताया है। पुलिस ने विकास मिश्रा के पास से ४०० ग्राम, अनिल कुमार के पास से ४५० ग्राम कुल ८५० ग्राम अफीम बरामद की है। पकड़े गए मादक पदार्थ तस्करों ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि हम दोनों



यह अफीम नन्हे निवासी ग्राम त्रिकुनिया थाना मूसाझाग जिला बदायूं से लेकर आए थे और भारत निवासी ग्राम लहार थाना भमौरा जनपद बरेली को देने जा रहे थे कि तभी पुलिस ने हमें पकड़ लिया। इस काम में जो पैसा हमें मिलता था उसे पैसे को हम अपने जीवन यापन पर खर्च कर देते थे। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है कि पकड़े गए मादक पदार्थ तस्करों के पास से ८५० ग्राम अफीम, एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल बरामद की गई है। तस्कर विकास मिश्रा, अनिल कुमार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### १७ दिन बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

मिर्ज़ापुर। कस्बा निवासी विशाल गुप्ता पुत्र विनोद कुमार गुप्ता उर्फगबड़े लाल गुप्ता ने थाने पर दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती १६ मई दिन शुक्रवार को प्रातः समय लगभग दस बजे अपने घर से हीरो स्प्लेंडर ब्लैक कलर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर न्यू २७ठड ९४६७ जो कि अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र यशपाल सिंह के नाम रजिस्टर्ड है। मैं बाइक को लेकर अपने निर्माणधीन शोरूम पर बाइक खड़ी करके कार्य प्रगति देखने के लिए ऊपर चला गया। जब मैं कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन की लेकिन आज तक कोई -पता नहीं चला। थाना अध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक



शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देश के क्रम में बाल विवाह प्रतिषेध एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु मंगलवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा विकास खंड तिलहर के ग्राम पंचायत भुडेली व ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर में बाल विवाह प्रतिषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से बाल विवाह, बाल श्रम आदि की जानकारी दी गई। जिसमें जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप वन स्टाप सेंटर योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर योगेंद्र प्रताप सिंह द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर १०९८, एवं अन्य सभी टोल फ्री नंबर ११२, १०९०, १८१, १०८, १०२ आदि टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रजमा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ऋषभ ने क्षेत्र समाज और जनपद का बढ़ाया मान: मुनीश

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। देश के बहुत ही प्रतिष्ठित संस्थान एलन इंस्टिट्यूट से तिलहर क्षेत्र क्षेत्र के गांव बेहटा मुरादपुर विकासखंड जैतीपुर के एक किसान का बेटा थानेश्वर सिंह के पुत्र ऋषभ सिंह ने भी क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है देश की सबसे कठिनतम एवं प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड को उत्तीर्ण कर यह दिखा दिया है की किसान का बेटा भी अपनी मेहनत और लगन से सब कुछ कर सकता है। ऋषभ सिंह की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा तिलहर के सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल से हुई है उसके बाद वह आईआईटी की कोचिंग करने



एलन इंस्टिट्यूट कोटा राजस्थान चले गए। ऋषभ के पिता थानेश्वर सिंह एक साधारण किसान हैं और चाचा राजेश्वर सिंह एडवोकेट हैं, चाचा राजेश्वर सिंह ने ही ऋषभ को आईआईटी के लिए प्रेरित किया था और आज वह सफल हो गए। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा शाहजहांपुर के प्रधान जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट ने कहा कि थानेश्वर सिंह के पुत्र ने आईआईटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र जनपद समाज का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है वह बधाई के पात्र है।

# पुवायां: खुलेआम हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

पुवायां-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। पुवायां में इस समय खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। पुवायां नगर में राजीव चौक, निगोही रोड, शाहजहांपुर रोड, मोहम्मदी रोड एवं जेवां रोड पर मिट्टी से भरी ट्रालियां सुबह से शाम तक गुजरती रहती हैं जिन्हें सड़क पर अधिकारी देखकर भी आंख बंद कर लेते हैं। जिले के अधिकारी लगातार कार्रवाई कर रहे हैं लेकिन तहसील स्तर पर बैठे कर्मचारी को मिट्टी खनन नहीं दिखता। मजे की बात यह है कि जिले के अधिकारी को पता चल जाता है कि कहां मिट्टी खनन हो



रहा है लेकिन तहसील स्तर के अधिकारी के सामने ट्रालियां गुजरती रहती है लेकिन उन्हें पता ही नहीं कि यह खनन कहां हो रहा है। जानकर भी अनजान बने हुए हैं। जेवां रोड पर निकट रामलीला ग्राउंड के पास मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। उसी समय कोतवाल पुवायां के सीयूजी नंबर पर कॉल की गई लेकिन उनका नंबर नॉट रीचेबल था। इससे पता चलता है कि पुलिस के संरक्षण में मिट्टी का अवैध खनन किया जाता है। प्रायः देखा जाता है कि मिट्टी से भरी ट्रालियों से कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं लेकिन प्रशासन फिर भी नहीं चेत रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में दुर्घटनाएं होने के बाद भी मिट्टी का अवैध खनन कैसे बंद किया जाए जिससे दुर्घटनाएं ना हो। मिट्टी खनन होने को कई बार शिकायत की जाती है लेकिन तहसील स्तर के अधिकारी इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझते है। जिससे उनकी कार्यशैली पर सवालियां निशान लगना लाजिमी है।


**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. पुवायां-शाहजहांपुर**

पत्रांक : 150/प्र.प्र./25-26 दिनांक : 03.06.2025

**तिथि संशोधन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मिल समिति के पत्र सं. 85/प्र.प्र./2025-26 दिनांक 26.05.2025 के द्वारा ई-निविदा सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 28.05.2025 को प्रकाशित मिल समिति की निविदा सूचना की तिथियों में संशोधन किया गया है जिसकी विस्तृत सूचना ई-निविदा पोर्टल/संघ की बेबसाइट www.up.nic.in/www.upsugarfed.org पर एन.आई.टी.प्राप्त की जा सकती है।

प्रधान प्रबंधक

# गम्भीर घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा, चार नामजद

## गांव के ही चार लोगों पर हाथ पैर तोड़कर नाले में फेंकने का आरोप

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** दवंगों द्वारा दलित को पीट-पीटकर अधमरा कर नाले में फेंक देने और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो जाने मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना सीओ जलालाबाद को सौंपी गयी है। घटना रविवार देर शाम सिकंदरपुर अफ़ग़ानान सम्पर्क मार्ग की है। आज मंगलवार को शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतक के बीवी, बच्चे गुजरात से चलकर देर रात गांव पहुंचेंगे बुधवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।



थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अफ़ग़ानान निवासी शिवकुमार (३२) पुत्र रामचंद्र को गांव के ही चार लोगों ने रविवार देर शाम सिकंदरपुर रोड पर लाठी डंडों से पीट कर अधमरा कर दिया था हाथ पैर तोड़कर नाले में फेंक दिया था। आरोपियों ने अपनी समझ से मार कर फेंका था लेकिन उसकी सांसे चलती रहीं। रात भर घायल अवस्था में गन्दे नाले में पड़ा रहा, प्रात: लोग सोच को गए तो उन्होंने युवक को नाले में पड़ा देखा जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को नाले से निकालकर थाने पर ले गए जहां से पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया भेज दिया हालत चिंताजनक होने पर डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां सोमवार देर रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

**चीख मारकर जमीन पर गिरी माँ**

पोस्टमार्टम होने के बाद आज मंगलवार शाम लगभग ५ बजे शव घर पहुंचा तो मृतक की मां सोनकली चीख मारकर जमीन पर गिर पड़ीं व बहने एवं भाई का रो रोकर बुरा हाल था। मौजूद लोग उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान उपस्थित प्रबंधक मसीतुल्ला खान ने भी परिजनों को ढाढस बंधाया।

**तीन बच्चे व पत्नी को बिलखता छोड़ गया**

मृतक की मां सोनकली ने रोते हुए बताया कि उसके पति रामचंद्र की ३० वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है छोटे-छोटे बच्चों को उसने खून पसीने से पाल-पोस्कर बड़ा किया है। बड़ा बेटा रामप्रसाद की मौत हो गई है, उससे छोटा सुरेंद्र है, प्रेमपाल उससे छोटा, चौथे नम्बर का मृतक शिवकुमार था व सबसे छोटा श्रीपाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक लगभग डेढ़ माह पहले मां की बीमारी का सुनकर बीवी बच्चों के साथ गुजरात से घर आया था, वह गुजरात में ईंट भट्टा पर अथवा मेहनत मजदूरी करके बच्चे पालता था, घर आने के बाद मृतक शिवकुमार की पत्नी आरती अपने तीन बच्चों को लेकर गुजरात लौट गई थी लेकिन शिवकुमार ने कुछ और दिन अपनी मां के पास रहने की इच्छा जताई थी। रविवार शाम वह अपने कार्य स्थल गुजरात जाने के लिए बैग लेकर घर से निकला था लेकिन उसे क्या पता था की सिकंदरपुर रोड पर मौत खड़ी उसका इंतजार कर रही है। मृतक के दो बेटे व एक बेटी है सभी बच्चे नाबालिग हैं।

**रंजिशन की गयी युवक की हत्या**

मृतक के भाई सुरेंद्र ने बताया कि मृतक शिव कुमार का अंतिम संस्कार बुधवार को तब किया जाएगा जब उसकी पत्नी व बच्चे आ जाएंगे वह गुजरात से रवाना हो चुके हैं देर रात तक गांव पहुंचेंगे। परिजनों से की गई बातचीत से जो तथ्य निकलकर सामने आए हैं उससे पता चलता है कि एक सप्ताह पूर्व नामजद आरोपी अवधेश से किसी मामले को लेकर झगड़ा हुआ था जिसकी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया है। मामला आशनाई से जोड़कर भी लोग देख रहे हैं।

**मामले की विवेचना सीओ जलालाबाद को सौंपी**

पुलिस ने सोमवार आनन फानन में रात को ही मृतक के भाई सुरेंद्र की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया तथा हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी इस मामले में अभी तक पुलिस को सफलता नहीं मिली है। हत्यारोपियों की तलाश की जा रही है। कोतवाल राजीव कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली है मामले की विवेचना सीओ जलालाबाद को सौंपी गयी है। इधर सीओ जलालाबाद से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# खुटार होकर पीलीभीत जाएंगी यूपी की राज्यपाल

## पुलिस प्रशासन ने मैलानी और पूरनपुर रोड पर घूम रहे निराश्रित पशुओं को दिए पकड़वाने के आदेश

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का काफिला बुधवार सुबह ८ बजे के करीब खुटार से होकर पीलीभीत जनपद के लिए जाएगा। राज्यपाल के आगमन की तैयारी को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। जिसके लिए राज्यपाल के रूट पर पड़ने वाले गांव के आसपास घूम रहे निराश्रित गोवंश को तत्काल पकड़वाने और उन्हें गौशाला में भिजवाने के आदेश दे दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ३ मई को दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत लखीमपुर खीरी जनपद मे हैं। ४ मई को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल लखीमपुर खीरी की पलिया विधानसभा के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय नेशनल पार्क दुधवा में कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात सुबह ८ बजे मैलानी के रास्ते खुटार तिकुनिया चौराहे से होकर जनपद पीलीभीत तक कार से जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। ऐसे में राज्यपाल के कार्यक्रम में कोई व्यवधान पैदा ना हो। इसलिए प्रभारी निरीक्षक खुटार राजेंद्र कुमार रावत एवं खंड विकास अधिकारी खुटार ने मैलानी और पूरनपुर रोड पर पड़ने वाली ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारियों को पत्र जारी कर सड़क के किनारे घूमने वाले निराश्रित गोवंशों को तत्काल पकड़वाकर उन्हें गौशाला में भिजवाने के आदेश दे दिए हैं। इसके बाद मंगलवार को निराश्रित का वंश को हाईवे के किनारे से पकड़वाकर गौशाला में भिजवाने के लिए अभियान भी ब्लॉक के कर्मचारियों को द्वारा चलाया गया।

**सीओ ने राज्यपाल के रुट का किया निरीक्षण**

**खुटार।** बुधवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के खुटार होकर पीलीभीत जाने के कार्यक्रम को देखते हुए मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पुवायां निष्ठा उपाध्याय ने थाना प्रभारी निरीक्षक खुटार राजेंद्र कुमार रावत के साथ मैलानी रोड और पूरनपुर रोड पर जाकर खुटार थाना क्षेत्र की सीमा तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने राज्यपाल के आगमन को देखते हुए सुबह ७ बजे से १० तक उक्त दोनों मार्गों पर आवागमन बंद रखने के भी निर्देश दिए।

# मिथुन बने ब्लाक अध्यक्ष

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** गांव महासिर में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयताबादी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर दयाल कठेरिया के मार्गदर्शन में हरीराम वर्मा जिलाध्यक्ष द्वारा मिथुन कुमार कठेरिया को सिंधौली का ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर मिथलेश कुमार, रामकरन, खड़सारी लाल, नन्हे लाल, मजिस्टर लाल, हरिपाल, ब्रजपाल, राम गुलाम, अमित कुमार, जितेन्द्र कुमार, सर्वेश कुमार आदि दर्जनों तमाम लोगों ने भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

# एनसीसी शिविर सीएटीसी ९३ का छटवां दिन



**शाहजहांपुर।** जवाहर नवोदय के परिसर में एनसीसी सीएटीसी ९३ के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का ६वां दिन था। ब्रिगेडयर संदीप वर्मा, एन सी सी ग्रुप कमांडर, बरेली ने कैंप का दौरा किया द्य एन सी सी कैडेट्स ने गॉर्ड के द्वारा ग्रुप कमांडर को सलामी दी ग्रुप कमांडर ने कैडेट्स को सम्बोधित किया द्य उन्होंने बहुत से विषयों पर कैडेट्स से बातचीत की जिसमें एन सी सी के फायदे, कैंप के दौरान रूटीन, प्रशिक्षण, अच्छे नागरिक की जिम्मेवारियां शामिल रहे ग्रुप कमांडर कैंप में उपस्थित सभी ए एन ओ एस और जेसीओ एस से भी मिले और उनसे बातचीत की द्य इसके पश्चात ग्रुप कमांडर ने कैडेट्स के बरैक और पाकशाला का निरिक्षण किया द्यग्रुप कमांडर कैडेट्स के उत्साह से खुश न?र आये द्य उन्होंने बताया कैंप कमांडर कर्नल एस एस चीमा साहब ने कैडेट्स के भोजन के स्तर पर का?ी जोर दिया है और खाने का स्तर का?ी ऊँचा है द्य इसके पश्चात ग्रुप कमांडर ने फायरिंग रेंज का भी दौरा किया और कैडेट्स का मनोबल ब?ाया। कैडेट्स शिविर का बहुत आनंद उठा रहे है द्य कैडेट्स के मनोरंजन के लिए रोजाना शाम के समय उन्हें प्रेरित करने वाली फिल्मे दिखाई जा रही हैँ

# डीएम से बोली दो बहनें: लला तुम बहुत बड़े राजा हुई जाउ..

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** मंगलवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह अपने कार्यालय पर जन समस्याएं सुन रहे हैं उसी दौरान दो बहनें हाथ में देशी घी का डिब्बा लेकर पहुंची और डीएम से कहा लला तुम बहुत बड़े राजा हुई जाउ..।

मंगलवार का दिन था, समय १२ बजे के करीब था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह जन समस्याएं सुन रहे है। तभी दो महिलाएं उनके कार्यालय में पहुंचती हैं और डीएम का धन्यवाद देती हैं और घर का बना हुआ देशी घी उन्हें देती है। क्योंकि बीते २६ वर्षों से दो बहनें न्याय के लिए दर-दर भटक रही थी, जिनकी ३६ बीघे जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा था। वह अपनी फरियाद लेकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के पास पहुंची थी। जिस पर सख्त कार्रवाई करते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उनकी जमीन को कब्जा मुक्त करवा कर भू अभिलेख में नाम भी दर्ज करवाया तो धन्यवाद देने पहुंची दोनों बहने साथ ही घर का बना हुआ देशी घी भी साथ लेकर पहुंची। दरअसल महिला को २६ वर्ष पुराने वाद में न्याय मिला और मामले का सफल निस्तारण किया गया। यह प्रकरण न्यायिक प्रक्रिया में समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्यवाही का उदाहरण है। जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रशाशन द्वारा नागरिकों को न्याय सुलभ कराने की दिशा में की जा रही सतत् प्रयासों की यह एक सकारात्मक झलक है। उपरोक्त मामला यह दर्शाता है कि प्रशासनिक एवं न्यायिक संस्थाएं नागरिकों के हित में समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं, चाहे वाद कितना भी पुराना क्यों न हो। जिससे डीएम की हर कोई प्रशंसा कर रहा है।

# ९० हजार नगदी सहित युवती भगा ले गया

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते बुधवार को उसकी १९ वर्षीय पुत्री को उसके पड़ोस का दूसरे समुदाय का लड़का शोभित पुत्र सुदेश अपनी बातों में बहला फुसलाकर कहीं लेकर चला गया। काफी तलाश करने पर कहीं पता नहीं चल सका। उसने आरोप लगाया कि उसके घर में रखे ९० रूपए नकद पुत्री अपने साथ लेकर गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू की।

# बारात आई महिला को लाठी डंडों से पीटा

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** थाना क्षेत्र मोहम्मदी खीरी के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी सायरा पत्नी अज्जन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को वह अपने परिवार के साथ थाना सिंधौली के गांव ढकिया रनवास निवासी शौकीन शाह पुत्र आशिक अली शाह के यहां शादी समारोह मे दाबत में आए हुए थे। तभी वहां दूसरा भाई लियाकत पुत्र आशिक अली शाह, संजय पुत्र इशाक अली शाह, नईम व पुत्तू पुत्र इशाक अली शाह, निवासी गांव पॉल थाना मोहम्मदी, खीरी व शबाना पत्नी लियाकत, वसीम आदि लोगों ने बिना वजह हम लोगों को गाली, गलौज करने लगे विरोध करने पर युक्त लोगों ने लाठी डंडों से बुरी तरह मारने पीटने लगे किसी तरह बीच बचाव होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# त्योहार पर कोई नही परंपरा न डालें: थानाध्यक्ष

**जैतीपुर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के तमाम प्रधान और सभ्रांत लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। त्योहार ईद उल अजहा को मद्देनजर रखते हुए थाना प्रभारी गौरव त्यागी द्वारा सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष समुदाय के लोगों को बताया कि आने वाले त्योहार ईद को सावधानी पूर्वक मनाएं किसी भी नए नियम चलन चालू न करें पुरानी जगह पर ही अपनी प्रथा संचालन करें। उन्होंने बताया सड़कों खुली जगहों और गलियों में नमाज अदा न करें जिससे किसी की धार्मिक आस्था को ठेस अथवा विवाद की जड़ न पैदा हो उन्होंने बताया कि ईद वाले दिन किसी भी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट और वीडियो वायरल न करें यदि कोई ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपने घरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी अपील की और बताया कि सीसीटीवी कैमरे आप से लेकर आपके घर तक की सुरक्षा कर करेंगे। इस दौरान उन्होंने कोरोना बीमारी के बारे में भी लोगों को जगरूक किया और बताया कि कोराना की दस्तक लग चुकी है घर और आसपास में साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। इसके पश्चात उन्होंने बताया कि कोई भी घटना या घटना या घटना का संदेह हो हो तत्काल पुलिस को सूचित करें। इस दौरान दिनेश कुमार गुप्ता, संजीव मिश्रा, वीर सिंह, शिव सरन वर्मा, उपनिरीक्षक अलीशेर, सूरज पाल सिंह, प्रमोद कुमार, तरुण सिरोही, वीर हेमन्त, राहुल यादव, इमरान खान, शाकिर खां, सुरेंद्र गुप्ता, गयाराम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को भक्तों ने जगह जगह किये भंडारे

**खुदागंज-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** सनातन धर्म में ज्येष्ठ माह मे किये जाने बाले दान-पुण्य को विशेष महत्व दिया जाता है जिसमे भक्तजनों एवं सेवादारों बड़ चड़ कर भाग लिया,इस दौरान ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को नगर में कई जगहो पर भंडारो एवं शरबत वितरण करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के महादेवन मंदिर पर जहाँ खिचड़ी भोज,द्वारा राहगीरो को प्रसाद के रूप मे बितरीत की गयी तो वही दूसरी तरफनिगोही मोड स्थित श्री नील कंठ इंडेन गैस एजेंसी के स्वामी मनोज अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर खिचड़ी का प्रसाद राहगीरों एवं भक्तजनो को किया गया इसके अलावा मुख्य मार्केट में श्यामभक्तो द्वारा शरबत,पूरी-सब्जी का वितरण किया गया उससे कुछ दूरी पर मूंगफली के प्रसिद्ध व्यापारीयों द्वारा हलवे का प्रसाद भक्तो को प्रदान किया गया। प्रसाद को ग्रहण करने के लिए क्षेत्र भक्तजनों ने भी बढ़चढ कर हिस्सा लिया! हनुमानगली द्वार पर भी मोहल्ले वाशियों द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। सेवा करने बाले भक्तों में पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, विनय त्रिवेदी, पप्पू सिंह, अमित सिंह चौहान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दीपक राठौर, सभासद बालकृष्ण उर्फलाला, पुष्पेंद्र शर्मा, सुमित राठौर, हिमांशु गुप्ता, शिवम गुप्ता, ऐश्वर्य गुप्ता, बबलू शर्मा, मुकेश राठौर, गोपेश अग्रवाल, मुकेश गुप्ता आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

# बोरिंग मैकेनिक की नेपाल में बिजली के करंट से हुई मृत्यु

**जलालाबाद।** तहसील क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी रविंद्र पाल पुत्र गंगाराम बोरिंग मैकेनिक का काम करते हैं कुछ दिन पहले वह नेपाल में बोरिंगकाम के लिए गए नेपाल के वर्दी बाग जनकपुरी गए थे और वही काम कर रहे थे वोरिन्ग का काम करते समय ३१ मई को लोहे के पाइप के ११००० हाई वोल्टेज लाइन में छूने से करंट लगने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। नेपाल में ही उसका पोस्टमार्टम किया गया सूचना पर परिजन वहां पहुंचे.गए और शव को घर पर लाया गया। गांव में शव पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पिता का इकलौटा पुत्र था। पत्नी मोनी का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के दो पुत्र रियांश ५ वर्ष तनिक डेढ़ बर्ष है।

# बड़े मंगल पर संकटमोचन के श्रीचरणों में सेवा का अनुपम संगम

**शाहजहांपुर।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। हवन-पूजन के पावन अनुष्ठान के उपरांत राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस पुण्य कार्य में संस्थान के सदस्यों ने स्वयं अपने कर-कमलों से प्रसाद परोसा। यह केवल भोजन नहीं था, बल्कि भक्तिभाव से भरा हुआ प्रेम, सेवा और संवेदनशीलता का प्रसाद था। हर राहगीर, हर भक्त भोजन के साथ-साथ हनुमान जी की कृपा से परिपूर्ण हुआ। इस आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे: विश्व मोहन बाजपेई हरि शरण बाजपेई, सीमा बाजपेई नीरज बाजपेई अभिषेक बाजपेई आस्था नैमिष मिश्रित सिद्धिमां तीर्थ बाजपेई सहित अनेकों श्रद्धालुगण, जिनकी सेवा भावना ने इस भंडारे को एक दिव्य स्वरूप प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम में राम नाम की गूंज, भजन-कीर्तन, और भक्तों की अडिग आस्था ने ऐसा वातावरण निर्मित किया जो आत्मा को शांति और श्रद्धा से भर दे। जहाँ-जहाँ रामचरण लिए, तहँ तहँ करहिं प्रनाम। संकट मोचन रूप तुम, संकट हरहु हनुमान इस आयोजन के माध्यम से यही प्रार्थना है कि बजरंगबली हम सभी पर कृपा बनाए रखें और हर वर्ष यह सेवा यज्ञ और भी दिव्यता के साथ संपन्न होता रहे

# त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में सहयोग करें: एसपी ग्रामीण

**कलान( स्वतंत्र भारत )।** मंगलवार को थाना मिर्जापुर में आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर एक पीस मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भँवरे दीक्षा अरुण अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) द्वारा की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, गणमान्य नागरिकों तथा पीस कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु अपने विचार साझा किए। एएसपी ग्रामीण भँवरे दीक्षा अरुण द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए बताया कि शाहजहाँपुर पुलिस प्रशासन जनसुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क है। उन्होंने त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने एवं सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की। इसके साथ ही आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने अपील की कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सत्यापन के लिए पुलिस से संपर्क करें। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शाहजहाँपुर पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की एवं समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाने का संकल्प लिया।

**एसपी ग्रामीण ने किया थाने का वार्षिक निरीक्षण**

**मिर्जापुर/कलान।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना मिर्जापुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय,महिला हेल्प डेस्क,मालखाना,मैस, कम्प्यूटर कक्ष,थाना परिसर, कर्मचारी बैरक आदि का भौतिक रूप से भ्रमण कर सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया।साथ ही थाना कार्यालय में प्रचलित अभिलेखों को चैक किया गया और अद्यावधिक करने हेतु निर्देश दिये गये। एसपी ग्रामीण द्वारा थाने पर अभिलेखों के रख-रखाव व साफ-सफाई की प्रशंसा की गयी। उन्होंने निर्देश दिए कि थाने के परिसर में माल मुकदमाती वाहनों को वर्षवार सुव्यवस्थित रूप से रखे जाने एवं ऐसे लावारिस वाहन जो काफी वर्षो से थाने पर खड़े हैं।उनकी नीलामी हेतु नियमानुसार कार्यवाही कराये जाने संबंधी दिशा निर्देश दिये गये।थाने पर शस्त्रों का उत्तम रख-रखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये एवं सभी पुलिस कर्मियों को शस्त्रों की हेंडलिंग आदि का अभ्यास कराया गया और उनकी दक्षता का परीक्षण भी किया गया।थाना मिर्जापुर पर पुलिस बल के साथ गोष्ठी कर आगामी त्यौहारों/चुनावों आदि के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस की कार्यशैली में सुधार के सम्बन्ध में वार्ता करते हुये आगन्तुकों/शिकायतकर्ताओं से शिष्ट/सभ्य व्यवहार करते हुए समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था हेतु थाना मिर्जापुर क्षेत्र मे पैदल गश्त करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाने के वार्षिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद, थाना प्रभारी मिर्जापुर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण थाना कलान पहुंची। जहां उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस टीम के साथ नगर का भ्रमण कर पैदल गश्त किया। इस दौरान उनके साथ जलालाबाद के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनवार अहमद, उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, संजीव कुमार तोमर, सचिन काम्बोज समेत पुलिस टीम मौजूद रही।

# आम का लालच देकर किशोर से कुकर्म

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** आम खिलाने का लालच देकर एक युवक एक किशोर को खेत में ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। पीड़ित युवक ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी हैं लेकिन खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नही की थी। मंगलवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कि सोमवार दोपहर २ बजे गांव का एक युवक उसके १० वर्षीय पुत्र को आम देने का लालच देकर उसे एक खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। किशोर ने घर आकर पूरी घटना से परिजनों को अवगत कराया। इसके बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी हैं। पुलिस ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# बाघों के संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम को लेकर आयोजित की जाएगी कार्यशाला

**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** जनपद में खुटार रेंज में अक्सर बाघों की गर्जना सुनाई पड़ जाती है। यह क्षेत्र पीलीभीत टाईगर रिजर्व से सटा हुआ है। जिसके चलते आए दिन जंगली जानवरों का इस ओर आना जाना लगा रहता है। आए दिन खेतों और जंगलों में रहने वाले मानव और बाघों के बीच संघर्ष के किस्से सुनाई देते है। जंगली जानवरों के हमले आम बात है। इसी को ध्यान में रखकर अब वन विभाग ने अपने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को एक्सपर्ट द्वारा ट्रेंड करने की योजना बनाई है। विभाग ने डब्लू डब्लू एफ वाइड फंड फॅार नेचर यह एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है जो पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करता है। विभाग ने वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया जो भारत में वन्यजीवों और उनके आवासों के संरक्षण के लिए काम करने वाली एक प्रमुख संस्था है। यह संगठन वन्यजीव अपराधों को रोकने, प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति, मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने, और संरक्षित क्षेत्रों की रक्षा जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है। डब्लू टी आई ने भारत में २३ राज्यों में ४० से अधिक संरक्षण परियोजनाओं को स्थापित किया है। इन दोनों संस्थाओं का सहयोग लेकर विभाग बाघों के संरक्षण पर काम करेगा। वन विभाग के उप प्रभागीय निदेशक डॉ सुशील कुमार के अनुसार दोनों संस्थाओं से वन कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की योजना तैयार की गई है। जून माह में समय मिलते ही कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य जंगलों की सीमा से लगे गांवों में बाघों के संरक्षण ग्रामीणों के बचाव, कैमरे लगाना,पग चिन्ह पहचाना आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# समस्याओं के निस्तारण को रखी कई मांगें

**शाहजहांपुर ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा बुलाई गए समीक्षा बैठक में आदर्श समायोजित शिक्षक ,शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से जिला अध्यक्ष एवं कार्यवाहक प्रान्तीय महामंत्री यदुवीर सिंह यादव के नेतृत्व में बैठक में हिस्सा लिया और संगठन की विभिन्न मांगों को रखते हुए श्री यादव ने बी एस ए को बताया कि शिक्षक हितों को शिक्षक संगठनों की बैठकों का आयोजन कराए जाने का निर्णय सराहनीय व स्वागत योग्य है बैठकों में विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा रखी गई समस्याओं का निस्तारण प्रभावी रूप से किया जाएगा जिससे आम शिक्षकों को मानसिक शोषण से निजात मिलेगी मांगों में शिक्षा मित्रों की मासिक उपस्थिति को ब्लॉक बार प्रत्येक माह की ३० तारीख तक जिला स्तर पर उपलब्ध अवश्य कराया जाए ताकि मानदेय भुगतान समय से होता रहे। अपरिहार्य कारणों से रोके गए शिक्षा मित्रों के मानदेय की आहरण प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उक्त भुगतान में व्यर्थ विलंब न किया जाए। ग्रीष्मकालीन शिविर में जिन शिक्षा मित्रों की ड्यूटी लगाई गई है उनके पारिश्रमिक का भुगतान समय से कराया जाए। बुलाई जाने वाली इस बैठक को प्रभावी बनाने के लिए इसे मासिक बैठक का रूप प्रदान किया जाए तथा मासिक तिथि का निर्धारण भी किया जाए। ५-शिक्षा मित्र के होने वाले अंत: जनपदीय व अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की जिला स्तरीय सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएं ताकि शासनादेश आते ही उक्त प्रक्रिया यथाशीघ्र शुरू की जा सके इस मौके पर जिला अध्यक्ष एवं कार्यवाहक प्रान्तीय महामंत्री यदुवीर सिंह यादव, जिला महामंत्री श्रीमती संतोष शुक्ला, जिला संगठन मंत्री सर्वेश कुमार गौतम उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के जिलाध्यक्ष और महामंत्री को बुलाया गया था।

# थाना परिसर में बुलाई गई पीस कमेटी की मीटिंग

**सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना परिसर में आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। जिसमें क्षेत्र के गाँव मियांपुर , बादशाहनगर ,दुधौना , भरगवा, सुजातपुर , डींगुरपुर , जुम्मनपुर आदि गांवों से आये मौलवियों और सम्भ्रांत लोगों से थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने ईद उल अजहा को शान्ति पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि इस मौके पर कुर्बानी देने वाले लोग मलवा सार्वजनिक स्थान पर न फेकें। कोई नई परंपरा न डालें यदि कोई व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो उस व्यक्ति की सूचना तत्काल थाने पर देकर पुलिस का सहयोग करें। इस मौके पर साजिद खान, वसीम ,मुजीब खान ,मौलाना शाहिद ,आरिफ ,शादाब खां आफताब , जुबैर, हसन रजा थाना क्षेत्र के तमाम गांवके प्रधान तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे।








# ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार पर हनुमानमय हुआ सम्पूर्ण जिला






- मंदिरों में रही भारी भीड़
- जगह-जगह आयोजित किए गए भंडारे

स्वतंत्र भारत

**खीरी टाउन-खीरी।** कस्बा खीरी में ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार पर कस्बा खीरी मोहल्ला आचार्य टोला वार्ड नंबर 5 बुठी माता मंदिर के पास पुलिस चैकी के सामने जगह-जगह विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारिणी के द्वारा पूडी सब्जी सट्टा मीठा हलवा के भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बुढी माता मंदिर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। कस्बे के वार्ड नं पांच मोहल्ला आचार्य टोला बुढी माता मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता लव कुश सिंह दिलीप जोशी वीरेंद्र शर्मा विमलेश शर्मा सौरभ वर्मा रिंकू वर्मा विक्की अमन सिंह शिव राजन राकेश वर्मा विजय गांधी अश्विनी शर्मा तथा कुंदन सभासद प्रतिनिधि के द्वारा प्रसाद दिया गया। श्रद्धालुओं में इस अवसर पर विशेष उत्साह देखा गया। उन्होंने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। हल्की बूंदा बांदी मौसम का तापमान कम रहा इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के साथ भाग लिया और भगवान की कृपा की कामना की।

**मितौली।** ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल पर कस्बा व क्षेत्र में जगह-जगह रामचरितमानस पाठ, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा व बालाजी की आरती भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। विकास मितौली के सामने स्थित भंडारे का शुभारंभ कोतवाली प्रभारी मितौली शिवा जी दुबे ने बालाजी की आरती भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। नवीन तहसील परिसर के निकट मेंडोलेक्स चिकित्सालय पर डॉक्टर अनिल राज, ग्राम पंचायत मितौली मनोज भार्गव के आवास पर, कचियानी पुर्वा निकट सुरेश राठौर रतहरी के आवास पर, चंपापुर निवासी ओमप्रकाश पाल ने अपने मितौली आवास पर, हिंदुस्तान कार्यालय के निकट सर्वेश कटियार व उनके सहयोगियों द्वारा, रानीबेहड़ मार्ग पर कमलेश चैधरी संजय चैधरी के आवास पर नैन्सी,व प्रांशी ने अपने आवास पर, विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संक्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**धौरहरा।** जेठ महीने के चैथे बड़े मंगलवार को ईसानगर क्षेत्र के सेमरिया गांव में स्थित हनुमान गढ़ी में हजारों भक्तों का सुबह से लेकर देर सायं तक तांता लगा रहा । इस दौरान करीब 30 किलोमीटर के दायरे में पूरा माहौल हनुमान भक्ति से सराबोर रहा। भक्तों की सुविधा के लिए लोगों ने जगह जगह जलपान व भंडारों की भी व्यवस्था की, वही दूर दराज के अलावा आसपास के गांवों के हजारों लोग भगवान श्री हनुमान जी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ महीने के चैथे मंगलवार को ईसानगर क्षेत्र के अलग अलग गावों से सेमरिया में स्थित प्राचीन हनुमान गढ़ी में हजारों भक्त पदयात्रा,निजी व प्राइवेट वाहनों से सेमरिया में स्थित ऐतिहासिक और प्राचीन हनुमान गढ़ी पहुंच कर भगवान श्री हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सुबह से देर सायं तक भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती रही। वही हनुमान गढ़ी पहुंचने के बाद भक्तों ने गर्भगृह में वीर बजरंग बली का श्रृंगार कर आरती उतारी जो आकर्षण का केंद्र बनी रही। मंगलवार को कस्बा खमरिया,तमोलीपुर,लाखुन, कटौली,ईसानगर, रेहुआ सहित अन्य गांवों व कस्बों में भक्तों ने बड़े स्तर कढ़ी चावल,शर्बत,छोला पूड़ी, हलवा आदि का भंडारा कर पुण्य प्राप्त किया इस दौरान भंडारा आयोजक सूरज वर्मा,राजेश शाह,रामू चौरसिया,उमाशंकर वर्मा आदि ने बताया कि ज्येष्ठ माह में भंडारा करने से पुण्य प्राप्त होता है। जिसको लेकर कई दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर दी जाती है।

**बिजुआ।** बिजुआ विकास खंड में जेठ माह के चैथे मंगलवार को हनुमान जी की भक्ति में श्रद्धालु लीन रहे। कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। पड़रिया तुला बालाजी मंदिर में सुबह से ही भक्तों के भंडारे शुरू हो गए। बालाजी दरबार में जय हनुमान ज्ञान सुख सागर के जयघोष गूंजते रहे। वही पड़रिया तुला चैराहे पर सूर्या किचन पॉइंट पर शीतल मीठा शरबत का वितरण हुआ। गुलरिया में हरदेव लाला स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बस्तोला तिराहा पर कढ़ी-चावल और शरबत का वितरण हुआ। बस्तोला ठाकुरजी मंदिर में भगवान को पूड़ी-सब्जी का भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया। बिजुआ में पुलिस चौकी के सामने शीतल मीठा जल और कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरण किया गया। सभी मंदिरों में हनुमान जी की पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का भोग लगाया गया। भंडारे का सिलसिला शाम तक अनवरत चलता रहा। घरों से लेकर मंदिरों तक में केसरी नंदन का पूजन पूरी श्रद्धा के साथ किया गया। गांव से लेकर कस्बों तक में जगह-जगह भंडारे और शरबत वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली

**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस भवन पर जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान के तहत मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निवर्तमान पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष गण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के उपरांत उपस्थित कार्यकर्ता गण पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा की अगुवाई में संविधान बचाओ रैली कांग्रेस भवन से चलकर बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुरुआत की। साथ ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राज नारायण मिश्रा जी की मूर्ति पर भी माल्यार्पण कर कंपनी बाग पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

# जल जीवन मिशन का सपना अधूरा, अधर में लटकी परियोजना

स्वतंत्र भारत




**पलिया-खीरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक नल के जरिए स्वच्छ पेयजल पहुँचाना है, लेकिन पलिया तहसील की मझगई ग्राम पंचायत के मझरा फार्म में यह सपना अधूरा ही रह गया है। यहाँ आरंभ हुई परियोजना लंबे समय से ठप पड़ी है और सरकारी उदासीनता की पोल खोल रही है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कार्य की शुरुआत बड़े जोरशोर से हुई थी।बाउंड्रीवाल, ओवरहेड टैंक के लिए त्ब्ब् पिलरों की नींव, और पानी की बोरिंग जैसे प्राथमिक कार्य पूरे किए गए, लेकिन उसके बाद कार्य रुक-रुक कर चलता रहा और अब पूरी तरह बंद है।

निर्माण कार्य के लिए लाई गई सामग्री बिना देखरेख के इधर-उधर बिखरी पड़ी है। लोहे की सरियों पर जंग लगना शुरू हो गया है, जिससे सामग्री की गुणवत्ता और भविष्य की सुरक्षा दोनों पर प्रश्नचिह्न लग गया है। आधी-अधूरी पाइपलाइनें डालने के लिए सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर गिट्टी और मौरंग अब भी बिखरे पड़े हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।वहीं, परियोजना को कागजों पर पूरा दिखाने की कोशिशों में गांवों और मजरों में जल कनेक्शन दर्शा दिए गए हैं। कई स्थानों पर नलों की टोटियाँ लगाई गई हैं, लेकिन न तो पानी आ रहा है और न ही व्यवस्था दुरुस्त है। कहीं अधूरी टोटियाँ लगी हैं, तो कहीं पाइपलाइनें जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल निगम की सुस्ती और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ रही है। लोगों को न तो समय पर जानकारी दी जा रही है और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी कार्य स्थल का निरीक्षण कर रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट सपना है हर घर नल से जलष्, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। यदि समय रहते इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो करोड़ों की लागत से शुरू हुई यह परियोजना भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाएगी।ग्रामीणों की मांग है कि परियोजना की उच्च स्तरीय जांच हो, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पुनः आरंभ कर समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। वरना यह योजना भी बाकी घोषणाओं की तरह सिर्फ चुनावी वादों की गूँज बनकर रह जाएगी।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिवार जता रहा हत्या की आशंका

**मैगलगंज खीरी।** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के ककरहा गांव में सोमवार रात 28-वर्षीय रोली का शव गन्ने के खेत से संदिग्ध हालत में बरामद हुआ। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है, जबकि प्राथमिक जांच में चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैय पैनल रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। रोली का विवाह दस वर्ष पहले मोहम्मदी कोतवाली के गांव मजरा पोस्ट गुलरिया निवासी देवेन्द्र पुत्र रामऔतार के साथ हुआ था। विवाह के बाद जन्मे पुत्र की जल्दी ही मृत्यु हो गई। ससुराल पक्ष का आरोप था कि रोली को मिर्गी के दौरे आते हैं, इसलिए वह पिछले सात वर्ष से मायके में ही रह रही थी। सोमवार रात लगभग नौ बजे रोली शौच के लिए घर से निकली। देर रात तक न लौटने पर खोजबीन शुरू हुई। मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे ग्रामीणों को गांव के पश्चिम गन्ने के खेत में उसका शव मिला। पास ही पानी का खाली डिब्बा पड़ा था। परिजनों के मुताबिक रोली के गले में उसकी चोटी व कुर्ते के कपड़े की चींट से फंदा लगा था और नाक पर चोट का निशान था रोली के नाक व कान से खून निकला था। वहीं कोतवाली प्रभारी रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया, शरीर पर संघर्ष के चिन्ह नहीं मिले। मृतका को मिर्गी थीय सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने मौके का मुआयना कर ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। तहरीर के आधार पर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## नगदी व लाखों के जेवर चोरी

**मैगलगंज-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र में पुलिस गश्त के बावजूद निडर चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए 20,000 रुपये नगद व लाखों रुपये मूल्य के आभूषण पार कर लिए। घटना रात करीब 12 बजे के बाद की बताई जा रही है, जब गृहस्वामी सुरेंद्र कुमार मिश्रा सो रहे थे। सुरेंद्र मिश्रा पुत्र रामदत्त, जो वर्तमान में डीएसीएल शुगर मिल, अजवापुर के निकट निवास करते हैं, ने बताया कि चोर पड़ोस के मकान की सहायता से घर में दाखिल हुए। आधी रात के बाद जब वे लघुशंका के लिए उठे तो देखा कि कमरा खुला है और सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने तुरंत छत पर जाकर टॉर्च से देखा, तो चोरी हुए बक्सों में से एक बक्सा घर के पीछे खेत में पड़ा मिला। बक्सों से कीमती जेवरात और नगदी गायब थी, जबकि कपड़े छोड़ दिए गए थे। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## चौकी इंचार्ज ने देर रात दुकानों पर की छापेमारी

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से खीरी चौकी की महिला उपनिरीक्षक साधना यादव ने रविवार की रात नगर में देर रात तक खुली रहने वाली दुकानों और वहां जुटने वाले जमावड़े पर सख्त रुख अपनाया। खुद गश्त पर निकलीं उपनिरीक्षक साधना यादव ने नगर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर कई दुकानों पर छापेमारी की और निर्धारित समय के बाद दुकानें खुली रखने पर दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तय समय के बाद कोई भी दुकान खुली मिली तो संबंधित व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा,कस्बे में किसी भी प्रकार की अराजकता और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।चैकी क्षेत्र में हाल के दिनों में असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए गश्त को और प्रभावी बनाया गया है। यह कार्रवाई विशेष रूप से महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। उपनिरीक्षक साधना यादव ने दो टूक चेतावनी दी कि छेड़छाड़ या उत्पीड़न जैसे मामलों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने कहा,रास्ते में महिलाओं से बदसलूकी करने वाले शरारती तत्व अब सावधान हो जाएं। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि अन्य को भी सख्त संदेश मिले।इस पूरी कार्रवाई में खीरी चैकी के जांबाज सिपाही रजनीश सिंह, दीपक कुमार, अवनीश कुमार, जगदीश प्रसाद यादव और गोविंद पाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी तत्परता और सहयोग से यह अभियान और भी प्रभावी सिद्ध हुआ।स्थानीय नागरिकों ने इस सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की सतर्कता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बेहतर होगा और आम जनमानस का पुलिस पर भरोसा और भी मजबूत होगा।




## संक्षिप्त समाचार

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** मंगलवार की सुबह लखीमपुर में मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादलों के साथ तेज गर्जना हुई और फिर रुक-रुक कर बारिश शुरू हो गई। ठंडी हवाओं के साथ हुई इस बारिश से तेज गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। शहरवासी बारिश का आनंद लेते नजर आए। बच्चे गलियों और छतों पर नाचते-झूमते देखे गए। इस बार बारिश के बावजूद शहर में जलभराव की कोई समस्या सामने नहीं आई। नगर पालिका की ओर से पहले से की गई नालों की सफाई और जलनिकासी की बेहतर व्यवस्था का असर साफ दिखाई दिया। मुख्य मार्गों और बाजारों में यातायात सामान्य बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 से 48 घंटे तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। किसानों के चेहरे पर भी बारिश के बाद रौनक लौट आई है। खेतों में नमी बढ़ने से बुआई की तैयारियों को गति मिलेगी। हालांकि, इस मौसम की राहत के बीच एक दुखद घटना भी सामने आई है। ग्राम मोहम्मदपुर निवासी 45 वर्षीय अब्बास की खेत में काम करते समय आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली सदर क्षेत्र में हुआ। परिजनों और गांव में शोक का माहौल है। प्रशासन की ओर से नियमानुसार सहायता देने की प्रक्रिया जारी है।

### मारपीट और इंजन सीज करने की रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत प्रार्थी फिरोज पुत्र बून्दु निवासी मोहल्ला मंजी वाला कस्बा व थाना किठौर जिला मेरठ मो0न0 9084284465 ने उपस्थित थाना में प्रार्थना पत्र दिया कि गोमती मोड पर 1. अफसर खा पुत्र जमानत खा नि0 मो0 शुक्लापुर थाना मोहम्मदी खीरी 2.पप्पू पुत्र नामालूम नि0 मो0 धनेशा कस्बा व थाना मोहम्मदी खीरी 3. राजू उर्फ गूगल नि0 अज्ञात 4. अन्य 03 अज्ञात व्यक्तियो द्वारा वादी के साथ गाली गलौज कर, मारपीट व जान से मारने की धमकी देना व वादी की बस के इंजन मे चीनी व बालु भर दिया है जिससे बस का इंजन सीज हो गयाद्य घटना दिनांक 02ध्06ध्2025 समय लगभग 16.30 बजे की है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। अग्रिम कार्यवाही हेतु विवेचना उ0नि0 हिमांशु आनन्द सिहं थाना मोहम्मदी जिला खीरी के सुपुर्द की गई है

### नशे में धुत युवकों ने दुकान तोड़ी, तीन लहूलुहान

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कस्बा खीरी स्थित मोहल्ला हानिया टोला में सोमवार रात तब हड़कंप मच गया जब एक शादी समारोह के दौरान दो समुदायों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।घटना इतनी तेजी से बिगड़ी कि देखते ही देखते बाजार में पत्थर बरसने लगे और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।बताया जा रहा है कि मुर्तिहा बिरादरी के यहां शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कुछ युवक शराब के नशे मंम धुत होकर बाजार पहुंचे और एक चूड़ी की दुकान में तोड़फोड़ कर दी। दुकान मालिक अकिल को पीट-पीटकर घायल कर दिया। पास खड़े शालू अल्वी और अरमान भी हमले की चपेट में आ गए। तीनों लहूलुहान हो गए।विवाद की जानकारी पर जब मौके पहुंचे तो उन पर भी पथराव शुरू कर दिया गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जब थाने का ब्ळ नंबर मिलाया तो वह बंद मिला। इसके बाद 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी गई।करीब एक घंटे तक दोनों ओर से पथराव होता रहा, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी।बाद में थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात काबू में किए।शालू अल्वी की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तनाव को देखते हुए रात में ही मोहल्ले में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर खड़ी करवा दी गई थी।थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बस स्टाप पर हुआ नुक्कड़ नाटक

**लखीमपुर खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली के अंतर्गत उच्च रक्तचाप माह के दृष्टिगत तहसील मुख्यालय बस स्टॉप पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराया गया। जिसमें उच्च रक्तचाप व तंबाकू उत्पाद से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर आम जनमानस को जागरूक किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने बताया कि 17 मई से उच्च रक्तचाप माह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहे हैं। इसी के दृष्टिगत मितौली सीएचसी में भी इस माह में लगातार कैंप किए जा रहे हैं और यह नुक्कड़ नाटक भी इस कार्यक्रम का एक हिस्सा है, जिसके तहत आम जनमानस को उच्च रक्तचाप से होने वाले दुष्प्रभाव और तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया है। जिसमें एनसीडी टीम के साथ ही बीपीएम मोहम्मद तैय्यब सिद्दीकी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### नाइट ब्लड सर्वे का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नाइट ब्लड सर्वे हेतु शिविरों का आयोजन जिले भर मं किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 2 जून की रात पलिया सीएचसी के अंतर्गत ग्राम मुरादखेड़ा में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता औचक निरीक्षण पर पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से बात भी की। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 2 जून से 4 जून तक नाइट ब्लड सर्वे किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया के कीटाणु (माइक्रोफाइलेरिया वार्म) रात में ही सक्रिय होता है और ब्लड में आसानी से इसकी पहचान हो सकती है। यही कारण है कि इसकी जांच के लिए नाइट ब्लड सर्वे के तहत जांच की जाती है।

# पीडीए पंचायत बैठक में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** सपा द्वारा पलिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित पीडीए पंचायत बैठक में भारी जनसैलाब देखने को मिला। बैठक में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान, सपा जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, खीरी लोकसभा से सांसद उत्कर्ष वर्मा, क्षेत्रीय नेता, पार्टी पदाधिकारी और भारी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक अंदाज में स्वागत गीत और नारेबाजी के साथ हुई। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अखिलेश यादव आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं जैसे नारों से पूरा माहौल समाजवादी रंग में रंग दिया।

प्रदेश सचिव रेहान खान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की लड़ाई का प्रतीक है। पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज देश की रीढ़ हैं, लेकिन उन्हें आज भी न्याय और अधिकार से वंचित रखा गया है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य इन वर्गों को उनके हक और सम्मान के साथ सत्ता मंप भागीदारी दिलाना है।रेहान खान ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया है और आम आदमी की पीड़ा से मुंह मोड़ा है। उन्होंने जनता से अपील की कि वह समाजवादी पार्टी के साथ जुड़कर बदलाव की इस लड़ाई को और मजबूती दें।सभा को संबोधित करते हुए सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा,प्रदेश में भय, बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। भाजपा सरकार ने न तो युवाओं को नौकरी दी, न ही किसानों को राहत। अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों के हक लगातार छीने जा रहे हैं। ऐसे समय में समाजवादी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर चल सकती है।सपा जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने पीडीए पंचायत की सफलता को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि यह जनसभा समाजवादी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और जनविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी गांव-गांव, गली-गली जाकर पीडीए के लोगों को जागरूक कर रही है। यही सच्ची राजनीति है, जो जमीन से जुड़ी हो और जनता के हितों के लिए समर्पित हो।बैठक के दौरान कई स्थानीय वक्ताओं ने भी अपनी बात रखी और समाजवादी पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताई।

# मेडिकल कॉलेज में सर्जरी कर निकाली गई गर्दन में घुसी कील

## आधुनिक कील लगाने वाली मशीन के खराब होने से हुआ हादसा

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** तकनीक जितनी सहायक होती है, कभी-कभार एक चूक से उतनी ही घातक व जानलेवा भी हो जाती है। महेवागंज में एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां फर्नीचर बनाने वाले कारपेंटर के साथ ऐसा ही खतरनाक हादसा हुआ, जब वह एक स्वचालित कील लगाने वाली मशीन से काम कर रहा था। अचानक मशीन में खराबी आ गई और एक कील तेजी से उल्टी दिशा में चलकर उसकी गर्दन में घुस गई।

घायल युवक दीपू (28) को स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल लाया गया। मरीज पहले से एक्स रे करा कर लाया था, जांच करने में पता चला कि कील सीधी थायरॉइड ग्रंथि में जाकर फंस गई है और श्वास नली के ठीक पास स्थित है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर थी क्योंकि थोड़ी सी भी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती थी।

इस संवेदनशील स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सहायक आचार्य ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा ने लोकल एनेस्थीसिया में ऑपरेशन किया और कील को सफलतापूर्वक सर्जरी कर बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति पूरी तरह सामान्य रही और उसे उसी दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। साथ ही किसी तरह की समस्या होने पर तत्काल दिखाने के लिए एडवाइस किया गया है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि यह मामला दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण था। कील श्वसन नली के बेहद नजदीक थी। हमें अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ी ताकि कील निकालते समय कहीं श्वास नली में ना चली जाए। प्रधानाचार्य डॉ वाणी गुप्ता ने बताया कि इस घटना ने यह साबित कर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल करते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए, जहाँ तक हो सके स्वचालित मशीनों को इस्तेमाल करते समय सुरक्षा उपकरण जरूर पहनें। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे।

सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि किसी भी दुर्घटना के बाद किसी की जान बचाने के लिए ष्समयष् सबसे महत्वपूर्ण कारक है, समय रहते मरीज को अस्पताल पहुंचने से चिकित्सकों को स्थित अति गंभीर नहीं होती है और अधिकतर मामलों मे मरीज की जान बचायी जा सकती है। जिला अस्पताल एवं हमारा स्टाफ हर समय किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं ने निपटने के लिए तैयार रहता है।

स्वतंत्र भारत
यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## विज्ञान और महिलाएं

यूनेस्को की एक टीम का यह अध्ययन बेहद चिंताजनक है कि विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीइएम) में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ 35 फीसदी है, जो पिछले दस साल से स्थिर है। यह स्थिति गणित के डर, लैंगिक रूढ़िवादिता और कम आत्मविश्वास के कारण है। सिर्फ भारत नहीं, पूरी दुनिया में शुरू से ही गणित में लड़कियों के आत्मविश्वास को कम कर दिया जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, 2018 से 2023 के बीच दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में डाटा और एआइ क्षेत्रों में मात्र 26 फीसदी महिला कर्मचारी थीं। उस अवधि में इंजीनियरिंग में 15 फीसदी और क्लाउड कंप्यूटिंग में 12 प्रतिशत महिलाएं काम कर रही थीं। वैसे तो दुनिया के 68 फीसदी देशों में एसटीइएम शिक्षा को समर्थन देने वाली नीतियां हैं, पर इनमें से केवल आधी ही लड़कियों पर केंद्रित हैं। यूरोपीय संघ में आइटी डिग्री लेने वाली चार लड़कियों में से मात्र एक के डिजिटल नौकरी में जाने, जबकि दो में एक लड़के के डिजिटल क्षेत्र में जाने का अनुपात इस फर्क को बताता है। अध्ययन कहता है कि यह स्थिति बदलनी चाहिए और बदलाव की शुरुआत स्कूलों से की जानी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि प्राथमिक शिक्षा में लिंग निरपेक्ष भाषा का इस्तेमाल किया जाये, महिलाओं को कक्षा में अतिथि वक्ता के तौर पर बुलाया जाये और एसटीइएम को लड़कियों की रुचि से जोड़ा जाये। लड़कियों को एसटीइएम में सफल महिलाओं को रोल मॉडल के रूप में देखने का अवसर भी मिलना चाहिए। तभी वे इस क्षेत्र में करियर बनाने के बारे में सोच पायेंगी। डिजिटल दक्षताओं का एक ढांचा तैयार किया जाना चाहिए, जो सभी शिक्षार्थियों को उन कौशलों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करे। भारत में एसटीइएम क्षेत्र में लड़कियों की कम भागीदारी से संबंधित एक रिपोर्ट के अनुसार, इन विषयों में महिला शिक्षकों के कम होने से भी लड़कियों को लगता है कि यह क्षेत्र उनके लिए नहीं है। गणित, विज्ञान, इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की कम भागीदारी लैंगिक मुद्दे से अधिक सामाजिक प्रगति का बाधक है। तकनीकी रूप से समृद्ध विश्व बनाना है, तो लड़कियों को छोटी उम्र से ही यकीन दिलाना होगा कि गणित, विज्ञान और तकनीकी शिक्षा में उनकी भी उतनी ही जगह है, जितनी लड़कों की है।

## दवाओं का चयन

कोई भी बीमारी अगर थोड़ी भी जटिल या गंभीर हो जाए तो उसके इलाज का खर्च आसमान पर पहुंच जाना अब खास बात नहीं रह गई है। कमजोर और गरीब वर्गों के लोगों के लिए तो ऐसा इलाज कराना मुमकिन ही नहीं होता क्योंकि इसका खर्च उठा पाना उनकी सामर्थ्य से ही बाहर होता है। इलाज में भी डॉक्टर की फीस, वार्ड व तमाम तरह की जांचों में ही काफी पैसा लग जाता है लेकिन इसमें दवाओं पर होने वाला खर्च सबसे ज्यादा होता है। इससे राहत दिलाने के लिए सरकार ने जेनेरिक दवाओं की व्यापक स्तर पर सुलभता बढ़ाने के लिए प्रयास तो किए मगर उनका कोई खास फायदा नहीं हो रहा है। डॉक्टरों से उम्मीद यह की जाती है कि वे मरीजों, खासकर गरीब मरीजों की सामर्थ्य का गंभीरता से ध्यान रखेंगे और इलाज में बेवजह खर्च से उन्हें बचाएंगे पर तमाम निर्देशों–अपीलों के बाद भी उनका बड़े ब्रांड की कंपनियों की महंगी दवाएं लिखने का क्रम जारी है। गत दिनों लखनऊ के कुछ सरकारी चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सकों द्वारा ऐसी ही महंगी दवाएं लिखने के मामले सामने आए जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने इस बारे में सख्त निर्देश जारी किए। इसके पीछे मुख्य कारण बड़ी कंपनियों द्वारा अनुचित आर्थिक लाभ देकर डॉक्टरों को अपने प्रभाव में कर लेना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पिछले माह दवाओं की कीमतों, और कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग के चलन पर अंकुश लगाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चिकित्सक अगर केवल जेनेरिक दवाएं ही लिखें तो दवा कंपनियों और चिकित्सकों के बीच रिश्वतखोरी के कारण पैदा हुई इस समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मरीजों के लिए डॉक्टर जो महंगी दवाएं लिखते हैं, उन्हीं रासायनिक मिश्रण से बनी और समान असर वाली उपयोगी जेनेरिक दवाओं की कीमत काफी कम हो सकती है। लेकिन आर्थिक लाभ और सुविधाओं में फंसे डॉक्टर किसी खास ब्रांड या कंपनी की दवा लिखते हैं। ऐसे में कंपनियों की मुनाफाखोरी और डॉक्टरों के उनके प्रति झुकाव का खामियाजा गरीब मरीजों को भुगतना पड़ता है।



## काँव-काँव



♦♦♦

**भारत में बड़े जासूसी नेटवर्क का हुआ खुलासा**
बहुत दिनों के बाद नींद खुली सरकारों की!
**सुकमा में सोलह नक्सलियों का आत्मसमर्पण**
जंगलों को बचाने वाला कोई नहीं बचेगा!
**पतंजलि समूह की याचिका हाईकोर्ट से खारिज़**
ऐसे तनावों से बचने के लिये प्राणायाम करें!
**आतंक के खिलाफ लड़ाई मिलकर लड़े-मोदी**
कांग्रेस मुक्त भारत का सपना उड़ गया क्या?
**नीलाम होंगी चित्रकार हुसैन की दुर्लभ पेंटिंग्स**
दुनिया छोड़ने के बाद करोड़ों का फायदा!
**नीट पीजी परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित**
कभी भारतीय मेडिकल परीक्षा बेदाग होती थी!

♦♦♦

# प्रभावी नक्सल विरोधी रणनीति

नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष में सुरक्षा बलों ने पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में सीपीआइ (माओवादी) के महासचिव और सर्वोच्च कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू को मार गिराया. उसके साथ 26 और नक्सली मारे गये. नक्सलवाद के



**– उमेश चतुर्वेदी**

उभार के बाद से यह पहला मौका है, जब महासचिव स्तर का व्यक्ति मारा गया हो. बासवराजू को जिस ऑपरेशन के जरिये केंद्रीय रिजर्व पुलिस और छत्तीसगढ़ पुलिस ने मार गिराया, उसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया है. छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र तक फैले जंगलों में जारी इस ऑपरेशन के तहत जहां 54 नक्सली गिरफ्तार किये जा चुके हैं, वहीं 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. मोदी सरकार ने 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था. भाजपा ने 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था. उसके एक साल पहले ही छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में राज्य कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को नक्सलियों ने निशाना बनाया था. उससे उपजा क्षोभ ताजा था. गौर से देखें, तो पायेंगे कि नक्सलवाद का प्रभाव उन इलाकों में ज्यादा तेजी से बढ़ा, जहां जंगल थे, जहां आदिवासी समुदाय की आबादी ज्यादा थी और जहां शिक्षा का प्रसार कम था. यह सच है कि आधुनिक सभ्यता की सहयोगी आधुनिक व्यवस्था की निगाह जल-जंगल आदि प्राकृतिक संसाधनों के जरिये मुनाफाखोरी पर रही है. इस प्रवृत्ति के खिलाफ स्थानीय लोगों में प्रचार के जरिये नक्सलवाद ने अपनी गहरी पैठ बनायी. नक्सलवाद बुनियादी रूप से आधुनिक चीन के संस्थापक माओ त्से तुंग की विचारधारा से प्रेरित है, जिनकी मान्यता थी कि सत्ता बारूद से निकलती है. नक्सलवादी या माओवादी सोच के मूल में हिंसा की अवधारणा है, जिसके अनुसार बदलाव हिंसा के जरिये ही आता है. माओवाद अगर वैचारिकी तक सीमित रहता, तो गनीमत थी. लेकिन माओवादी कमांडरों ने बाद में अपने प्रभाव वाले इलाकों में ताकत का इस्तेमाल वसूली और मोटी कमाई के लिए करना शुरू कर दिया. तब से उनके प्रति समर्थन घटने लगा. अपने प्रभाव क्षेत्र में वे अक्सर विकास के आधुनिक माध्यमों और प्रतीकों, मसलन- रेलवे लाइन, स्टेशन, डाकघर, स्कूल आदि को निशाना बनाते रहे. धीरे-धीरे उनके इस कृत्य को स्थानीय निवासी विकास विरोधी मानने लगे. जैसे-जैसे स्थानीय लोगों की समझ बढ़ी, नक्सलियों का आधार कमजोर होता गया. उनके द्वारा किये गये

> नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष में सुरक्षा बलों ने पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में सीपीआइ (माओवादी) के महासचिव और सर्वोच्च कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू को मार गिराया. उसके साथ 26 और नक्सली मारे गये. नक्सलवाद के उभार के बाद से यह पहला मौका है, जब महासचिव स्तर का व्यक्ति मारा गया हो. बासवराजू को जिस ऑपरेशन के जरिये केंद्रीय रिजर्व पुलिस और छत्तीसगढ़ पुलिस ने मार गिराया, उसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया है।

वहीं समावेशी विकास का पहिया तेजी से दौड़ाने की कोशिश की गयी. इसमें सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया गया. इससे माओवादी हिंसा में कमी आयी. लोगों में भय का माहौल कम हुआ. इसके साथ ही माओवादी उग्रवाद से प्रभावित कई जिलों को मुख्यधारा में शामिल करने में तेजी आयी. नक्सलियों के आत्मसमर्पण और उनके पुनर्वास पर जोर दिया गया. हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने और सामान्य जिंदगी बिताने के लिए नक्सलियों को सरकारी स्तर पर मदद रेल लाइनें बनायी जा रही हैं. माओवाद विरोधी कार्रवाई की कमान संभालने वाले केंद्रीय बलों के अधिकारियों का मानना है कि मौजूदा सरकार ने उनके लिए मुफीद माहौल मुहैया कराया है. छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार की हार के बाद सुरक्षा बलों के कुछ अधिकारियों का मानना था कि नयी सरकार की नीति बदलेगी. इस कारण स्थानीय पुलिस और प्रशासन माओवादी हिंसा के खिलाफ उनके कदमों के प्रति सहयोगी रुख रखेगा. नक्सलवाद पर नकेल के उपायों का असर ही कहा



नरसंहारों ने भी उनका आधार कमजोर करने में बड़ी भूमिका निभायी. केंद्र की मोदी सरकार माओवादी हिंसा को आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानती रही है. वैसे सरकार को पता था कि नक्सलियों पर ऐसी कार्रवाई का एक बड़ा बौद्धिक वर्ग विरोध करेगा. इसलिए नक्सली हिंसा पर लगाम के लिए दोतरफा कार्रवाई शुरू की गयी. एक तरफ सुरक्षा बलों के बीच तालमेल बढ़ाने और नक्सल विरोधी खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया, दी जाने लगी. इसके साथ ही सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे की कमी दूर करने के लिए नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष योजना के तहत विशेष केंद्रीय सहायता दी जा रही है. इसकी वजह से पिछले 10 वर्षों के दौरान, 8,000 से अधिक नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है. नक्सलियों के खिलाफ ज्यादा सटीक कार्रवाई के कारण अब खूंखार नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या फिर समर्पण कर रहे हैं, वहीं जनजातीय इलाकों में नयी सड़कें और जायेगा कि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 70 थी, जो अब घटकर 38 रह गयी है. नक्सलवाद खत्म हो, विकास की गाड़ी दौड़ती रहे और जनजातीय समूह के लोगों को भी विकास में भागीदार बनाया जाये, इससे शायद ही किसी को इनकार होगा. लेकिन व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि फिर ऐसे हालात न बनें, जिससे स्थानीय निवासियों को बरगलाना आसान हो और वे हथियार उठाने के लिए मजबूर हों।

## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

उन्होंने तुरंत ही राजा को दक्खिन का शासन-भार सौंपा। उस दिन ओरछे में बड़ा आनन्द मनाया गया। शाही दूत खिलअत और सनद लेकर राजा के पास आया। जुझारसिंह को बड़े-बड़े काम करने का अवसर मिला। सफर की तैयारियां होने लगीं, तब राजा ने अपने छोटे भई हरदौलसिंह को बुला कर कहा, भैया, मैं जाता हूं। अब यह राज-पाट तुम्हारे सुपुरं है। तुम भी इसे जी से प्यार करना! न्याय ही राजा का सबसे बड़ा सहायक है। न्याय की गढ़ी में कोई शत्रु नहीं घुस सकता, चाहे वह रावण की सेना या इन्द्र का बल लेकर आये; पर न्याय वही सच्चा है, जिसे प्रजा भी न्याय समझे। तुम्हारा काम केवत न्याय ही करना न होगा बल्कि प्रजा को अपने न्याय का विश्वास भी दिलाना होग और मैं तुम्हें क्या समझाऊं, तुम स्वयं समझदार हो।

यह कह कर उन्होंने अपनी पगड़ी उतारी और हरदौलसिंह के सिर पर रख दी। हरदौल रोता हुआ उनके पैरों से लिपट गया। इसके बाद राजा अपनी रानं से विदा होने के लिए रनिवास आये। रानी दरवाजे पर खड़ी रो रही थी। उरें देखते ही पैरों पर गिर पड़ी। जुझारसिंह ने उठा कर उसे छाती से लगाया और कहा, 'प्यारी, यह रोने का समय नहीं है। बुंदेलों की स्त्रियां ऐसे अवसर पर रोब नहीं करतीं। ईश्वर ने चाहा, तो हम-तुम जल्द मिलेंगे। मुझ पर ऐसी ही प्रति रखना। मैंने राज-पाट हरदौल को सौंपा है, वह अभी लड़का है। उसने अभी दुनिया नहीं देखी है। अपनी सलाहों से उसकी मदद करती रहना।'

रानी की जबान बंद हो गयी। वह अपने मन में कहने लगी, 'हाय यह कहते हैं, बुंदेलों की स्त्रियां ऐसे अवसरों पर रोया नहीं करतीं। शायद उनके हृदय नहीं होता, या अगर होता है तो उसमें प्रेम नहीं होता!' रानी कलेजे पर पत्थर रख कर आंसू पी गयी और हाथ जोड़ कर राजा की ओर मुस्कराती हुई देखने लगीः क्या वह मुस्कराहट थी। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**साधूनां दर्शनं पुण्य्र तीर्थभूता हि साधवः।**
**कालेन फलति तीर्थं सद्यः साधुसमागमः।।**

साधु-महात्माओं का दर्शन करने से तीर्थों के सेवन-जैसा पुण्य प्राप्त होता है, क्योंकि साधु-महात्मा साक्षात् तीर्थ ही होते हैं। तीर्थयात्रा का फल तो समय आने पर मिलता है, परन्तु साधु की संगति का फल तो तुरन्त मिल जाता है।

♦♦♦

# पर्यावरणीय समस्याएं : प्राकृतिक संकट से स्वास्थ्य आपदा की ओर

प्रकृति और मानव स्वास्थ्य के बीच सदा से एक गहरा और जीवंत संबंध रहा है। जब पर्यावरण संतुलित और शुद्ध होता है, तब जीवन सुरक्षित, रोगमुक्त और समृद्ध होता है। किंतु वर्तमान में



**– डा. मनमोहन प्रकाश**

तथाकथित विकास की अंधी दौड़, अंधाधुंध शहरीकरण, औद्योगीकरण, जैविक और रासायनिक हथियारों की होड़ और उपभोक्तावाद की प्रवृत्तियों ने प्रकृति को संकट की कगार पर पहुँचा दिया है।विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट रूप से चेताया है कि 21वीं सदी की पर्यावरणीय समस्याएं अब केवल 'प्राकृतिक संकट' नहीं रहीं – वे एक 'वैश्विक स्वास्थ्य आपदा' का रूप ले चुकी हैं। पर्यावरण की उपेक्षा अब सीधे हमारे स्वास्थ्य, जीवन प्रत्याशा और आने वाली पीढ़ियों की स्थिरता को चुनौती दे रही है। आज विश्व वायु, जल, मृदा, आकाश एवं ध्वनि प्रदूषण, जैवविविधता का क्षरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, जलवायु परिवर्तन और कचरा प्रबंधन (प्लास्टिक, ई-वेस्ट, चिकित्सा व औद्योगिक अपशिष्ट) जैसी गहन पर्यावरणीय समस्याओं से जूझ रहा है। ये संकट न केवल पारिस्थितिक असंतुलन को जन्म दे रहे हैं, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता में भी अप्रत्याशित वृद्धि कर रहे हैं, जिसका प्रत्यक्ष असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता के निम्न स्तर ने पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म कणों की उपस्थिति के कारण दमा, ब्रोंकाइटिस, एलर्जी, हृदय- घात और कैंसर जैसे रोगों को बढ़ावा दिया है। वही जलस्रोतों के प्रदूषण से हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, डायरिया और पथरी जैसे जलजनित रोगों के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।कृषि में रासायनिक कीटनाशकों, उर्वरकों और संरक्षक रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से अब केवल मिट्टी ही नहीं, बल्कि संपूर्ण खाद्य श्रृंखला विषाक्त हो गई है, जिसके दुष्परिणाम कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, मानसिक विकार और प्रजनन समस्याओं के रूप में सामने आ रहे हैं। जलवायु में हो रहे परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि ने रोगाणुओं में उत्परिवर्तन की गति को तीव्र कर दिया है, जिससे वे और अधिक संक्रामक और घातक होते जा रहे हैं। पहले जिन क्षेत्रों में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जूनोटिक रोग नहीं मिलते थे, वहां भी अब इनके मामले सामने आ रहे हैं। जैविक हथियारों के विकास के लिए किये जा रहे शोध ने कोरोना जैसी महामारी और उससे उत्पन्न वैश्विक स्वास्थ्य संकट को जीवन्त बनायें रखा है।

शहरी जीवनशैली, तेजी से फैलता शहरीकरण, हरियाली की कमी, विविध प्रदूषण और तापमान में असामान्यता ने मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा आघात किया है। तनाव, अवसाद, अनिद्रा, एकाकीपन जैसी समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। साथ ही, युद्ध और सैन्य संघर्षों से समुद्री तेल रिसाव, विस्फोट, आगजनी, रेडियोधर्मी प्रभाव और विस्थापन जैसी समस्याएं जन्म ले रही हैं, जो मानवता और पर्यावरण दोनों के लिए विध्वंसकारी सिद्ध हो रही हैं। चेतना, तकनीक और संयम की त्रिवेणी में ही इन जटिल चुनौतियों का समाधान निहित है। हमें विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए ग्रीन टेक्नोलॉजी, नवीकरणीय ऊर्जा और सतत कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता देनी होगी। 'पाँच-आर' की नीति को व्यवहार में उतारना और जनसामान्य में पर्यावरणीय चेतना जाग्रत करना आज की महती आवश्यकता है। सरकारों को चाहिए कि वे पर्यावरणीय कानूनों को कठोर बनाएं और उनके क्रियान्वयन में इच्छाशक्ति व्यवहार को आदर्श बताया था – जो फूल से पराग लेते हुए उसके रंग, रूप या सुगंध को क्षति नहीं पहुँचाती। महात्मा गांधी ने भी यही बात कही थी 'प्रकृति हर व्यक्ति की आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है, लेकिन किसी एक के लालच की नहीं।' इसलिए प्रकृति के दोहन में संयम, विवेक और मितव्ययिता यह भी उतना ही सत्य है कि पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान किसी एक देश, संस्था या व्यक्ति से नहीं हो सकता। इसके लिए वैश्विक सहयोग, नीति समन्वय, जन-जागरूकता और सतत स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है। प्रत्येक राष्ट्र – चाहे वह विकसित हो या विकासशील – को स्वच्छ ऊर्जा,



दर्शाएं। लेकिन केवल नीतियां पर्याप्त नहीं हैं – जब तक हर नागरिक अपने आचरण और उपभोग की प्रवृत्तियों में बदलाव नहीं लाएगा, तब तक समाधान अधूरा रहेगा। संवेदनशीलता और विवेक से ही भविष्य सुरक्षित रह सकता है। भगवान बुद्ध ने प्रकृति से संसाधन लेते समय मधुमक्खी के अनिवार्य है। जब तक हमारी जीवनशैली प्रकृति के अनुकूल नहीं होगी,जैविक आहार, सार्वजनिक परिवहन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पारिस्थितिकी के साथ सह-अस्तित्व जैसे कार्यों को हम अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाएंगे – तब तक कोई भी प्रयास अधूरा रहेगा। पर्यावरणीय अनुकूलता और भावनात्मक उत्तरदायित्व को अपने विकास मॉडल में सम्मिलित करना होगा। प्रकृति को केवल भोग की वस्तु नहीं, बल्कि एक जीवंत सत्ता तथा देवत्व के रूप में सम्मान देने का समय आ गया है। प्रकृति की रक्षा में ही मानवता की रक्षा निहित है।

## प्रेरक प्रसंग

### लगन से मिलती है मंजिल

संस्कृत भाषा में पाणिनी के कठिन व्याकरण को सुगम बनाकर जिस मुग्धबोध नामक संस्कृत व्याकरण की रचना महापंडित बोपदेव जी ने की, उनके गुरुकुल जीवन का एक ज्ञानवर्धक प्रसंग है।

बोपदेव की स्मरण शक्ति बहुत कम थी, बहुत कोशिश के बावजूद भी व्याकरण के सूत्र उन्हें याद नहीं होते थे। उनके सहपाठी भी उन्हें चिढ़ाते थे। इन सब से परेशान और दुखी होकर बोपदेव एक दिन गुरुकुल से भाग खड़े हुए।

चलते-चलते रास्ते में उन्हें कुआं दिखाई दिया, जो ऊपर से पत्थर का बना हुआ था। उस कुएं पर गांव के लोग जल भरा करते थे। कुएं पर रस्सी के मदद से जल भरा जाता था। जिस कारण पत्थरों पर अनेक गड्ढे जैसा निशान बन गया था। बोपदेव ने सोचा। एक मुलायम रस्सी के बार-बार रगड़ के कारण पत्थरों पर अनेक गठ्ठे जैसा निसान बन गया है और जिस पत्थर पर महिलाएं घड़ा रखती थी वहां पर भी गड्ढा बना हुआ है।

बोपदेव ने मन ही मन सोचा, जब मुलायम रस्सी और मिटटी के घड़े की बार-बार रगड़ लगने से पत्थर में गड्ढा बन सकता है। तो निरंतर और दृढ़ अभ्यास से क्या मैं विद्वान नहीं बन सकता हूँ।

ऐसा विचार करके बोपदेव तुरंत गुरुकुल की ओर लौट पड़े, वे आश्रम में दोगुने उत्साह के साथ जुट गए और सच्ची लगन व सतत अभ्यास के कारण आगे चलकर सुप्रसिद्ध विद्वान बन कर राजदरबार के महापंडित बने।

## आपका पत्र मिला

### स्वास्थ्य व्यवस्था में और सुधार की जरूरत

देश की स्वास्थ्य व्यवस्था कि ग्रामीण क्षेत्रों में हालात चिंताजनक हैं। आज भी देश के अनेक सुदूर गांवों में उचित स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है। सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत ग्रामीणों को शहरों में निःशुल्क इलाज की सुविधा दी गई है, किंतु यह व्यवस्था तब तक पूरी तरह प्रभावी नहीं हो सकती जब तक गांव स्तर पर आधारभूत स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त नहीं किया जाता। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनों की भूमिका निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन पूरे गांव की स्वास्थ्य जिम्मेदारी केवल इन्हीं पर डालना व्यवहारिक नहीं है। प्रत्येक गांव में कम से कम एक प्रशिक्षित कंपाउंडर या पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति आवश्यक है, जो प्राथमिक उपचार देने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को निकटतम सरकारी अस्पताल तक भेज सके। इसके साथ ही एक प्रशिक्षित व्यक्ति को बुनियादी दवाइयां, संक्रमण नियंत्रण की जानकारी और रोग की पहचान में दक्षता होनी चाहिए। आज भी कई गांवों में झोला छाप डॉक्टरों का बोलबाला है, जो हैवी डोज़ देकर मरीजों को तात्कालिक राहत देते हैं, लेकिन यह इलाज दीर्घकालिक दृष्टि से खतरनाक साबित हो सकता है। सरकार को चाहिए कि वह गांवों में मेडिकल मोबाइल यूनिट्स की व्यवस्था करे, स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से लगाए और डिजिटल स्वास्थ्य केंद्रों को बढ़ावा दे। स्वास्थ्य केवल इलाज का विषय नहीं, बल्कि जागरूकता, प्राथमिक देखभाल और समय पर परामर्श का भी विषय है। यदि गांवों में यह बुनियादी ढांचा मजबूत किया जाए तो न केवल ग्रामीण जनता का स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि देश की समग्र स्वास्थ्य स्थिति में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा!

**सुभाष बुड़ावन वाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# कामयाबी पाने के लिए स्किल्स को ऐसे करें इंप्रूव

आज की पेशेवर दुनिया में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में सफल होने के लिए जितना जरूरी सीखने की कला का विकास करना है, उतना ही खुद को परिस्थितियों के अनुकूल ढालना भी। इसलिए ऐसी स्थिति में आपको नई चीजों को नए तरीकों से करने हुनर तो लाना ही होगा, इसके अलावा खुद के अंदर कुछ जरूरी बदलाव भी करने होंगे।

आपके लिए यह भी जरूरी है कि आप नए-नए कामों को करके अपने कौशलों को और निखारें। क्योंकि सफलता सिर्फ नई चीजें सीख लेने से ही नहीं मिलती, बल्कि आपको अपने कौशलों को निरंतर मांजते रहना होगा। इससे आपके कौशल निखरेंगे। सफल लोग अपने करियर और भविष्य को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हैं। इसलिए आपको भी कुछ खास रणनीतियों की पहचान अवश्य होनी चाहिए।

**नए कौशल के बारे में जिज्ञासा पैदा करें**

आप जो नया कौशल सीख रहे हैं, उसके लिए उत्साह बहुत जरूरी है। नए कौशल के बारे में जिज्ञासा पैदा करें। इसमें कुछ ऐसा दिलचस्प या मूल्यवान होना चाहिए, जो आपके हित में हो। इसके लिए आपको अपनी महत्वाकांक्षा के स्तर को बढ़ाना होगा। यह मानने के बजाय कि आप पहले से ही कुशल हैं, अपने मौजूदा कौशल स्तरों पर सवाल उठाकर आत्म-जागरूकता में सुधार करने के महत्व पर जोर दें।

**अपने बारे में खुद से कैसे बात करते हैं :** क्या आप आसानी से हतोत्साहित हो जाते हैं या लगातार सवाल पूछते रहते हैं? खुद को एक ऐसे शिक्षार्थी के रूप में सोचें, जिसके पास अनोखी ताकत और कमजोरियांदोनों हैं। सीखने की शैली को समझकर अपने दृष्टिकोण को उसके अनुरूप बनाएं। जो लोग सोचने की क्षमता बढ़ाते हैं, वे लोग ही खुद का सबसे सटीक मूल्यांकन करते हैं। आप केवल इस बात पर ध्यान दें कि अपने बारे में खुद से कैसे बात करते हैं।

**सवाल पूछने से न डरें**

जिज्ञासा वह चीज है, जो हमें किसी काम को तब तक करने के लिए प्रेरित करती है, जब तक हम उसे कर या समझ नहीं लेते। किसी नए विषय पर ध्यान केंद्रित करने और शुरुआती प्रेरणा को मजबूत करने के लिए खुद से जिज्ञासा भरे प्रश्न अवश्य पूछें। सवाल पूछने से न डरें और पूछे गए प्रश्न का खुद से उत्तर ढूंढने की कोशिश करें या किसी विशेषज्ञ से पूछें।

**एक ही विषय पर एक ही किताब न पढ़ें**

अपने मस्तिष्क को एक पुस्तकालय के रूप में कल्पना करें। एक ही विषय पर एक ही किताब न पढ़ें। नए विचारों और काम करने के अलग-अलग तरीकों को जानने के लिए खुले दिमाग से सोचें। आमतौर पर जब हम कुछ नया करने की कोशिश करते हैं और उसमें खराब प्रदर्शन करते हैं, तो हमारे मन में नकारात्मक विचार आते हैं। आत्म-चर्चा को प्रबंधित करके आप इसमें काफी हद तक सहज हो सकते हैं। इसलिए तेजी से बदलाव की दुनिया में सफलता के लिए लगातार नए कौशल और ज्ञान प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। अपने कौशल को बेहतर बनाने के कुछ आसान तरीके ये हैं-

**अभ्यास करना और दूसरों से सीखते रहना**

किसी कौशल का अभ्यास करने से आप उसमें और बेहतर होते जाते हैं। आप अपने दैनिक जीवन या काम में कौशल का इस्तेमाल करने के अवसर खोजें या अभ्यास के लिए समय निर्धारित करें। ऐसे लोगों की तलाश करें जो उस क्षेत्र में कुशल हों जिसमें आप सुधार करना चाहते हैं और उनसे सीखें।

**शिक्षण तकनीकों का इस्तेमाल करें**

निष्क्रिय रूप से पढ़ने या सुनने के बजाय, अध्ययन सामग्री के साथ सक्रिय रूप से जुड़ें। अपने शब्दों में जानकारी को संक्षेप में प्रस्तुत करें, दूसरों को अवधारणाएं सिखाएं, या समूह चर्चाओं में हिस्सा लें।

**अपनी प्रगति का मूल्यांकन करें**

कोई पुराना काम उठाएं और उसे बेहतर बनाएं। आप या तो हल्का संपादन कर सकते हैं या फिर पूरी तरह से पुनर्लेखन कर सकते हैं। जो बदलाव आप कर रहे हैं, उस पर ध्यान दें। एक बार जब आप अपने वर्तमान काम पर वापस लौटें, तो अपनी गलतियों के प्रति सचेत रहने का प्रयास करें, ताकि आप उन्हें न दोहराएं।

# फैशन डिजाइनिंग में बनाएं भविष्य



आजकल हर किसी को फैशन की समझ हैं। हर कोई अच्छा दिखने से लेकर अच्छे कपड़े पहनना चाहता है। वहीं रोज नए- नए ट्रेंड चल रहें है। अभी हाल ही में कांस में धूम मचाने वाली नैंसी त्यागी को तो हर कोई जानता होगा। जो कि एक फैशन डिजाइनर है। अब बहुत सारें बच्चों की इंस्पिरेशन भी है। वहीं बहुत सारे डिजाइनर की मांग भी बढ़ रही हैं। इस करियर में आप बड़े-बड़े सेलिब्रिटी तक के साथ काम कर सकते हैं। आजकल काफी सारे लोग सोशल मीडिया पर भी अलग अलग डिजाइन की विडियों का ब्लॉग बनाते है। अगर आप भी कुछ क्रिएटिव और अपने अलग डिजाइन बना सकते हैं। तो यह कोर्स आपके लिए हैं।

**फैशन डिजाइनर बनने के लिए कर सकते हैं ये कोर्स**

यह कोर्स करने के लिए आपको 12वीं के बाद ग्रेजुएशन में एडमिशन ले सकते हैं। अच्छे फेशन डिजाइनिंग कोर्स के लिए आपको NID, DAT, UCEED और NIFT जैसे एग्जाम की तैयारी करनी होगी। इसके अलावा आप किसी भी कॉलेज से डिप्लोमा भी कर सकते हैं। इसके साथ ही आपको 12वीं में 50% मार्क्स चाहिए है। फैशन डिजाइनिंग में आप बैचलर ऑफ डिजाइनिंग, बीएससी इन फैशन डिजाइनिंग, बैचलर ऑफ फैशन कम्युनिकेशन, डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग जैसे कोर्स कर सकते है। अलग-अलग इंस्टीट्यूट्स में अलग-अलग कोर्स कराए जाते हैं जिनकी ड्यूरेशन भी अलग-अलग होती है। ये कोर्स 1 से 4 साल के बीच में होते हैं।

**टॉप इंस्टीटयूट्स जहां से आप कर सकते है फैशन डिजाइन का कोर्स**

**नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली**
**एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नॉएडा**
**नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, मुंबई**
**सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ डिज़ाइन, पुणे**
**नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु**
**पर्ल अकादमी, दिल्ली**
**पर्ल अकादमी, जयपुर**
**नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी,पटना**
**नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद**
**निफ्ट -टिया कॉलेज ऑफ निटवियर फैशन, दिल्ली**
**नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन**
**नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी**
**पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन**
**सिम्बोयसिस सेंटर ऑफ डिजाइन**
**नॉर्दन इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी**

**यहां कर सकेंगे नौकरी**

आप फैशन डिजाइनर, टेक्निकल डिजाइनर, फैशन शो ऑर्गेनाइजर और किसी सेलिब्रिटी के पर्सनल असिस्टेंट के तौर पर भी काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप फैशन जर्नलिस्ट, फैशन ब्लॉगर और इसके अलावा आपके एक्सपिरियंस के हिसाब से आपको जॉब मिलेगी।

**इतनी मिलती है सैलरी**

शुरुआत में आपको इस कोर्स में कम से कम 15 से 30 हजार रुपये तक सैलरी मिलती है। जैसे जैसे आपका एक्सपिरियंस बढ़ेगा आपकी सैलरी भी वैसे ही बढ़ेगी। और अगर आप किसी सेलिब्रिटी के लिए काम करते हैं। तो आप लाखों तक कमा सकते हैं।

## कॅरियर अलर्ट

### यूपी पीईटी 2025 फॉर्म

यूपी में लेखपाल, जूनियर असिस्टेंट, क्लर्क जैसे भर्तियों के लिए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) ने PET 2025 के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। आप 17 जून तक यह फॉर्म भर सकते हैं। पीईटी केवल अर्हता परीक्षा है जो आपको मुख्य परीक्षा में बैठने के योग्य बनाएगी। इसकी पूरी जानकारी आप यूपी पीईटी नोटिफिकेशन से चेक कर सकते हैं।

### होमगार्ड भर्ती 2025

1614 पदों पर झारखंड में होमगार्ड की भर्ती आई हुई है। जिसमें 7वीं और 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। रांची होमगार्ड की इस भर्ती के लिए आवेदन की विंडो 15 जून से 30 जून तक खुलेगी। इन 15 दिनों में आप शहरी और ग्रामीण होमगार्ड के लिए फॉर्म भर पाएंगे।

### यूपीएससी सीडीएस एनडीए भर्ती 2025

संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी CDS-II और NDA-II परीक्षा के लिए भी नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सीडीएस के लिए 453 और एनडीए के लिए 406 पद पर वैकेंसी आई हैं। अभ्यर्थी 28 मई से 17 जून 2025 तक इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं। यह परीक्षा 14 सितंबर में होनी संभावित है।

### टेरिटोरियल आर्मी भर्ती

टेरिटोरियल आर्मी ने आम लोगों के लिए भर्ती निकाली है। 12 मई से आवेदन प्रक्रिया चालू है, जो अंतिम तिथि 10 जून 2025 तक जारी रहेगी। आर्मी की इस भर्ती में आप देश के आम नागरिक रहते हुए भी भारत की सेवा कर सकते हैं।

### दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती

दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती 2025 भी इस महीने आने वाली है।एसएससी के नए कैलेंडर के मुताबिक दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर/सीएपीएफ (SSC CAPF SI Vacancy 2025) भर्ती का नोटिफिकेशन 16 जून 2025 को जारी होना है। जिसमें अभ्यर्थी 7 जुलाई 2025 तक फॉर्म भर सकेंगे। हालांकि आवेदन की इन तारीखों में बदलाव होना भी संभावित है।

### हरियाणा सीईटी रजिस्ट्रेशन

हरियाणा में ग्रुप सी और डी भर्तियों के लिए सीईटी परीक्षा के रजिस्ट्रेशन भी लंबे इंतजार के बाद शुरू हो चुके हैं। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने 28 मई से 12 जून तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन विंडो ओपन रखेगा।

# डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में करें कॅरियर की शुरुआत



ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद युवा नौकरी की तलाश में जुट जाते हैं। लेकिन कई बार प्राइवेट सेक्टर में भी मन मुताबिक नौकरी नहीं मिल पाती है। जिसके कारण युवाओं को निराशा घेर लेती है। आप चाहे एक बेरोजगार युवा हों, ग्रहणी हों या फिर उम्र के किसी भी पड़ाव में पहुंचे महिला या पुरुष हो। अब आपको नौकरी के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए हम एक अच्छी खबर लेकर आए हैं। जो भी युवा घर पर रहकर आकर्षक सैलरी वाली नौकरी करना चाहते हैं। या जिन लोगों को बड़ी-बड़ी डिग्री और डिप्लोमा होने के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही है। वहीं एडवांस डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में कॅरियर बना सकते हैं। इन कोर्सेज को करने के लिए युवाओं को कहीं जाने की जरूरत नहीं होती है। युवा घर में बैठकर मोबाइल फोन से इस कोर्स को कर अपने शहर में नौकरी पा सकते हैं या फिर फ्रीलांसिंग करके अच्छे पैकेज वाली सैलरी उठा सकते हैं।

**डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम की खूबी : गूगल सर्टिफाइड**
**अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण**
**इंडस्ट्री एक्सपर्ट के साथ मास्टर क्लास सेशन**
**पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट एंड ग्रूमिंग सेशन**
**100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस**
**साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन**
**100 फीसद प्लेसमेंट असिस्टेंस**
**कम्प्लीमेंट्री कोर्स - सॉफ्ट स्किल्स**
**स्पोकन इंग्लिश क्लासेज**
**20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स**
**8+ लाइव प्रोजेक्ट्स**
**इंटर्नशिप का अवसर**
**इंटरव्यू प्रिपरेशन**

**ऐसे दें कॅरिअर को उड़ान :** अगर आप भी ग्रेजुएशन कर चुके हैं, लेकिन कॅरियर को लेकर तमाम तरह की टेंशन है। तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। क्योंकि आप घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग के कई कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज कर सकते हैं। आप खुद को किसी भी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। बता दें कि डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी आप कई अन्य कोर्स कर अपने कॅरियर को नई उड़ान दे सकते हैं।

## अभ्यास

**1.रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता का दूसरा दौर कहां आयोजित किया गया है?**
(क) इस्तांबुल
(ख) कुवैत सिटी
(ग) बुडापेस्ट
(घ) मनीला
**उत्तर- (क) इस्तांबुल**

**2. अंडमान एवं निकोबार कमान के कमांडर-इन-चीफ का पदभार किसने संभाला है?**
(क) जसवीर सिंह मान
(ख) मनीष खन्ना
(ग) राहुल सहगल
(घ) दिनेश सिंह राणा
**उत्तर-(घ) दिनेश सिंह राणा**

**3.आईईपीएफए और एसईबीआई ने निवेशकों को सशक्त बनाने और अनक्लेम्ड डिविडेंड का समाधान करने के लिए कहां पहला 'निवेशक शिविर' शुरू किया है?**
(क) हैदराबाद
(ख) बेंगलुरु
(ग) नई दिल्ली
(घ) पुणे
**उत्तर- (घ) पुणे**

**4. सेविंग्स अकाउंट पर न्यूनतम बैलेंस की सीमा को हटाने वाला पहला बड़ा सरकारी बैंक कौन बन गया है?**
(क) स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया
(ख) केनरा बैंक
(ग)पंजाब नेशनल बैंक
(घ) बैंक ऑफ़ बड़ौदा
**उत्तर-(ख) केनरा बैंक**

**5. हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में 72वीं नई मिस वर्ल्ड कौन चुनी गई हैं?**
(क)क्रिस्टीना पिस्ज़कोवा
(ख) नंदिनी गुप्ता
(ग) सुचाता चुआंगसरी
(घ)मोनिका केज़िया सेम्बिरिंग
**उत्तर- (ग) सुचाता चुआंगसरी**

# ये हैं आईआईटी के कम पापुलर कोर्स

इस वक्त आईआईटी और एनआई में बीई/बीटेक कोर्स में प्रवेश के लिए जोसा काउंसलिंग चल रही है।

बीटेक करने के लिए स्टूडेंट्स के बीच कंप्यूटर साइंस, सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे ब्रांच काफी पापुलर हैं। कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग ब्रांच में एडमिशन पाना तो काफी मुश्किल माना जाता है।

लेकिन पिछले कुछ साल में बीटेक के कई नए कोर्स शुरू किए गए हैं। आइए जानते हैं आईआईटी में के कुछ ऐसे बीटेक प्रोग्राम के बारे में, जिनके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। लेकिन इनमें बीटेक करने वालों को लाखों के पैकेज वाली नौकरियां मिलती हैं।

**बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**

बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स आईआईटी रुड़की, गुवाहटी, मद्रास, और हैदराबाद समेत कई आईआईटी इंजीनियरिंग कॉलेजों में है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के होते विकास और उपयोग को देखते हुए यह कोर्स काफी अच्छी सैलरी पैकेज दिला सकता है। यह कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग कोर्स के साथ एआई में स्पेशलाइजेशन की तरह है। रिपोर्ट के अनुसार बीटेक एआई करने के बाद 50 से 55 लाख सालाना तक के पैकेज पर प्लेसमेंट होता है।

**बीटेक फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी**

आईआईटी बीएचयू चार साल का बीटेक फार्मास्यूटिक्स इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी कोर्स ऑफर करता है। यह कोर्स साइंस, इंजीनियरिंग, फार्मेसी और ह्यूमनिटीज डिसिप्लिन का कॉम्बिनेशन है। पहले दो साल में बेसिक साइंस एवं इंजीनियरिंग की जानकारी दी जाती है।

फार्मास्यूटिकल इंजीनियर के रूप में शुरुआती सैलरी 14-15 लाख रुपये सालाना पाई जा सकती है।

**बीटेक बायोमेडिकल इंजीनियरिंग**

बीटेक बायोमेडिकल इंजीनियरिंग भी आईआईटी दिल्ली के बेहद कम पापुलर कोर्स में एक है। यह कोर्स करने के बाद मेडिकल इंडस्ट्री में शानदार सैलरी पैकेज वाली जॉब मिल सकती है। मेडिकल इंडस्ट्री में हॉस्पिटल, मैनेजमेंट कंपनियों, लैबरोटरी और कंसल्टेंसी में बायोमेडिकल इंजीनियर्स की मांग है। बायोमेडिकल इंजीनियर की एवरेज सैलरी पैकेज 11 लाख रुपये का है। हालांकि इस फील्ड में एक्सपीरियंस बढ़ने पर सैलरी भी बहुत अच्छी मिलती है।



# 12वीं के बाद चाहिए नौकरी, तो जरूर सीखें ये पांच स्किल्स




12वीं पास करने के बाद यदि आप कुछ महत्वपूर्ण स्किल्स सीख लेते हैं, जैसे कंप्यूटर, कम्युनिकेशन, प्रॉब्लम सॉल्विंग, लीडरशिप और समय प्रबंधन, तो नौकरी के ढेरों अवसर आपके लिए खुल सकते हैं। ये स्किल्स आपको किसी भी करियर में सफलता दिलाने में मदद कर सकती हैं। 12वीं पास करने के बाद ज्यादातर छात्र और छात्राएं यह सोचते हैं कि आगे क्या करना चाहिए। शिक्षा के इस मोड़ पर, अगर सही दिशा में कदम बढ़ाए जाएं और कुछ अहम स्किल्स सीखी जाएं, तो नौकरी के कई अवसर मिल सकते हैं। हालांकि, हम यह दावा नहीं कर सकते कि इन स्किल्स को सीखने से नौकरी मिल ही जाएगी, लेकिन ये स्किल्स आपको किसी भी नौकरी के लिए तैयार करने में मदद कर सकती हैं। हम यहां कुछ महत्वपूर्ण स्किल्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें सीखने से आपके करियर के अवसर बढ़ सकते हैं।

**1. कंप्यूटर और डिजिटल कौशल-** आज के समय में कंप्यूटर और डिजिटल कौशल की मांग बहुत बढ़ गई है। चाहे आप किसी भी क्षेत्र में जाएं, कंप्यूटर की बेसिक जानकारी और इंटरनेट का सही उपयोग बहुत जरूरी है। Microsoft Office, Excel, और Google Suite जैसी सुविधाएं सीखकर आप विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए तैयार हो सकते हैं। इसके अलावा, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी स्किल्स भी आपको रोजगार के ढेरों अवसर दे सकती हैं।

**2. कम्युनिकेशन स्किल्स** - आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में कम्युनिकेशन स्किल्स का महत्व बहुत बढ़ गया है। किसी भी नौकरी में अच्छा संवाद स्थापित करना, टीम में काम करना और पेशेवर तरीके से अपनी बात रखना जरूरी होता है। लिखित (Written) और मौखिक कम्युनिकेशन (Verbal Communication) दोनों में दक्षता हासिल करना आपको किसी भी पेशेवर क्षेत्र में सफल बनने में मदद कर सकता है।

**3. प्रोब्लम-सॉल्विंग स्किल्स**

किसी भी काम को सही तरीके से करने के लिए आपको समस्याओं का हल ढूंढना आना चाहिए। यह क्रिटिकल थिंकिंग और डिसीजन मेकिंग के तहत आता है। अगर आप सोच-समझकर काम करने की आदत डालते हैं, तो यह किसी भी क्षेत्र में आपके लिए एक बहुमूल्य स्किल बन सकती है।

**4. लीडरशिप और टीमवर्क**-भले ही आप एक शुरुआती स्तर पर काम शुरू करें, लेकिन अगर आपको टीम में काम करना और लीड करना आता है, तो आप जल्दी ही ऊंचे पदों तक पहुंच सकते हैं। लीडरशिप स्किल और टीम कॉलेबोरेशन पर काम करना किसी भी नौकरी में आपको सफल बना सकता है।

**5. समय प्रबंधन**-समय का सही उपयोग करना किसी भी नौकरी में सफलता के लिए सबसे जरूरी स्किल्स में से एक है। टाइम मैनेजमेंट सीखने से आप अपने कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कर सकते हैं और काम में अधिक उत्पादक हो सकते हैं। यह स्किल खासकर उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, जो फ्रीलांसिंग या रिमोट वर्क करते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 4 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, नवमी तिथौ बुध वासरे 23/55/ उत्तर फाल्गुनी नक्षत्रे 27/36/वज्र योग 08/29/ बालव करणे 10/56/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं.07मि.36पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** नवमी में उपोषण करके शुक्ल देवी का पूजन।

**मेष-** स्वास्थ्य नरम रहेगा। कामों में व्यवधान रहेंगे। व्यय भार में वृद्धि होगी। नये अनुबंध होंगे। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृष-** आकास्मिक विवाद टालें। कार्यापूर्ति में आशंका रहेगी। परिजनों से उपेक्षा मिलेगी। स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा। अलस्य त्यागें।

**मिथुन-** पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। शुभ यात्राएं होंगी। बिगड़े कार्यों में प्रगति होगी। रुके धन की प्राप्ति होगी।

**कर्क-** मित्रों का सहयोग मिलेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा। कार्यों में आएगी। शारीरिक श्रमाधिक्य रहेगा। सुचारुता आएगी।

**सिंह-** रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ा बढ़ेगी। अधीनस्थों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार मिलेगा। वाणिज्य व्यवसाय में विस्तार होगा।

**कन्या-** अधिकारी वर्ग प्रबल रहेगा। मित्र वर्ग सहयोगी रहेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। रुके कार्यों में अल्प प्रगति होगी।

**तुला-** मित्रों का सहयोग रहेगा। निराशा की प्रवन्ति से बचे। कारोबारी विषमताएं हल होंगी। सुसंगति लाभ होगा।

**वृश्चिक-** उच्च वर्गीय सहयोग मिलेगा । घरेलू कामों में व्यस्त रहेंगे। परिश्रम का पूर्ण लाभ मिलेगा। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**धनु-**आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। निजी प्रेम में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन का लाभ होगा।

**मकर-** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कुंभ-**सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक योजनाओं में पूंजी निवेश कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण तनावपूर्ण रहेगा।

**मीन-** मित्रों के साथ मतभेद हो सकता है। शांतिपूर्ण कार्य करना ही लाभकारी रहेगा। परिश्रम करना पड़ेगा।

### जिला जज ने किया कारागार का किया मासिक निरीक्षण, दिये निर्देश

## कैदियों को अपने अन्दर सुधार लाकर कुछ सीखने का अच्छा अवसर होता है-कुलदीप सक्सेना

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, कुलदीप सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर व अपर जिला जज भगीरथ वर्मा तथा अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा जिला कारागार में मां ललिता देवी मन्दिर नैमिषारण्य की, प्रबन्ध समिति के सहयोग व लखनऊ विश्व विद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर ओ.पी. सिंह, एन.वी.आर.ओ. की वरिष्ठ प्रबन्धक डा. पूनम सिंह व आई.आई.टी. मण्डी के स्वास्तिक वर्मा व अनिका सिंह छात्रगणों के सहयोग से जिला कारागार में महिला बन्दियो के वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश द्वारा वहां पर उपस्थित समस्त महिला बन्दियों को वस्त्र वितरित किये साथ ही यह भी बताया गया कि सीखने के लिए यह सबसे अच्छा अवसर है। महिला बन्दियों के साथ निवास कर रहे बच्चों को कलर (क्रेयान्स) आदि भी वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम के समय जिला कारागार का समस्त स्टाफ तथा रितिकेश श्रीवास्तव, लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भी उपस्थिति रहे। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना'' की अध्यक्षता में जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ''नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। जिला कारागार सीतापुर में जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह'' तथा जेलर, अरविन्द श्रीवास्तव'' सहित अन्य जेल अधिकारी भी उपस्थित रहें। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, द्वारा जिला कारागार सीतापुर मे महिला बैरक, किशोर बैरक के निरीक्षण किया गया। साथ ही अन्य बैरकों का भी निरीक्षण कर, बन्दियों से वार्ता की गयी। वार्तालाप के दौरान बन्दियों की छोटी–छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हे सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। जेल अपील के सम्बन्ध में भी पूछताछ की गयी, बताया गया कि सभी दोष–सिद्ध बन्दियों द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील दाखिल कर दी गयी है। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्था दुरुस्त पाई गयी। जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, जेल लीगल एड क्लीनिक पर मौजूद पी.एल.वी. से उसके कार्यो के बारे में व नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा गया तथा रजिस्टर जांचे गये। इस दौरान जातीय आधार पर भेदभाव से संबंधित कोई मामला संज्ञान में नही आया। इसके अतिरिक्त कुष्ठ आश्रम खैराबाद में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में अपर जिला जज, भगीरथ वर्मा, व अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, व मां ललिता देवी मन्दिर नीमसार के सहयोग से वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव को वहां पर उपस्थित व्यक्यिों द्वारा बताया गया कि कालोनी में मकानों की स्थिति अत्यन्त जर्जर है। अपर जिला जज/सचिव, द्वारा निरीक्षण कर यह पाया गया कि मकान अत्यधिक जर्जर स्थिति में वहां पर उपस्थित व्यक्तियों को आश्वस्त कराया कि उक्त के सन्दर्भ में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से पत्राचार किया जायेगा तथा वहां पर उपस्थित नायब तहसीलदार हो निर्देशित किया कि उक्त कालोनी के सन्दर्भ में अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करें। उक्त कार्यक्रम में तहसील सदर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टाफ भी मौजूद रहा। उक्त आयोजन जनपद न्यायाधीश व भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज की प्रेरणा से प्रारम्भ किया गया है। मां ललिता देवी मन्दिर में दान किये गये वस्त्रों को जरूरत मन्द महिलाओं को उपलब्ध कराने हेतु कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है।





## तीन अंतर्जनपदीय आटोलिफ्टर गिरफ्तार, चोरी की नौ मोटरसाइकिलें बरामद

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी/छिनैती जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव के नेतृत्त्व में थाना लहरपुर व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ०३ शातिर अंतर्जनपदीय आटोलिफ्टरों जमी अहमद पुत्र नबीअहमद नि० हाजीपुर थाना नीमगांव जनपद खीरी ,जिशान पुत्र समीउल्ला नि० ग्राम नीमगांव थाना नीमगांव जनपद खीरी ,जुबेर खा पुत्र सफीअहमद नि० हरिदासपुर थाना खीरी जनपद लखीमपुर खीरी को पोंगलीपुर पुल के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों से मौके/निशानदेही से कुल नौ अदद चोरी की मोटरसाईकिलें बरामद हुई हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बरामद मोटरसाइकिलों के विषय में पूछताछ में बताया कि हम तीनो लोग साथ में मिलकर अलग – अलग स्थानो से मोटरसाइकिलें चोरी कर उनके नंबर प्लेट बदल कर या हटाकर कुछ समय प्रयोग कर एक दूसरे के माध्यम से ग्राहक सेट करके चोरी की मोटरसाइकिलों को बेच देते है जो रुपये मिलते है उसे हम लोग आपस में बांट लेते है। मौके से बरामद सफेद अपाचे मोटरसाइकिल हमने लगभग २०–२२ दिन पूर्व लालकमल ढाबा लहरपुर के सामने से तथा दूसरी मो०सा० हीरो स्प्लेण्डर प्लस आमीन नगर मोहम्दी से चोरी की थी तथा निशानदेही पर नवीनगर से पहले घने जंगल झाडियो में ०७ अन्य मोटरसाइकिलें, जनपद खीरी में विभिन्न स्थानों से चोरी की है।




## हनुमानगढ़ी प्रांगण में आयोजित हुआ विशाल भंडारा

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के पावन अवसर पर नैमिषारण्य तीर्थ स्थित हनुमानगढ़ी के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके द्वारा प्रभु का पूजन अर्चन किया गया साथ ही साधु संतों बटुकों व भक्त गणों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि हमारे लिए गौरव का विषय है कि प्रभु के श्री चरणों में आज हम सब प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं उन्होंने कहा मैं प्रभु से राष्ट्र के कल्याण एवं सभी देशवासियों की संपन्नता की कामना करता हूं। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा, विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक रामकृष्ण भार्गव, निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



## समाजसेवी ने बुजुर्ग को पहुंचाया अस्पताल

**( स्वतंत्र भारत )**

अटरिया–सीतापुर। नेशनल हाईवे सीतापुर लखनऊ बार्डर पर एक बुजुर्ग घायलावस्था में हाईवे पर तडप रहे थे तभी अचानक लखनऊ की तरफ से आ रहे समाजसेवी सचिन यादव ने तत्काल रूप से डायल १०८ नंबर पर काल की किंतु उसके विलम्ब होने पर समाजसेवी को रहा नहीं गया तुरंत प्राइवेट गाडी की मदद से अस्पताल पहुंचाया बताते चलें मामला लखनऊ सीतापुर बार्डर पर नेवादा के पास एक बुजुर्ग दादा को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायलावस्था में पडे हुए थे।

## जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी के साथ गाली-गलौज करने पर केस दर्ज

**( स्वतंत्र भारत )**

महमूदाबाद–सीतापुर। सोशल मीडिया पर वायरल आडियो में दो लोगों के बीच होने वाली बातचीत के दौरान जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी के साथ गाली–गलौच करने पर शीवेंद्र पटेल की तहरीर पर जाफरपुर के विनोद पांडेय व रामपुर मथुरा के रायपुर तिलपुरा के अशोक रावत के खिलाफमहमूदाबाद कोतवाली में सोमवार को अपमान जनक भाषा का उपयोग कर उन्माद फैलाने, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया गया है।

## बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाये-दुर्गेश सिंह

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। बकरीद में होने वाली कुर्बानी तथा नमाज को सकुशल सम्पन्न करवाने के लिए योजना तैयार कर ली गई है। अराजक तत्वों के साथ सोशल मीडिया पर भी पुलिस व खुफिया तंत्र बारीकी से नजर रख रहा है। त्योहारों में खलल डालने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें आगामी बकरीद और जेष्ठ मास के चौथे व पांचवे मंगल को सकुशल सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से महमूदाबाद कोतवाली परिसर में एडिशनल एसपी दुर्गेश सिंह ने शांति कमेटी की बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बकरीद की नमाज मस्जिदों और ईदगाह में ही आयोजित हो। सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर नमाज नहीं अदा की जाएगी। खुले स्थानों पर कुर्बानी नहीं की जाएगी। कुर्बानी वाले स्थानों को ढककर रखा जाएगा तथा वितरण भी सीमित स्थानों पर किया जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर हर वर्ग के लोगों को संयमित रहने व अनावश्यक पोस्ट न करने की सलाह दी गई। एसडीएम बीके सिंह ने कहा कि नगर व क्षेत्र के लोग सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाएं। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए है। आप लोग कोई भी गलत कार्य न करें। क्षेत्र में अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश या फोटो वायरल करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बकरीद व बड़े मंगल के दौरान सभी धर्म सम्प्रदाय के लोगों को संयमित रहकर सहयोग करने और प्रशासन का सहयोग करने की आवश्यकता है। धर्म हमें व समाज को जोड़ने का काम करते हैं, तोड़ने का नहीं। सभी जिम्मेदारों ने व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त करवाए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कोतवाल अनिल सिंह, मौलाना नुरुल हुदा, मौलाना रईस कासमी, हाजी वसी, कल्लू आढ़ती, अनवर हुसैन, मौलाना उस्मान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को सुनहरे मौसम के बीच हनुमान भक्तो ने किये विशाल भण्डारे

# संकट कटे मिटे सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा..................

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को हनुमान भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों पर जुटी। भक्तों ने उपवास रखकर अखंड रामचरितमानस, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ किया। नगर क्षेत्र में ज्येष्ठ माह के मंगल का बड़ी संख्या में हनुमत भक्तों द्वारा भंडारों का भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में भाजपा नेता संजीव गुप्ता टिन्चू ने चमत्कारी हनुमान मन्दिर में विशाल भण्डारे का आयोजन जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संजीव गुप्ता टिन्चू व उनकी पत्नी रूची गुप्ता ने कन्याओं को भोज कराने के उपरान्त भण्डारे का शुभारम्भ किया। इस दौरान पूर्व सांसद राजेश वर्मा, नगर पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी, यतीन्द्र अवस्थी बबलू, ,पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, उमाकांत मिश्र,पं. आशीष शास्त्री, मनीष मिश्र मन्नू, विकास हिन्दू, अनुराग रोशन, आशीष गुप्ता पिंकू, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, राजू त्रिपाठी, सागर गुप्ता, अनूप खेतान, राजन गुप्ता, ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, पंकज सिंह गौड़, राकेश शुक्ला, संतोष गुप्ता, , रामसेवक कनौजिया रामू, हिमांशू सिंह मोनू, जिला पंचायत अध्यक्षा प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, खैराबाद अध्यक्षा प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, अनूप विश्वकर्मा, ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, नितिन वर्मा, सहित भारी संख्या पत्रकार, डाक्टर, अधिवक्ता व गणमान्य लोग उपस्थित होकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। वही नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने अपने प्रतिष्ठान पर भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनेताओं सहित भारी संख्या में लोगो ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। वही जेल रोड स्थित बड़े हनुमान मन्दिर, छोटा हनुमान मन्दिर, फायर स्टेशन पर स्थित मन्दिर, रोडवेज बस अड्डे पर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर, चांदी वाले हनुमान मन्दिर सहित शहर के तमाम मन्दिरो तथा भक्तो ने अपने–अपने प्रतिष्ठानो के सामने स्टाल लगाकर अपनी–अपनी श्रद्धानुसार भण्डारे का आयोजन किया। इसी प्रकार अटरिया संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के धरावां स्थिति हनुमान मंदिर पर बी डी जयराम व राजेश (राजू) के द्वारा धरावां स्थिति हनुमान मंदिर पर बडी धूम धाम से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त क्षेत्र के प्रतिष्ठित व सम्मानित व्यक्तियों के साथ भंडारे में सैकड़ों महिलाएं पुरुष व नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे अटरिया नाला स्थिति माही दूध डेयरी पर अमित यादव द्वारा शर्बत का भंडारा करवाया गया बनौगा स्थिति लवकुश यादव के द्वारा बनौगा मार्केट में शर्बत का भंडारे का आयोजन किया गया वहीं सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल बालेश्वर महादेव जो की बेरसापुर मे स्थित है वहां पूडी सब्जी का भंडारा करवाया गया अहलादपुर गांव में समाजसेवियों के द्वारा पूडी सब्जी का आयोजन किया गया जिसमें तमाम भक्तों ने भंडारे का लुत्फ उठाया जेष्ठ मास में प्रतिदिन भंडारे के नाम पर गरीब असहाय लोगों को भंडारे के नाम से भोजन कराकर पुण्य के भागीदार हो रहें हैं। जेष्ठ मास में मंगलवार और शनिवार का दिन आस्था का दिन माना जाता है भक्तों का मानना है कि इस दिन कुछ न कुछ दान करके पुण्य का भागीदार हुआ जा सकता है।

इसी प्रकार बिसवां तहसील परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर मंगलवार को बिसवां लायर्स एसोसिएशन एवं बिसवां बार एसोसिएशन की ओर से बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम, बालाजी महाराज एवं नीम करौरी बाबा के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन–अर्चन के साथ हुई। इसके उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी, उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी और नायब तहसीलदार विनोद शर्मा ने भाग लिया। अतिथियों ने पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे का आयोजन संघ अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेई व सचिव सत्य प्रकाश सिंह की अगुवाई में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में लालजी वर्मा, बृजेश नारायण गुप्ता, मन्नालाल बाजपेई, सुरेश चंद्र मौर्य, ओम प्रकाश वर्मा, सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, रविंद्र नाथ सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, राजेश सिंह, रजनीश कुमार मिश्रा, ललित प्रकाश शर्मा, संतोष कठेरिया, संकटा प्रसाद शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला, आनंद मेहरोत्रा और ओंकार नाथ तिवारी सहित अनेक अधिवक्ता, न्यायिक व राजस्व कर्मचारी, वादकारी और आमजन उपस्थित रहे। सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन में श्रद्धा, समर्पण और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। मिश्रिख संवाददाता के अनुसार ज्येष्ठ मांह के आज चौथे मंगलवार को धार्मिक कस्बा मिश्रित के तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्र के नेत्रत्व में तहसील के समस्त स्टाफ व्दारा सब्जी , पूड़ी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया । नहर चौराहा पर स्थित बड़ा हनुमान मंदिर , तहसील कार्यालय के पीछे स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर , ग्राम गुफ्फापुरवा में स्थित प्राचीन हनुमान गुफा मंदिर , ग्राम जसरथपुर में स्थित बाला जी मंदिर सहित क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरो में सुबह से ही हनुमान भक्तो की भीड़ बनी रही । भक्तो ने हनुमान चालीसा पाठ व रामचरित मानस सुंदर कांड पाठ का आयोजन करके विधि विधान से पूजन अर्चन किया ।

कस्बा मिश्रित के हनुमान मंदिरो सहित ग्रामीण इलाकों सहित हनुमान भक्तो में जन सैलाब देखने को मिला । आपको बता दें कि सुबह से ही क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान भक्तो की भीड़ बनी रही । हनुमान भक्त विधि विधान से पूजा पाठ करने में लगे रहे । मंदिर परिसर और सड़कों के किनारे पांडाल लगाकर भंडारों का आयोजन चलता रहा है । प्रसाद ग्रहण करने लिए उमड़ी भीड़ देखते ही बन रही है । इन भंडारों में प्रमुखता से पूड़ी सब्जी, कढ़ी चावल , मीठी बूंदी , शीतल सर्बत और लड्डू आदि का प्रसाद वितरित किया गया है ।

इस धार्मिक क्षेत्र में जेष्ठ मांह के मंगलवार पर भंडारों का आयोजन आदि काल से होता चला आ रहा है । आज कस्बा मिश्रित के ग्राम जसरथपुर में स्थित बाला जी मंदिर , तहसील कार्यालय के पीछे स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर , नहर चौराहा पर स्थित बड़ा हनुमान मंदिर , दधीचि कुंड तीर्थ पर शुभम शुक्ला ने सीतल सर्बत का प्रसाद वितरित किया । इस तरह से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पूरा दिन विशाल भंडारों का आयोजन चलता रहा । जिसमें सैकड़ो हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । महमूदाबाद संवाददाता के अनुसार ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को हनुमान भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों पर जुटी। भक्तों ने उपवास रखकर अखंड रामचरितमानस, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ किया।

क्षेत्र भर में ज्येष्ठ माह के मंगल का बड़ी संख्या में हनुमत भक्तों द्वारा भंडारों का भी आयोजन किया गया। प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, श्री संकटा देवी धाम, राम जानकी मंदिर, १००८ परमहंस मंदिर बन्नी, बालाजी मंदिर के साथ बाबाकुटी, सेमरी, चांदपुर, पैंतेपुर, गोड़ैचा, सदरपुर, बजेहरा, सरैयां, बिलौली बाजार के रामजानकी व हनुमान जी के मंदिरों पर मंगलवार की सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटी।





# जिलाधिकारी ने एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा की

## समस्त कार्यदायी संस्था निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान: जिलाधिकारी

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा 47.53 लाख रुपए की लागत से क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसे पूर्ण करने की तिथि 30 जून निर्धारित है तथा समय से कार्य पूर्ण ना होने पर रैंक प्रभावित होगी। जिस पर कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि लागत के सापेक्ष 39 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं और 90.6 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, कार्य पूर्ण करने की तिथि आगे बढ़ाने के लिए पत्र भेजा गया है।

बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम(नगरीय) की शीशगढ़ नगर पंचायत में पुर्नगठन पेयजल योजना, बिशारतगंज नगर पंचायत में पुर्नगठन पेयजल योजना, आंवला नगर पालिका परिषद(जोन-1) पुर्नगठन पेयजल योजना तथा पेयजल योजना वार्ड-23 इंदिरा नगर के कार्य को गुणवत्तापरक करने के निर्देश दिए। फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत पुर्नगठन पेयजल योजना (अमृत 2.0 कार्यक्रम) के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि उक्त योजना हेतु हाइवे क्रास करके 500 मीटर लाइन डाली जानी है, जिस हेतु एनएचएआई की अनापत्ति की आवश्यकता होगी, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित के साथ बैठक बुलाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि



तहसील बहेड़ी रिछा में राजकीय महाविद्यालय का कार्य, राज्यकर विभाग में फायर फाइटिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, हैण्डओवर की प्रक्रिया गति में है। इसी प्रकार राजकीय पौधशाला डेलापीर, किसान कल्याण केन्द्र फरीदपुर/बिथरीचैनपुर का भी पूर्ण हो चुका है।

बैठक में कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस ने अवगत कराया कि स्वालेनगर में चार्जिंग स्टेशन इसी माह पूर्ण हो जाएगा। बचपन डे केयर का कार्य पूर्ण करने की तिथि 18 अप्रैल 2026 है। राजकीय पॉलिटेक्निक सेंथल का कार्य चल रहा है, धनराशि मात्र 75 लाख रुपए मिली है। सम्भागीय परिवहन कार्यालय में सारथी हाल का निर्माण कार्य भी 01 जुलाई 2027 तक पूर्ण हो जाएगा।

बैठक में अवगत कराया गया कि बदायूं सिंचाई परियोजना का प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग नई दिल्ली को प्रेषित की गयी है जो कि परीक्षणाधीन है। उपरोक्त कारणों से परियोजना लंबित है। इसके अलावा नदियों से होने वाले कटान को रोकने के दृष्टिगत देवहा नदी के दायीं ओर कटान निरोधक कार्य, रामगंगा नदी के दायीं ओर कटान निरोधक कार्य, बहगुल नदी के बायीं ओर कटान निरोधक कार्य, दोजोरा नदी के किनारे कटान निरोधक कार्य सहित कुल 09 बाढ़ निरोधक कार्य बाढ़ खण्ड द्वारा कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य से पूर्व और कार्य के बाद की ड्रोन वीडियोग्राफी कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी कार्य निर्माणाधीन हैं या जो कार्य होने हैं उन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए और कार्य की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त कार्यदायी संस्था सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी बरेली शहर विधानसभा के प्रभारी निर्मोज यादव का हुआ स्वागत

## शहर विधानसभा चुनाव पर हुई विस्तृत चर्चा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के बरेली शहर विधानसभा के प्रभारी निर्मोज यादव का समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता और शहर विधानसभा से दावेदारी कर रहे मयंक शुक्ला के आवास पर आगमन हुआ। मयंक शुक्ला ने पुष्प गुच्छ देकर प्रभारी का स्वागत किया। शहर विधानसभा के प्रभारी निर्मोज यादव से शहर विधानसभा के समीकरण पूर्व के चुनाव की परिस्थितियों और पार्टी 2027 में कैसे शहर विधानसभा से जीत दर्ज कर सकती है, इस पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस मौके पर निर्मोज यादव ने कहा की समाजवादी पार्टी को यह सीट जीत कर देना ही हम सब का संकल्प है। शहर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की जीत के रथ को समाजवादी पार्टी ही रोकेगी। शहर विधानसभा



प्रभारी निर्मोज यादव ने कहा की पूरी पार्टी एकजुट होकर अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूरे उत्तर प्रदेश की तरह ही शहर विधानसभा से भी ऐतिहासिक आर्थिक जीत दर्ज करेगी।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख आदेश यादव ने शहर विधानसभा की क्षेत्रवार एवं जातीय समीकरण पर चर्चा की। इस मौके पर शिक्षक सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष भुवनेश यादव, परवेज यार खान, मुशाहिद खान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर जीआरपी में तैनात हेड कॉन्स्टेबल की मौत

## घटना स्थल पर एसएसपी और फील्ड यूनिट पहुंची

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र में सुबह लगभग चार बजे बरेली जंक्शन सिग्नल से 50 मीटर दूर थाना सुभाषनगर के सामने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन रनोवर(ट्रेन व्यक्ति के ऊपर गुजर जाने) की सूचना ट्रेन ड्राइवर द्वारा दी गई। मौके पर पहुंचकर जानकारी हुई कि मृतक हेड कांस्टेबल विनीत कुमार पुत्र सुरेश चंद पीएनओ 112302694 वर्तमान तैनाती जीआरपी बरेली जंक्शन पर है। 6 महीने से बरेली जीआरपी में तैनात थे, घटना के समय आरक्षी ट्रेन ड्यूटी में था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मौका मुआयना किया गया है, मृतक वर्दी पहने हुए था, पिस्टल लगी हुई, जेब में मोबाइल व पर्स एवं बगल में बैग मिला है, घटना स्थल पर फील्ड यूनिट द्वारा साक्ष्य संकलन किए गए।

मृतक का परिवार हाथरस पुलिस लाइन में रहता है। पुलिस ने सूचित कर दिया गया है। मूल रुप से जनपद फर्रुखाबाद थाना कंपिल ग्राम बलीपुर गढ़ी के रहने वाले है

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। सरकारी पिस्टल मय राउंड, पर्स, मोबाइल, टेबलेट,बैग सभी सामान सुरक्षित दाखिल किया गया है।

# नगर आयुक्त ने निर्माण एवं नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया,कमियां मिलने पर जताई नाराजगी

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** नगर आयुक्त द्वारा मंगलवार को पुलिस लाईन निकट प्रगतिधीन एनसीएपी के अन्तर्गत हॉटमिक्स एवं साईड पटरी निर्माण कार्य एवं बदायु रोड पर सफाई व्यवस्था एवं नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता आदि उपस्थित रहे। एनसीएपी कार्य के निरीक्षण में सड़क में डाली गयी इंटरलोकिंग कुछ जगह धंसी पायी गयी जिसे सही करने हेतु निर्देशित किया गया। सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति एवं इंटरलोकिंग सही से नहीं लगाए जाने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार मै0 राजीव ट्रेडर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

बदायूं रोड पर नाले की सफाई का कार्य मै0 हिमगिरी इन्टरप्राईजेज द्वारा किया जा रहा है। शुगर फैक्ट्री से कुंवर रिसोर्ट होते हुए बीडीए कालोनी तक नाला सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान जगह-जगह सिल्ट व फ्लोटिंग पायी गयी। कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर 03 दिवस में अधिक मात्रा में मैन पॉवर व मशीनरी का प्रयोग करते हुए नाले की सफाई करने के साथ-साथ कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। बदायुं रोड मुख्य मार्ग की सफाई में लेवर आपूर्ति का ठेका मै0 इग्नाईटेड सॉफ्ट का है। बदायुं रोड के किनारे एवं डिवाईडर पर अत्याधिक गन्दगी पायी गयी, जिस हेतु फर्म को सफाई मे लापरवाही हेतु क्यों न भारी अर्थदण्ड लगाये जाने हेतु कारण बताओं नोटिस जारी किया गया तथा क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक नीरज कुमार, को कठोर चेतावनी एवं वार्ड-12, 07 एवं 04 के सफाई नायकों का अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरण पर रोक लगाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा यदि सफाई व्यवस्था मे सुधार नहीं होता है तो कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।



# संक्षिप्त समाचार

## भीषण गर्मी में राहत के लिए सिविल डिफेंस ने जिला अस्पताल में किया शर्बत वितरण




**बरेली।** नागरिक सुरक्षा उपनियंत्रक राकेश मिश्र की प्रेरणा से जिला अस्पताल परिसर में आज सोमवार से प्रतिदिन शनिवार तक चलने वाले साप्ताहिक शर्बत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ ने रिबन काट कर किया साथ में अलखनाथ प्रभाग के डिविजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल, डिविजनल वार्डन आरक्षित शिवलेश पाण्डेय, स्टाफ ऑफिसर गीता शर्मा, आई.सी.ओ. नीतू द्विवेदी पोस्ट वार्डन आराक्षित पवन कालरा, सैक्टर वार्डन अमित आनंद, वीनू गोस्वामी व शंकर शर्मा, सिविल लाईन प्रभाग के श्याम कृष्ण, सुनील यादव, ओम प्रकाश तथा बारादरी प्रभाग से आई.सी.ओ. बृजेश पाण्डेय, पोस्ट वार्डन जगतपुर बृजेश कुमार, पोस्ट वार्डन आजम नगर सिकन्दर ए आजम, सेक्टर वार्डेन मोहम्मद अहमद, मो. साजिद, मो. अय्यूब, सुप्रिया अग्रवाल व पोस्ट वार्डन कालीबाड़ी विकास अग्रवाल, डिप्टी पो. वा. महेश कुमार, सेक्टर वार्डन तृप्ति गुप्ता, मो. मुरशद, शिवम शर्मा, रेनू शर्मा, कंचन उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, झाड़ियों में मिला शव



**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के गांव राधोली कला के बुजुर्ग सूरजपाल उम्र 60 वर्ष रविवार शाम के समय पड़ोस के एक गांव अम्रता में शादी समारोह में शामिल होने गए थे लेकिन उसके बाद घर लौटकर वापस नहीं आये। सोमवार सुबह से परिजन उनकी तलाश कर रहे थे तो उन्हें जानकारी प्राप्त हुई कि शिवपुरी गांव के पास डागरोली गांव की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे झाड़ियों में सूरजपाल मृत अवस्था में पड़े हैं। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।बुजुर्ग के बेटे राहुल ने एक्सीडेंट की संभावना जताते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी को सर तन से जुदा करने की मिली धमकी



**बरेली।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी को ट्विटर एक्स पर अजित सिंह नामक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी देते हुए लिखा है नदीम कुरैशी का सर इसके धड़ से अलग कर दो यह अपील अजित ने हिन्दू संगठनों से की है। नदीम कुरैशी ने अजित और उसके समर्थकों के खिलाफ बरेली के थाना प्रेम नगर में एक तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए बरेली पुलिस से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। नदीम ने थाना प्रेम नगर प्रभारी को बताया की पहले भी उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं उनके साथ कोई अनहोनी हो सकती है लिहाजा इस धमकी को गंभीरता से लिया जाये।

## गन्दे गाने बजाने से मना करने पर महिला को लाठी डंडे से पीटा

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के गांव इटौरिया में सोमवार रात एक महिला सरोजनी को दबंगों ने घर में घुसकर लाठी डंडे से पीटा।सिर्फ महिला का इतना कसूर था कि उसके घर के बाहर पृथ्वीराज नाम का व्यक्ति मोबाइल पर गन्दे गाने बजा रहा था। तभी महिला ने मना किया तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो गया। महिला ने 112 नम्बर पर सूचना देकर पुलिस को बुला लिया तो आरोपी भाग गया लेकिन पुलिस के जाते ही अन्य साथियों पप्पू और नरेश के साथ लाठी डंडे लेकर घर में घुस आया और गाली गलौज करते हुए महिला को पीटा। गांव वालों के आ जाने पर सभी आरोपी भाग गए।महिला ने मंगलवार को थाने पहुंचकर दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## इफको टोक्यो इंश्योरेंस कंपनी ने गर्मी में बांटा मीठा शर्बत

**बरेली।** जेष्ठ माह की भीषण गर्मी में जहां लोग चिलचिलाती धूप से परेशान हैं, वहीं इफको टोक्यो इंश्योरेंस कंपनी ने समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कंपनी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित डीएम आवास के सामने मीठे शर्बत का वितरण किया गया, जिससे राहगीरों और आम लोगों को काफी राहत मिली। इस सेवा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने शर्बत का सेवन कर अपनी प्यास बुझाई और इस सराहनीय पहल के लिए आयोजकों को दिल से शुभकामनाएं दीं। लोगों ने कहा कि इस तरह के कार्य गर्मी में अमृत के समान हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम में इफको टोक्यो के शाखा प्रबंधक मुकेश सिसोदिया के साथ-साथ ताज महोम्मद, जितेंद्र अरोड़ा, दीपक पाण्ड्य, आदिल हुसैन, दीपक गर्ग, दीपक पटेल, सचिन, वीरेन्द्र, शोभित तिवारी आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# ईद-उल-अज़्हा पर सुरक्षा, सफ़ाई व बिजली व्यवस्था की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** इस साल ईद-उल-अज़्हा यानि बकराईद का त्योहार 7 जून से मनाया जाएगा। इस संबंध में ऑल इंडिया रज़ा एक्शन कमेटी (आरएसी) बरेली सहित पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था, बिजली व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखे जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि प्रदेश भर में हजारों लोग साल भर जानवर पालकर बकरईद के मौके पर बाजार में बेचने लाते हैं। इसी से उनके परिवार का पालन-पोषण होता है। हाल ही में भैंस के गोश्त को गोमाँस बताकर अलीगढ़ में गुंडों ने चार मुस्लिम नौजवानों को बेरहमी से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। इसी तरह पीलीभीत के क़स्बा डगा थाना माधोटांडा में भी भैंस की कलेजी लेकर आ रहे युवक को सड़क पर लाठी-डंडों और लात-घूसों से बेरहमी से पीटने की घटना सामने आई है। बाद में पुलिस पीड़ित युवक को



ही पकड़कर ले गई और हमलावरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ऐसी घटनाओं के मद्देनज़र यह ज़रूरी है कि पशुओं को बाजार तक लाने में व्यापारियों को किसी व्यवधान या असुरक्षा का सामना न करना पड़े। इसके लिए पशु व्यापारियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आम लोग अपने हाथ से कुर्बानी नहीं करते इसलिए कुर्बानी करने वालों के आने-जाने में व्यवधान से बचने के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए। ईदगाह तथा मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश जारी किए जाएं। संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। ईदगाह तथा मस्जिदों के आसपास सफाई का भी खास ध्यान रखा जाए। ईद-उल-अज़्हा के तीनों दिन बिजली सप्लाई सुचारू रखी जाए, साथ ही पानी की सप्लाई भी सुचारू रखने की व्यवस्था की जाए।

इस मौके पर हाफिज इमरान रज़ा बरकाती, अब्दुल हलीम खान, अब्दुल लतीफ कुरैशी, राजू बाबा हनीफ अजहरी, मुजफ्फर अली, रज़ा सय्यद, मुशर्रफ रज़ा, सईद सिब्तेनी अमिक रज़ा, जमाल अजहरी मोहम्मद यूसुफ, इब्ने हसन, सय्यद रिजवान रज़ा, समीर उद्दीन, शाहनवाज रज़ा नूर मोहम्मद हाफिज, आरिफ रज़ा, मौलाना सय्यद सफदर अली, मौलाना लईक रज़ा, मौलाना लियाकत रज़ा रियाज रज़ा, उवैस खान, इश्तियाक रज़ा, अनवर हुसैन, ताहिर रज़ा अफ़ज़ल रज़ा, इशाकत अल्वी, राशिद गद्दी आदि मौजूद रहे।

# आईरा द्वारा तोरण द्वार पर लगाया गया शीतल जल वितरण शिविर

## मनौना धाम के प्रबंधक आर्येन्द्र सिंह चौहान ने फीता काट कर किया शुभारंभ

-स्वतंत्र भारत-

**आंवला।** बाबा श्याम जी व पूज्य महंत ओमेन्द्र जी महाराज की कृपा व आशीर्वाद से ऑल इण्डिया रिपोर्टर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव जनाव अबरार अहमद,संरक्षक राजेन्द्र वर्मा,संतप्रसाद शर्मा,राजेन्द्र कुमार, रंजीत विसारिया,राघवेन्द्र सिंह,एसपी चौधरी तथा जिलाध्यक्ष सचिन सक्सेना के कुशल नेतृत्व में श्री श्याम जी मंदिर मनौना धाम के तोरण द्वार पर भक्तों के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल जल की व्यवस्था की गई है।शीतल जल की व्यवस्था तीन दिन जारी रहेगी। तीसरे दिन 05 जून को दशहरा के पावन अवसर पर शरवत का वितरण कराया जाएगा।



शीतल जल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मनौना धाम के प्रबंधक आर्येंद्र सिंह, चौहान, दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र वर्मा, आंवला कोतवाली के प्रभारी व इंस्पेक्टर अपराध प्रमोद कुमार सिंह, प्रबंधक मनौना धाम श्यामेन्द्र सिंह चौहान, ईएनआई चैनल व अखबार के तहसील प्रभारी संतप्रसाद शर्मा, हिंदुस्तान समाचार पत्र के तहसील प्रभारी राजेन्द्र कुमार सहित वरिष्ठ पत्रकार साथियों ने फीता काटकर किया।

इस दौरान ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन बदायूं के जिलाध्यक्ष वेदपाल सिंह कठेरिया, मानवेन्द्र सिंह चौहान, उपनिरीक्षक दुष्यंत गोस्वामी, उपनिरीक्षक पूजा गोस्वामी, कांस्टेबल प्रशांत मलिक, विधान केसरी अखबार के तहसील प्रभारी नगेन्द्र सक्सेना, संजीव कुमार सिंह उर्फ गब्बर, शिवेन्द्र सिंह, सीटू पाल, बबलू सागर, कुनाल आर्य, अनिकेत सिंह, संजय राजपूत, धीरेन्द्र सिंह,नमन सक्सेना, टिल्लू सिंह,अभिषेक तोमर, अनन्त सक्सेना सहित पुलिस कर्मी, पत्रकार व मनौना धाम के सेवादार मौजूद रहे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडल अध्यक्ष रनवीर सिंह फौजी के नेतृत्व में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में प्रदर्शन किया और कमिश्नर ऑफिस में ज्ञापन दिया। किसानों ने नवादा मोहल्ला की खराब सड़कों और नालियों, आवारा पशु सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा की समस्या को लेकर विरोध जताया।

किसान नेताओं का कहना है कि नगर निगम प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। नवादा मोहल्ले में मेन रोड से राम सिंह गारमेंट्स की ओर जाने वाली गली जर्जर है। बारिश में पानी भरने से बच्चों और बुजुर्गों के गिरने का खतरा रहता है। गली में न तो नाली है और न ही उचित बिजली व्यवस्था।

गोटिया वार्ड 46 की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां सफाई कर्मचारी नहीं आते। जाम नालियों और सड़कों पर भरे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़



रहा है। स्थानीय निवासी डेंगू और चिकनगुनिया से डरे हुए हैं। चंद्रशेखर प्रसाद मार्ग पर नगर निगम ने केवल मिट्टी डाली है। नालियों की सफाई न होने से पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

यूनियन ने 3 दिन के भीतर समस्या का समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। जिला अध्यक्ष रमेश सिंह फौजी ने सफाई व्यवस्था सुधारने, नालियों के निर्माण और बिजली के खंभों पर लाइट लगाने की मांग की है। कहा आवारा पशु से किसान परेशान हैं फसल को खराब कर रहे हैं सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा हो रहे है अधिकारी जांच कर जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराया जाए।

# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर दो दोस्तों की मौत

## घटना से मृतकों के परिवार में मचा हड़कंप

-स्वतंत्र भारत-





**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरखन रोड स्थित एक भट्ठे के समीप सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक नवाबगंज से अपने गांव चेना लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान पुष्पेंद्र (22 वर्ष), पुत्र खेम करन लाल, निवासी चेना और सुमित (20 वर्ष), पुत्र प्रेम पाल, निवासी पूरेनिया के रूप में हुई है। दोनों अच्छे मित्र थे और छात्र जीवन व्यतीत कर रहे थे।

पुष्पेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दुर्घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस जुट गई है। नवाबगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्हें दो बाइक सवार युवकों के रोड पर पड़े होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों से बातचीत में पता चला कि दोनों युवक किसी शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हेतु ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# तीन दिवसीय सामूहिक राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का समापन



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** युगवीणा लाइब्रेरी स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में तीन दिवसीय सामूहिक राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का समापन मुख्य अतिथि डॉ सबीन अहसन, मो कलीमुद्दीन, डॉ अमीन मुराद के द्वारा किया गया।

इस प्रदर्शनी के आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रदर्शनी में कुल सात राज्यों की 70 पेंटिंग को प्रदर्शित किया गया। डॉ अनु महाजन एवं जसप्रीत मोहन के द्वारा बनाई गई पेंटिंग की दर्शकों के द्वारा प्रशंसा की गई।

इस अवसर पर कलाकरों में डॉ0 रागिनी मिश्रा, वैष्णवी शर्मा, निर्दोष कुमार, दीक्षा, रुचि दिवाकर अनमोल शंखधार, चरितार्थ, रोशनी, प्रियंका शर्मा, विराट भारद्वाज, श्रेय भारद्वाज, एमएस फराज, रूकसार आदि उपस्थित रहे। आए हुए सभी दर्शकों ने इन सभी कलाकारों की कलाकृति को सराहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे मयंक शुक्ला, परवेज यार खान, सलमान शम्सी, शिरोज कुरैशी, रजत मिश्रा, तनु अग्रवाल, गरिमा सिंह। चित्रकला प्रदर्शन के आयोजन समिति के अध्यक्ष परमानन्द, उपाध्यक्ष श्री कृष्ण, संस्थापक उमेश चन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर हुए भण्डारे



**हरदोई।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को नगर शाहाबाद के मुख्य मार्गों पर भंडारे का आयोजन किया गया इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर माल्यार्पण कर भंडारे के प्रसाद का वितरण कर शुभारंभ किया हनुमान भक्तों ने मोहल्ला दिलेरगंज स्थित प्राचीन गायत्री देवी मंदिर घास मंडी तिराहा साइन मंदिर घंटाघर सदर बाजार मोहल्ला चैक स्थित महावीर मंदिर बंसी नगर चैराहा ब्लॉक तिराहा आज स्थान पर भंडारे का कम सुबह से शाम तक चलता रहा भंडारे में कहीं-कहीं पूरी सब्जी छोले चावल शरबत बूंदी आदि प्रसाद का वितरण देर शाम तक चलता रहा भंडारे में सभासद लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सभासद प्रतिनिधि रचित गुप्ता रमाकांत मौर्य इमरान खान, प्रीति आदित्य गौतम रतीराम , असद खां,अनस खां,मोहम्मद शान अभिषेक सिंह सफाई इंस्पेक्टर दीपक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे । ज्येष्ठ मास चतुर्थ बड़े मंगलवार के पावन दिवस पर शिव मंदिर( ठाकुर द्वारा )मौलागंज में सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भंडारा आयोजन हुआ एवं बस स्टैंड शाहाबाद में शिवम राठौर,कौशल राठौर,छोटे सक्सेना,संदीप सक्सेना द्वारा प्रसाद( भंडारा) वितरण के अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख रोली गुप्ता एवं नवनीत गुप्ता, आन्या बाथम आदि रहे।

**बिलग्राम।** ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को हनुमान भक्तों ने किया जगह जगह भण्डारा, श्रद्धालुओं को वितरित किए विविध भोज्य पदार्थ। ज्येष्ठ मास के चैथे मंगलवार को नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक महाबली हनुमानजी के भक्तों ने भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर भण्डारों का आयोजन किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों का वितरण किया गया। नगर में पुलिस थाने के सामने स्थित टीवीएस शोरूम के स्वामी राजीव शुक्ला ने राहगीरों के लिए शरबत वितरण कर एक सराहनीय सेवा कार्य किया। इस अवसर पर राजीव शुक्ला, राजू शुक्ला,शिवम शुक्ला, छोटू, अर्पित, सुधीर अवस्थी, आकाश अर्कवंशी और धीरू यादव सहित अन्य लोगों ने मिलकर राहगीरों को शरबत पिलाया। इसके अलावा, सीएचसी के सामने शुभ पैथोलॉजी लैब के संचालक अमित विश्वास और भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दीपा विश्वास, शालू खान, सार्थक मिश्रा ने भी राहगीरों के लिए पूड़ी, सब्जी और हलुए का वितरण किया। वहीं नगर के मोहल्ला रफैयत गंज में सुधीर कुमार एवं उनके अन्य साथियों ने विशेष भंडारे का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भी पहुंचे जिनके साथ अम्बेश तिवारी व अन्य गणमान्य लोगों ने राहगीरों को प्रसाद वितरण किया। इस प्रकार के सेवा कार्यों से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। सदर बाजार क्षेत्र में पुराने अस्पताल के सामने समाजसेवियों ने भी भण्डारे का आयोजन किया।इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारों में आम जनता को प्रसाद स्वरूप विविध प्रकार के व्यंजनों का वितरण किया। श्रद्धालुओं में भक्ति व सेवा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।हर जगह धार्मिक उत्सव की तरह माहौल दिखाई पडा।

**माधोगंज।** जेष्ठ के चैथे मंगल पर हनुमानजी के भक्तों की आस्था देखने को मिली कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह भंडारे आयोजित कर पूड़ी सब्जी,छोला चावल,बूंदी,शर्बत का प्रसाद वितरण किया गया। कस्बे के बस स्टॉप चोराहे से रेलवे क्रासिंग तक बाला जी के भक्तों की आस्था दिखाई दी शिवलिया मंदिर पर विनोद गुप्ता व राहुल गुप्ता ने प्रसाद में खीर का वितरण किया बैंक ऑफ इंडिया के निकट बन्ने कश्यप ,प्रदुम्न तिवारी योगेश तिवारी अंशू कश्यप अनुज,कश्यप कपिल पप्पू अवधेश महेंद्र कश्यप बाबुल कश्यप छोला चावल इंडियन बैक के सामने शौरभ माहेश्वरी गौरव माहेश्वरी, उमेश माहेश्वरी ने छोला चावल, लखनऊ डेंटल क्लीनिक से डॉ रोहित शर्मा ने बालाजी महराज का शर्बत से भोग लगाकर, शर्बत का वितरण किया, बालाजी मेडिकल के पास बूंदी, सदर बाजार रोड पर शर्बत, पोस्ट आफिस के पास छोला चावल, हरदेव राजा मंदिर के पास कढ़ी चावल, किराना मंडी में शर्बत, नझहाई चैराहा पूड़ी सब्जी,बघौली मार्ग नरपति सिंह कालेज के सामने हिमांशु द्विवेदी, लाइब्रेरी के सामने सौरभ ने छोला चावल, सर्वेश्वरानंद आश्रम पर बूँदी का प्रसाद वितरित किया गया, ,ग्राम मुड़ियाखेड़ा में कबीरा बाबा आश्रम पर मुकेश गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि रमेश पाल, श्याम बिहारी मिश्रा, आदि ने पूड़ी सब्जी, बूंदी, हुमायूं पुर में समाजसेवी राहुल गुप्ता ने शर्बत का वितरण किया।

**शाहाबाद** हरदोई।कलियुग में कहा जाता है हनुमान जी साक्षात विराजमान हैं।वे भक्तों द्वारा मन से सुमिरन करने पर उनके सभी संकट को दूर कर देते हैं।ज्येष्ठ के चैथे बड़े मंगल पर भी मंदिरों में भक्तों की दर्शन के लिए लाइन देखी गई।इस अवसर नगरपालिका गेट सहित पूरे नगर में जगह जगह भंडारे का आयोजन कर आयोजकों ने हनुमान जी से संकट दूर करने की विनती की।तपती दोपहर में प्रसाद पाकर शीतल जल से अपनी प्यास बुझाने वाले राहगीरों ने भी भंडारा आयोजको को खूब आशीर्वाद दिया। वैसे तो हर मंगलवार को हनुमान जी की उपासना कर भक्त लोग अपने संकट दूर करने की प्रार्थना करते हैं लेकिन ज्येष्ठ में पड़ने वाले बड़े मंगल पर भक्तों का बाबा के प्रति लगाव और उत्साह देखते ही बनता है ज्येष्ठ के चैथे बड़े मंगलवार को भी हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।बाला जी मंदिर में सुबह से दर्शन करने वाले भक्तों की लंबी कतार लगी रही।मंदिरों पर सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ आयोजित किए गए।कई घरों में भी भक्तों ने परिवार और साथियों सहित सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया।कस्बे के बाला जी मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पिहानी रोड पर संदीप सीमेंट स्टोर पर सुमत गुप्ता गुड्डू दिल्ली वाले ने भंडारे का आयोजन किया।बस स्टैंड पर राजू तिवारी जनरल स्टोर वालों की तरफ से नौवां विशाल भंडारा किया गया।विवेक मिश्रा ने अपनी टायर की एजेंसी के सामने भंडारे का आयोजन किया।नगर पालिका गेट पर सभासदों द्वारा राहगीरों की भंडारे के प्रसाद वितरित किया गया।इसी तरह खाटूश्याम मंदिर चैक,गुलाब बैंड चैराहा पर राजीव बाजपेई ने,घासमंडी तिराहा, सराफा बाजार, बुध बाजार,बड़ी बाजार सहित कई स्थानों पर भक्तों ने पूड़ी सब्जी और शरबत वितरण का आयोजन किया।तपती दोपहर में प्रसाद शरबत और शीतल जल पाने वाले राहगीरों ने आयोजकों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## विवाहिता लापता, अज्ञात पर रिपोर्ट

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** लोनार थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मायके वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई विवाहिता के घर से लापता होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। पीड़ित पिता के अनुसार उसके घर 22 मई को पुत्र का विवाह समारोह था।जिसमे उसकी विवाहित पुत्री भी शामिल होने आई थी।1 जून को वह पुत्र और रिश्तेदारों के साथ बहू को विदा करवाने उसके घर गया था।उसकी विवाहित पुत्री घर से बिना बताए कहीं किसी के साथ चली गई। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

## गुमशुदा किशोर को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** मल्लावां थाना क्षेत्र से सोमवार को घर से बिना बताए लापता हुए किशोर के मामले में पुलिस ने किशोर को बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया है। प्राप्त विवरण में 2 जून को किशोर के भाई द्वारा थाना मल्लावां पर सूचना दी गयी कि उनका 17 वर्षीय भाई घर से बिना बताये कही चला गया है तथा काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। इस सूचना पर गुमशुदा किशोर की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीम को लगाया गया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपहृतध्गुमशुदा बच्चोंध्बालकों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ष्ऑपरेशन स्माईलष् के क्रम में थाना मल्लावां पर गठित पुलिस टीम के एसआई सुनील कुमार और पुलिस बल द्वारा गुमशुदा किशोर के संबंध में स्थानीय व्यक्तियोंध्सोशल मीडिया आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त गुमशुदा किशोर को सकुशल बरामद किया गया एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया गया।



## कृत्रिम रूप से यूरिया खारिज करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जिला कृषि अधिकारी डा. सतीश चन्द्र पाठक ने खुदरा उर्वरक विक्रेताओ एवं कृषको को सुझाव दिया है कि वह किसी भी दशा मे खतौनी के आधार पर प्रयोग होने बाली यूरिया से अधिक यूरिया का विक्रय नही करे और न ही क्रय करें। उन्होने कहा कि अप्रैल 2025 तथा मई 2025 मे उर्वरक विक्री की जांच के लिए शासन स्तर से निर्देश जारी किये गये है क्योकि समीक्षा मे यह बात प्रकाश मे आयी कि कई कृषको ने एक ही बार मे दस बोरी से अधिक यूरिया क्रय की है। उन्होने उर्वरक विक्रेताओ को चेतावनी दी है कि वह कृत्रिम रूप से यूरिया का स्टाक किसी भी दशा मे पीओएस मशीन से खारिज न करे। अन्यथः उनके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3ध्7 के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 10 बोरी से अधिक यूरिया खरीदने बाले कृषको तथा विक्रय करने बाले उर्वरक विक्रेताओ की जांच 19 टीमो के माध्यम से प्रारंभ कर दी गयी है।

## अपहृत बालिका को बरामद कर पुलिस ने अपहर्ता को किया गिरफ्तार

**शाहाबाद (हरदोई) (स्वतंत्र भारत)।** एक बालिका को सब्जबाग दिखाकर अपहृत करने बाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि गत 15 मार्च 2025 को अपहृत बालिका के पिता ने कोतवाली मे आकर रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी पुत्री को सोहित पुत्र रामदास निवासी ग्राम तडेर थाना शाहाबाद जिला हरदोई बहला-फुसलाकर भगा ले गया। घटना के लगभग ढाई माह बाद पुलिस ने अभियुक्त सोहित को गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# खिलौना समझ कर बम से खेल रहे थे बच्चे

स्वतंत्र भारत

**माधोगंज।** स्कूल के सामने खिलौना समझकर रहे थे बच्चे, प्रबन्धक ने हैंड ग्रेनेड जैसा देख बच्चों से तत्काल वही फेकने को कहा , जिसकी सूचना तत्काल एस. ओ माधोगंज को दी गयी, सूचना पर पहुंचे सीओ व एसओ ने घटना की जानकारी कर दो आरक्षी को सुरक्षा के लिए तैनात किया। थाना क्षेत्र के गांव फत्तेपुर चैंगवा में मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे गांव के सीपीयू बीएस हायरसेकंडरी स्कूल के सामने मैदान में मोहल्ले के छह सात बच्चे हैंड ग्रेनेड के साथ खेल रहे थे। विद्यालय के प्रबंधक ब्रजेन्द्र सिंह ने देखा कि यह हैंड ग्रेनेड बम है इससे विस्फोट हो सकता है।उन्होंने बच्चों से बम वही रखवा दिया। बम की सूचना तुरन्त पुलिस को दी।



थानाध्यक्ष विजय कुमार व सीओ बिलग्राम ने बम से दूर रहने को कहा। बम को भीगे बोरा में रखवा दिया। बम को डिस्पोजल करने के लिए लखनऊ को सूचना दी गई।खबर लिखे जाने तक टीम नही पहुंची। बम की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।हर किसी की जुबान पर बम सड़क किनारे गड्ढे में कहां से पहुंचा। प्रबंधक ने बताया कि बाबटमऊ जाने वाले कच्चे मार्ग के किनारे गड्ढे में मिट्टी खुदाई में मिला। लेकिन बच्चों तक कैसे पहुंचा यह नही बता सके। डर के कारण गांव के लोग बच्चों को सामने नही आने दिया।

## अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम मुहईपुर मजरा पचकोहरा निवासी सुशील पुत्र रमेश चंद्र के अनुसार एक जून की रात में हरियांवा थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्जनपुर निवासी करन वर्मा ने अपने साथियों के साथ उसके घर आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।इसी थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रिया निवासी नितिन गुप्ता पुत्र सर्वेश गुप्ता के अनुसार वह गांव से पड़ोस में बाजीराव देव स्थान गया था।विपक्षी योगेश गुप्ता पुत्र रामनरेश गुप्ता ने अपनी पत्नी मुन्नीदेवी के साथ उसे गाली गलौज किया मना करने पर डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के बख्तावरपुर निवासी नीरज सिंह पुत्र सुरेशपाल सिंह के अनुसार वह गांव निवासी मनोज शर्मा के पुत्र के मुंडन संस्कार में शामिल होने गया था।गांव निवासी विपक्षी गोविंद सिंह ने अपने भाई गोपाल सिंह के साथ पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।





हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुर्चा बाग निवासी सतीश पुत्र ब्रजराज के अनुसार एक जून की शाम को वह घर से खेत जा रहा था।गांव निवासी महेश पुत्र सोहन ने अपने भाई सुभाष, पुत्र राजाबाबू और भोजराज के साथ मिलकर पुरानी किसी रंजिश को लेकर उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।शोर सुनकर उसका भाई मोरपाल उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भिजवाया।

## बच्चों को बांटे गए सर्टिफिकेट

स्वतंत्र भारत

**सिंगाही-खीरी।** कस्बे में संचालित टेक कंप्यूटर की ओर तीन महीने का कोर्स पूरा कर चुके बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कंप्यूटर कोचिंग सेंटर के संचालक पिंकू शरीफ ने बताया कि उनका मकसद कस्बे के बच्चों को आधुनिक दुनिया के लिए आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए बच्चों से तीन महीने का कंप्यूटर कोर्स कराया जा रहा है। पहले बैच का कोर्स पूरा कर चुके बच्चों को व्यापारी नेता विवेक श्रीवास्तव ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान ओमप्रकाश, आकाशदीप, सविता व मोहम्मद सईद मौजूद रहे।

## नाइट ब्लड सर्वे में पहले दिन 1352 लोगों के लिए रक्त के नमूने

**हरदोई।** जनपद में फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 19 ब्लाक और एक शहरी इकाई में दो से सात जून तक नाईट ब्लड सर्वे(एन.बी.एस) चल रहा है। यह सर्वे रात 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जा रहा है और सर्वे के पहले दिन ही 1352 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए। प्रत्येक ब्लॉक और अर्बन आरआई यूनिट में दो स्थल चुने गए हैं। एक रैंडम आधार पर और दूसरा ऐसा क्षेत्र जहाँ पहले फाइलेरिया के सर्वाधिक मामले सामने आए हों या फिर संक्रमण के लिए अनुकूल पर्यावरण वाले गाँव या मोहल्ले को प्राथमिकता दी गई है। कार्यकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सर्वे केवल 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों एवं महिलाओं के बीच किया जा रहा है। पहले दिन नाइट ब्लड सर्वे जनपद के 19 ब्लाक और एक शहरी इकाई में किया गया और कुल 1352 लोगों के नमूने लिए गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के दौरान राज्य स्तरीय एवं मंडलीय टीमें भी निरीक्षण करेंगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतः सर्वे से जुड़े सभी स्वास्थ्यकर्मियों से अपेक्षा की गई है कि वे पूरी गंभीरता व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2027 तक प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत जनपद में स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रियता एवं सजगता के साथ काम कर रही हैं। जिला मलेरिया अधिकारी जीतेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया की पहचान शुरुआत में ठंड के साथ बुखार आ सकता है। हाथ, पैर, पुरुषों के अंडकोष या महिलाओं के स्तनों में असामान्य सूजन। सूजन आमतौर पर एक ही अंग में होती है, दोनों में समान नहीं। मूत्र मार्ग से सफेद रंग का द्रव आना (ग्रामीण क्षेत्रों में धातु रोग) जिसे चिकित्सा भाषा में काइलूरिया कहते हैं। लंबे समय तक रहने वाली सूखी खांसी भी फाइलेरिया का लक्षण हो सकती है (ट्रॉपिकल इस्नोफीलिया)। बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनें घर की छत और आसपास पानी जमा न होने दें। कूलरऔर पक्षियों के पानी के पात्र नियमित रूप से साफ करें। कूड़ेदान को हमेशा ढककर रखें। फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन जरूरी सरकार द्वारा चलाए जा रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत साल में एक बार फाइलेरियारोधी दवा का सेवन अवश्य करें।



फाइलेरिया रोधी दवा गर्भवती, गंभीर रोगियों और एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को छोड़कर सभी को खिलाई जाती है। दवा खाने से न सिर्फ व्यक्ति सुरक्षित रहता है, बल्कि वह दूसरों में भी संक्रमण नहीं फैलाता। इस बीमारी के लक्षण संक्रमण के 10 से 15 साल बाद दिखते हैं इस दौरान संक्रमित व्यक्ति अनजाने में दूसरों को भी संक्रमित कर सकता है।

## खबर एक नजर

### मुख्य सचिव ने किया बिजली विभाग कार्यालय व पेंट्स यूनिट का निरीक्षण

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने आज संडीला में विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय संडीला व बर्जर पेंट्स यूनिट का निरीक्षण किया। सबसे पहले वह संडीला के बिजली विभाग के कार्यालय पहुँचे। यहाँ जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया तथा उन्हें सलामी दी गयी। समीक्षा के दौरान उन्होंने विभिन्न सेक्टरों को विद्युत आपूर्ति आदि की जानकारी ली। यहाँ से निकलकर वह सोम तिराहे के पास सांवरिया ग्रुप द्वारा आयोजित भंडारे में हिस्सा लिया। इसके बाद वह बर्जर पेंट की यूनिट पहुँचे। उन्होंने बर्जर के अधिकारियों से उत्पादन प्रक्रिया व कच्चे माल आदि की जानकारी ली। यहाँ पर उनको वन ट्रिलियन इकोनॉमी पर आधारित वीडियो दिखायी गयी। उन्होंने उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के चेयरमैन आशीष कुमार गोयल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल, जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के साथ फैक्ट्री के परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ फैक्ट्री के कालरेंट ब्लॉक, वाटर बेस ब्लॉक व वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया तथा यूनिट की कार्य प्रणाली जानी। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### महिला से अभद्रता करने वाला गिरफ्तार

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** सांडी थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व एक महिला से युवक द्वारा छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्राप्त विवरण में 30 मई को पीड़िता द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त सूरज पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम जल्पीपुर थाना सांडी द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। थाना सांडी के उपनिरीक्षक अंकुर कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



### आरोपी गिरफ्तार, युवती बरामद

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से करीब दो माह पूर्व बहला फुसलाकर ले जाई गई युवती के मामले मंर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया है।आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्राप्त विवरण में 15 मार्च को युवती के पिता द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गयी कि सोहित पुत्र रामदास निवासी ग्राम तड़ेर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की थी। उपनिरीक्षक वरुण शुक्ला और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया है।



### युवक को पीटने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरा पुर मजरा मोदीपुर में एक युवक को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पीड़िता माधुरी पत्नी मिट्ठूलाल के अनुसार 29 मई की रात करीब 8 बजे उसका पुत्र अनिल गांव की गौशाला में चारा डालने गया था। गांव निवासी रामदयाल पुत्र चुन्नीलाल ने उसके पुत्र को शराब के नशे में गाली गलौज किया।गाली देने से मना करने पर लाठी से मारपीट कर उसके पुत्र को घायल कर दिया।गांव वालों के सामने विपक्षी ने उसके पुत्र के इलाज करवाने की बात कही थी।अब वह इलाज के लिए साफ मना कर रहा है। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइकिल सवार की मौत

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के रनुआपुर और सिकंदरपुर गांव के बीच में मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे के आसपास साइकिल से जा रहा एक ग्रामीण की अचानक गिरने से मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस उसे सीएचसी लाई जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है साइकिल चालक को हार्ट अटैक होने की उम्मीद है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तड़ेर निवासी शीशराम 45 वर्ष पुत्र चतुरी मंगलवार को घर से कुत्ते के काटने से बचने के लिए पानी पीने के लिए नसौली डामर गांव गया था। पानी पीकर वह मंगलवार साइकिल से वापस अपने घर आ रहा था। वह जैसे ही रनुआपुर और सिकंदरपुर गांव के बीच पहुंचा। अचानक चक्कर आने की वजह से गिर पड़ा। राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के माध्यम से शीशराम को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनुमान जताया जा रहा है कि साइकिल चलाते वक्त शीशराम को हार्ट अटैक पड़ा होगा। परिजन एक्सीडेंट बता रहे हैं जब कि शीशराम के शरीर पर चोट का एक भी निशान नहीं है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दहेज हत्या के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम राभा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु होने पर मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर पिहानी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सीतापुर जनपद के पिसावा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरा देवकली निवासी मृतका के भाई यदुनंदन पुत्र राम औतार के अनुसार उसने अपनी बहन शिवकली का विवाह पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम राभा के सेठ पुरवा निवासी विमलेश पुत्र राजाराम के साथ 10 मई 2023 को किया था।जिसमे दहेज में बाइक सहित सोने के आभूषण सहित काफी सामान दिया था।लेकिन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बहनोई,उसके भाई महेश कमलेश और बहन शिवानी आदि लोग उसकी बहन को प्रताड़ित करते थे।5 मई को उसकी बहन ने फोन कर बताया उसके साथ मारपीट कर रहे हैं।तो उसने विपक्षी बहनोई से कहा की थोड़ा समय दो हम पैसे का बंदोबस्त कर भेज रहे हैं।लेकिन 8 मई को विपक्षियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन की मारपीट कर हत्या कर दी। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# गंगा दशहरा व बकरीद त्यौहारों को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से मनाएं

## डीएम व एसपी ने नगर के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**मिर्जापुर।** आगामी गंगा दशहरा एवं ईद-उल अजहा बकरीद पर्व को जनपद में पूरे हर्षोल्लास, शान्तिपूर्ण एवं परम्परागत ढंग से मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकरी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने जनपद के प्रत्येक थानो से आए प्रबुद्धजनो एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो से कहा कि आगामी त्यौहार विशेषतौर पर बकरीद व गंगा दशहरा को आपसी सौहार्दपूर्ण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए मनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से नई परम्परा की शुरूआत न की जाए। बकरीद के दौरान खुले स्थान पर कुर्बानी न दी जाए तथा किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशुध्जानवरो की कुर्बानी न दी जाए, जिससे त्यौहार शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के उपरान्त अवशेष अपशिष्ट पदार्थो को खुले में न डाला जाए और नही कोई सामाग्री खुला लेकर जाया जाए।जिलाधिकारीने गंगा दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत जिला पंचायत राज अधिकारी कों ग्रामीण क्षेत्रो में तथा नगर पालिकाओंध्नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गंगा नदी व अन्य नदियो पर स्थित घाटो पर गोताखोर, नाव की व्यवस्था सहित बेहतर साफसफाई, बैरीकेटिंग आदि की समुचित व्यवस्था कराई जाए ताकि लोग गहरे पानी में जाकर स्नान न करें इसकी जागरूकता के लिए घाटो पर जागरूकता बोर्ड भी लगाया जाए। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में गंगा नदी व अन्य नदियों कें घाटो पर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाए जाने के साथ ही लेखपालो की भी तैनाती की जाए। घाटो पर पेयजल व्यवस्था, महिलाओ के वस्त्र बदलने हेतु इनक्लोजर, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था को भी सुनिश्चित कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्रो में गंगा दशहरा मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कहा कि प्रमुख तालाबो, पोखरो पर भी कही-कही लोगो द्वारा स्नान किए जाते है ऐसे स्थलो को चिन्हित करते हुए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी बेहतर सफाई व्यवस्था प्रकाश, पेयजल व सुरक्षा व्यवस्था हेतु लेखपाल व अन्य ग्रामीण स्तर के अधिकारियों की तैनाती कराई जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेने बर्मा ने सभी क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षो को निर्देशित करते हुए कहा कि बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित करते हुए अपने क्षेत्रो में भ्रमणशील रहे तथा विगत वर्ष यदि कही त्यौहार के अवसर पर विवाद हुए हो तो विशेष निगरानी रखते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं ताकि कही भी विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, उप जिलाधिकारी मड़िहान सौम्या मिश्रा, सभी क्षेत्राधिकारी पुलिस व विभिन्न थानो से आए गणमान्य नागरिको में प्रधानाचार्य अरबिया मदरसा नजम अली, कछंवा से अजय कुमार उपाध्याय, सोनावर खा, अशफाक अहमद सहित सभी अन्य सम्बन्धित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जन समस्याएं



**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट के जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों की जन समस्याओ को सुना तथा उनकी शिकायतो को गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशानुरूप प्रत्येक जनता की समस्याओ समाधान प्राथमिकता के आधार पर करे किसी भी स्तर पर संतुष्टिपरक गुणवत्तापूर्ण न पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# देश में कोरोना के एक्टिव मामले चार हजार के पार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 4,000 के पार हो गई है। केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले बने हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली में कोरोना के सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। मंगलवार के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में 4,026 सक्रिय मामले हैं।

पिछले 24 घंटों में पांच नई मौतें हुई हैं। इस साल जनवरी से अब तक देश में 37 मौतें हुई हैं। 22 मई को देश में 257 सक्रिय मरीज थे। 31 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 3,395 और उसके बाद 4,026 हो गया। फिलहाल केरल में 1,416 सक्रिय मामले हैं, जो देश में सबसे अधिक है। इसके बाद महाराष्ट्र में 494, गुजरात में 397 और दिल्ली में 393 मामले हैं। आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पांच मौतें हुई हैं, इनमें केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एक-एक और महाराष्ट्र में दो मौतें दर्ज की गईं।

# मझरां कला के किसानों की सुनी गई समस्याएं

**सीखड (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के धनैता गाम पंचायत के पंचायत भवन पर मझरां कला के सभी किसानों की जमीन की जो भी समस्या है उसके समाधान के लिए चुनार तहसील के अधिकारियों एवं कानूनगो, लेखपाल के साथ एक सभा बुलाई गयी।

# सपा ने बनाई चुनावी रणनीति, एक बूथ पर रहेंगे पांच सक्रिय कार्यकर्ता, प्रभारी ने दिए निर्देश





**मिर्जापुर।** 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी सपा ने अभी से शुरू कर दी है। पार्टी ने तय किया है कि वह हर बूथ पर पांच सक्रिय कार्यकर्ता नियुक्त करेगी। सपा ने आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत एक बूथ पर पांच सक्रिय यूथ तैनात करने की योजना बनाई है। इसके लिए मझवां विधानसभा में अभियान चलाया गया। समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव के नतीजों को आगामी विधानसभा चुनाव में भी दोहराने की रणनीति पर काम कर रही है। लोकसभा चुनाव में सपा यूपी की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। सपा मझवां विधानसभा के प्रभारी डॉ0 अवधनाथ पाल ने गड़ौली व जमुआ में मझवां विधानसभा की कमेटी के अलावा जोन, सेक्टर, बूथ कमेटी की बैठक में बारी बारी से समीक्षा की और कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर ध्यान दें। कहा कि 5 जून को सिटी विकास खण्ड की व 6 जून को पहाड़ी विकास खण्ड के जोन व सेक्टर एवं बूथ अध्यक्षों की समीक्षा करूँगा। कहा कि हर बूथ पर न्यूनतम पांच युवाओं को पार्टी की लोहियावादी विचारधारा से लैस किया जाए।

# लिवइन रिलेशनशिप में रह रही प्रेमिका ने प्रेमी पर लगाया गर्भपात कराने का आरोप

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक के साथ सात वर्षो से लिव इन रिलेशन में रह रही युवती ने प्रेमीपर गर्भपात करवाने का आरोप लगाया है। यह आरोप प्रेमिका ने राजगढ़ पुलिस को तहरीर दे कर लगाया है। थाना क्षेत्र केएक गांव का युवक अपने ही थाना क्षेत्र के दूसरे गांव की अंतर्जातीय युवती से प्रेम करता था। प्रेम परवान चढ़ने पर प्रेमीअपनी प्रेमिका से शादी करने का वादा किया। दोनों लिव इन रीलेशनशिप में रहने लगे। लिव इन रिलेशनशिप में रहते हुएसात वर्ष बीत गया। युवती का आरोप है कि इस दौरान उसने अपने प्रेमी से कई बार शादी करने के लिए कहा।परन्तु प्रेमी अपने बड़े भाई की शादी होने के बाद अपनी शादी करने का बहाना बनाता रहा। इसी दौरान युवती गर्भवती होगई। गर्भवती होने पर युवती अपने प्रेमी पर शादी करने का दबाव बनाने लगी। जिसपर प्रेमी ने शादी से इनकार कर दिया।युवती ने राजगढ़ थाने में तहरीर देकर बताया की उसके पेट में चार माह का बच्चा था। तहरीर पर पुलिस ने युवक परदबाव बनाया और थाने पर सुलह समझौता के बाद 6 मई को क्षेत्र के एक मंदिर से दोनो शादी कर ली। शादी के बादयुवक दुल्हन बनाकर युवती को अपने साथ रेनुकूट ले गया। युवती का आरोप है कि उसका प्रेमी उसे जबरदस्ती दवा खिलादी। जिससे उसका गर्भपात हो गया। इसके बाद राजगढ़ क्षेत्र में एक किराए के मकान में उसे छोड़कर फरार हो गया। इसदौरान युवती कई बार बात करना चाहा, लेकिन बात नहीं हो सकी। जिसपर थकहार कर युवती ने एक सप्ताह पहले अपनेप्रेमी के विरुद्ध राजगढ़ थाना में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस दोनो पक्षों को थानेबुलाकर पूछताछ करने के बाद आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया था।

# ट्रक के धक्के से दामाद की मौत, ससुर घायल

**ललगंज (मिर्जापुर)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पासमंगलवार दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भिजवाया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिए। वहीं हादसे के बाद चालक वाहन समेत भागने में सफल रहा। मंगलवार दोपहर करीबतीन बजे प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव निवासी बाइक सवार कल्लू (32) वर्ष और जिले केड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नगवां गांव निवासी रामसागर 60 वर्ष एक ही बाइक से मिर्जापुर जा रहे थे। दोनों जैसे ही राजापुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनीजबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घटना की सूचना ग्रामीणों ने लहंगपुर चौकी पुलिस को दे दी। चौकी प्रभारी विजय कुमार राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस बुला कर दोनों घायलों को लालगंज सामुदायिकस्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिए। लालगंज सीएचसी पर पहुंचने पर चिकित्सकों ने कल्लू को मृत घोषित कर दिए।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) हेतु ई-निविदा**
**(यह निविदा सूचना नौकरी के लिए नहीं है)**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा0) पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से लखनऊ मण्डल के 24 स्टेशनों के 60 लोकेशनों पर कमीशन के आधार पर UTS टिकट प्रणाली द्वारा अनारक्षित टिकट वितरण हेतु जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक के लिए कोटिवार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रम. | स्टेशन | सामान्य | पिछड़ी | अनुसूचित | अनु.जनजाति | अल्पसंख्यक | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 8 |
| 2 | गोरखपुर | 3 | 1 | 1 | | 1 | 6 |
| 3 | गोण्डा | 2 | 1 | 1 | | 0 | 4 |
| 4 | बस्ती | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 6 |
| 5 | खलीलाबाद | 2 | 1 | | 1 | 0 | 4 |
| 6 | बादशाहनगर | 2 | | | 1 | | 3 |
| 7 | ऐशबाग | 2 | 1 | | | | 3 |
| 8 | मनकापुर | 1 | 1 | | | | 2 |
| 9 | लखीमपुर | 1 | 1 | 1 | | 0 | 3 |
| 10 | लखनऊ सिटी | 1 | | | 1 | 1 | 3 |
| 11 | मोहिबुल्लापुर | 2 | | | | | 2 |
| 12 | बभनान | 1 | | | | | 1 |
| 13 | आनन्दनगर | 1 | 1 | 1 | | | 3 |
| 14 | सिद्धार्थनगर | 1 | 1 | 1 | | 0 | 3 |
| 15 | बढ़नी | 2 | 1 | | | 1 | 4 |
| 16 | बहराइच | 2 | 1 | 1 | | 1 | 5 |
| 17 | नानपारा | 1 | 1 | | | 1 | 3 |
| 18 | मैलानी | 1 | 1 | 1 | | 0 | 3 |
| 19 | गोला गोकरननाथ | 1 | | | | | 1 |
| 20 | तुलसीपुर | 1 | | | | 1 | 2 |
| 21 | शोहरतगढ़ | 1 | | | | | 1 |
| 22 | डोमिनगढ़ | 1 | | | | | 1 |
| 23 | गोमतीनगर | 1 | | | | | 1 |
| 24 | गोरखपुर कैण्ट | 1 | | | 1 | | 2 |

**नोट:** • वेबसाईट पर ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय दि0 **02.07.2025** को **15.00 बजे** तक है। यह ई-निविदा **दि0- 02.07.2025 को 15.00 बजे** के बाद खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक -02.07.2025 को अवकाश घोषित हो जाता हैं तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।• इस निविदा हेतु मैनुअल माध्यम से कोई निविदा/आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई निविदा प्राप्त होती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।• टेण्डर फॉर्म का मूल्य की राशि का भुगतान केवल IREPS पॉर्टल पर उपलब्ध माध्यम ऑनलाईन पेमेण्ट विधि (नेट बैंकिग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि) के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नही होगी।• विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-tendering module) पर उपलब्ध है।• निविदा मैनुवल रूप से निस्तारित की जायेगी।

मुजाधि/वा0-56 — **सहायक वाणिज्य प्रबंधक, लखनऊ**

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''



## कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया

पत्रांक– 2974/2025 न0पा0परि0 (2025–26) — दिनांक 03.06.2025

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

इससे सम्बन्धित सभी फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरा बरहज देवरिया द्वारा जिलास्तरीय समिति द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 24.03.2025 को **''15वां आयोग'' (निर्दिष्ट अनुदान)** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यो के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई– निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 03.06.2025 04.30 PM |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 03.06.2025 04.30 PM |
| 3. | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 03.06.2025 04.30 PM |
| 4. | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 11.06.2025 03.00 PM |
| 5. | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 11.06.2025 04.00 PM |

(निरूपमा प्रताप) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज देवरिया

(श्वेता जायसवाल) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज देवरिया



## कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया

पत्रांक– 2971/2025 न0पा0परि0 (2025–26) — दिनांक 02.06.2025

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

इससे सम्बन्धित सभी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड से नगर पालिका परिषद गौरा बरहज सीमान्तर्गत सी0सी0 रोड नाली रिपेयर व स्लैब निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ठेकेदार राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद गौरा बरहज सीमान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई– निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 03.06.2025 03.00 PM |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 03.06.2025 04.00 PM |
| 3. | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 03.06.2025 04.00 PM |
| 4. | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 10.06.2025 04.00 PM |
| 5. | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 11.06.2025 10.00 AM |

(निरूपमा प्रताप) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज देवरिया

(श्वेता जायसवाल) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज देवरिया



## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना
मैंने अपना नाम रुबीना खान से बदलकर रिजवाना खानम रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o सईद अहमद, नि.- 473/34 जी.ए. खदरा-4 सीतापुर रोड, लखनऊ।
सी.आर.-474/L-25

### सूचना
मैंने अपना नाम MOHAMMAD JASHEEM से बदलकर MOHD JASIM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o -MOHD SARFUDDIN R/o-31, DASHARI ROAD GOLDEN CITY, KAKORI DIST- LUCKNOW-226101 (U.P)
सी.आर.-475/L-25

### सूचना
मैंने अपना नाम AWANENDRA KUMAR SINGH से बदलकर AVNENDRA SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-RUDRA PRATAP SINGH R/o-47 DAULAT DIST-BARABANKI -225304 (U.P)
सी.आर.-475/L-25

### सूचना
मैंने अपना नाम KALEEM से बदलकर KALEEM AHMAD ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o- IDREES ADD-304 BHARTHPUR, POST- KANI BOJHI DIST-SHRAWASTI-271803 (U.P)
सी.आर.-475/L-25

### सूचना
मैं अपने पुत्र मजीद व उसकी पत्नी गुलशन का चाल चलन एवं अमार्यादित व्यवहार ठीक न होने के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, उक्त दोनों द्वारा किए गए कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे । मेरे परिवार से सरोकार नहीं होगा, उसमान पुत्र मोहन निवासी ग्राम खड़सरा, थाना मलिहाबाद, जिला लखनऊ।
सी.आर.-476/L-45

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र सुखविन्दर, पुत्रवधु पिंकी उर्फ सुधा को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए है। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। दामोदर पुत्र बनवारीलाल नि.ग्रा. पतराजपुर थाना निगोही-शाहजहांपुर।
सी.आर.-478/D-32

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने पिता अशोक कुमार, माता विजय लक्ष्मी, पत्नी पुष्पा देवी से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसका माता-पिता और पत्नी से अब कोई सरोकार नही होगा। अभिषेक भास्कर नि.मो. महमंद जलालनगर हाल नि.मो. बीबीजई हद्दफ थाना सदर-शाहजहांपुर।
सी.आर.-478/D-35

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र पप्पू, पुत्रवधु फरहीन को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए है। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। अफरोजी पत्नी नसीम उल्ला नि.मो. जियाखेल तह. सदर-शाहजहांपुर।
सी.आर.-478/D-31

**हेतु सदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश**
**इलाहाबाद**
**वाद सं.1338 सन 2024**
सतरूपा सिंह उर्फ सतरूपा पटेल उम्र लगभग 28 वर्ष पत्नी संदीप कुमार सिंह उर्फ संदीप पटेल निवासिनी- बनकटिया लालघाट आजमगढ़ , हाल पता -7 बड़ा बघाड़ा नियर I E R T फील्ड थाना कर्नलगंज प्रयागराज ........... प्रार्थिनी
बनाम
संदीप कुमार सिंह उर्फ संदीप पटेल उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र नगीना सिंह निवासी ग्राम बरामदपुर पो. जोकहरा थाना रौनापार जिला आजमगढ़..................विपक्षी
अंतर्गत धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता थाना कर्नलगंज जिला प्रयागराज
चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के 07 के 21 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि–21.07.2025**
**न्यायाधीश**
सी.आर.-477/D-CN



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# रूस-यूक्रेन करेंगे मृत और घायल सैनिकों की अदला-बदली

**इस्तांबुल।** रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों ने सोमवार को करीब दो सप्ताह बाद प्रत्यक्ष शांति वार्ता के दूसरे दौर के लिए मुलाकात की और

### तुर्की में शांति वार्ता पर बनी सहमति

### सीजफायर पर अटकी बात

अपने-अपने हजारों मृत सैनिकों के शव और गंभीर रूप से घायल सैनिकों की अदला-बदली करने पर सहमति जताई, मगर इसके अलावा वार्ता में तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। अधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह वार्ता दोनों पक्षों द्वारा किए गए कई लंबी दूरी के हमलों के एक दिन बाद हुई है, जिसमें यूक्रेन



ने रूसी हवाई ठिकानों पर ड्रोन हमला किया था और रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वार्ता की मेज पर रूस ने जंग खत्म करने के लिए क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति भवन) की शर्तों को बताते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने संवाददाताओं से कहा कि कीव के अधिकारियों को दस्तावेज की समीक्षा करने और निर्णय लेने के लिए एक हफ्ते का वक्त चाहिए। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने 20 जून से 30 जून के बीच आगे की बातचीत का प्रस्ताव रखा है। वार्ता के बाद, रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों 'तास' और 'आरआईए नोवोस्ती' ने रूसी ज्ञापन की सामग्री प्रकाशित की, जिसमें कहा गया है कि संघर्ष विराम की शर्त के तौर पर यूक्रेन उन चार क्षेत्रों से अपनी सेना हटाए, जिन पर रूस ने सितंबर 2022 में कब्जा कर लिया था, लेकिन उन पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं कर सका। युद्धविराम समझौते के वैकल्पिक तरीके के रूप में, ज्ञापन में यूक्रेन से कहा गया है कि वह सैनिकों की लामबंदी प्रयासों को रोक दे तथा पश्चिमी देशों से हथियार लेना बंद कर दे। ऐसी शर्तें पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा बताई जा चुकी हैं। दस्तावेज में यह भी सुझाव दिया गया है कि युद्ध समाप्त करने के लिए यूक्रेन को अपनी सेनाओं की पुनः तैनाती रोकनी होगी तथा अपनी धरती पर किसी तीसरे देश की सैन्य उपस्थिति पर प्रतिबंध लगाना होगा।

# हमें मनाने की जरूरत नहीं, हम युद्ध नहीं चाहते

**ब्रासीलिया।** ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में

### ट्रंप के दावे पर शशि थरूर की दो टूक

### पाकिस्तान को भी लताड़ा

तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई। थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल ब्राजील में है और ब्राजील से अमेरिका के लिए रवाना होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की। ब्राजील में शशि थरूर ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है। हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी। हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी। उन्हें मनाना पड़ता। हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते। हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते



हैं। यही मूल संदेश है। थरूर ने कहा कि हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा था कि हम संघर्ष को लंबा खींचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरुआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष चुनी गईं पूर्व जर्मन विदेश मंत्री

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को अध्यक्ष चुन लिया। बेयरबोक को 167 वोट मिले, जो जीतने के लिए जरूरी 88 वोटों के करीब दोगुने हैं। 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। रूस ने एनालेना बेयरबोक के चुनाव का विरोध किया और गुप्त मतदान की मांग की। हालांकि रूस की मांग को नहीं माना गया। जर्मनी ने पूर्व में हेल्गा शीमिड को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के लिए नामित किया था, लेकिन बाद में उनकी जगह एनालेना बेयरबोक को उम्मीदवार बनाया गया।

# राष्ट्रभाषा के सवाल पर कनिमोझी ने किया कमाल

**मैड्रिड।** डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल स्पेन दौरे पर है। स्पेन में एक कार्यक्रम के दौरान कनिमोझी से पूछा गया कि भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या है? इस पर डीएमके

### जवाब पर स्पेन में खूब बजीं तालियां

सांसद ने जो जवाब दिया, उसे सुनकर वहां मौजूद सभी लोग तालियां बजाने लगे। इस दौरान डीएमके सांसद ने कहा कि हमारे देश में बहुत कुछ किया जाना बाकी है और हम ये करना भी चाहते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से हमारा ध्यान भटकाया जा रहा है। स्पेन में भारतीय समुदाय के लोगों से सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और आवाज उठाने की अपील की गई। इसी दौरान एक व्यक्ति ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं डीएमके सांसद कनिमोझी से सवाल किया कि भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या है? गौरतलब है कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार और केंद्र सरकार के बीच भाषा को लेकर विवाद हो रहा है। खासकर नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत तीन भाषा फार्मूले पर डीएमके सरकार विरोध कर रही है। स्पेन में पूछे गए सवाल को इसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि कनिमोझी के जवाब ने सवाल पूछने वाले व्यक्ति की बोलती बंद कर दी। कनिमोझी ने अपने जवाब में कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता में अनेकता है। कनिमोझी के जवाब पर वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।



# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ ब्रिटेन

**लंदन।** लेस्टर पूर्व से ब्रिटिश सांसद शिवानी राजा ने रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

### ब्रिटिश सांसद शिवानी राजा भारतीय डेलीगेशन से मिलीं

की। उन्होंने इसे सकारात्मक बैठक बताया। उन्होंने भारत के साथ काम करने और आतंकवाद से निपटने के प्रयासों में उसका समर्थन करने की इच्छा जताई। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में शिवानी राजा ने आतंकवादी हमलों का जवाब देने के लिए भारत की प्रशंसा की। उन्होंने ब्रिटेन और अन्य देशों से आतंकवाद की निंदा करने और इसके खिलाफ खड़े होने का आह्वान किया। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी बैठक के बारे में उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी भारत के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल के साथ अपने पार्टी मुख्यालय में कंजर्वेटिव फ्रेंड्स ऑफ इंडिया के साथ एक गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी पूरी की है। यह वास्तव में एक सकारात्मक बैठक थी, उस बैठक से बहुत कुछ सीखने को मिला। कुल मिलाकर यह वास्तव में सकारात्मक थी और हम भारत के साथ काम करने और आतंकवाद से निपटने के उनके प्रयासों में उनका समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।

# शर्मिष्ठा पनोली को कलकत्ता हाईकोर्ट की फटकार

**कोलकाता।** इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी के मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने पनोली को

### कहा देश के एक वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है

फटकार लगाई और लोगों की भावनाओं के ठेस पहुंचाने की बात कही। पनोली की तरफ से पेश हुए वकील ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर टिप्पणी करने के चलते पनोली के खिलाफ ऐक्शन हुआ था। बार एंड बेंच के अनुसार, कोर्ट ने कहा, हमारे देश के एक वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंची है। हमारे यहां बोलने की आजादी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों की भावनाओं को आहत करो। हमारा देश विविधताओं से भरा है। पनोली की तरफ से कोर्ट में सीनियर एडवोकेट डीपी सिंह पेश हुए थे। वहीं, स्टेट का पक्ष रखने सीनियर एडवोकेट कल्याण बंदोपाध्याय आए थे। कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार रात हरियाणा के गुरुग्राम से शर्मिष्ठा पनोली को सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला एक वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वीडियो में कहा गया था कि बॉलीवुड कलाकार 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चुप हैं।

# तख्तापलट वाले दिन ऐसे चकमा देकर निकली थीं हसीना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना बीते साल 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद देश छोड़कर अचानक ही निकली थीं। उन्हें बांग्लादेश की मिलिट्री का विमान लेकर रवाना हुआ था और अचानक ही दिल्ली सटे गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उनका विमान उतरा। भारत से लेकर बांग्लादेश तक की मीडिया में यही चर्चा थी कि वह कोलकाता उतरेंगी, लेकिन दिल्ली पहुंचकर उन्होंने साबित कर दिया कि पूरी प्लानिंग के साथ वह ढाका से निकली हैं। वह तब से अब तक भारत में ही रह रही हैं। अब उनकी बांग्लादेश से गाजियाबाद तक की यात्रा पर बांग्लादेश की मीडिया में छपा है। इसमें बताया गया है कि आखिर कैसे शेख हसीना ने बांग्लादेश से एग्जिट किया और सीधे गाजियाबाद पहुंचीं।



अब बांग्लादेश के एक अखबार में छपी डिटेल में बताया गया है कि वह मिलिट्री के प्लेन से रवाना हुई थीं। उनकी टीम की ओर से जानबूझकर यह प्रचार किया गया था कि शेख हसीना कोलकाता के लिए रवाना हुई हैं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ था और वह दिल्ली ही आना चाहती थीं। फिर भी उन्हें लेकर आने वाले मिलिट्री प्लेन ने कोलकाता का ही रूट पकड़ा था। इसकी वजह यह थी कि बांग्लादेश से यदि कोलकाता के लिए विमान रवाना होते हैं तो वे बहुत कम देर ही बांग्लादेश के एयरस्पेस में रहते हैं। वहीं यदि दिल्ली के प्लेन निकलते हैं तो उन्हें लंबे समय तक बांग्लादेश की हवाई सीमा में रहना होता है। शेख हसीना नहीं चाहती थीं कि अब उनका प्लेन ज्यादा समय तक बांग्लादेश की हवाई सीमा में रहे। इसी के चलते उनका विमान पहले कोलकाता के लिए निकला। फिर कोलकाता से दिल्ली का रूट लिया गया। इस तरह पहले बांग्लादेश के एयरस्पेस से जल्दी ही शेख हसीना निकल गईं। फिर उन्होंने दिल्ली में पहुंचकर शरण भी ली। इसके अलावा किसी को यह जानकारी भी उनके गाजियाबाद लैंड करने तक नहीं मिल पाई कि आखिर शेख हसीना कहां पहुंचने वाली हैं।

# माली में 14 आतंकी ढेर

**बमाको।** माली के उत्तरी शहर टिम्बकटू में सोमवार को आतंकवादी लड़ाकों ने एक सैन्य शिविर में घुसपैठ करने की असफल कोशिश की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी माली सशस्त्र बलों ने एक बयान जारी कर दी। बयान में कहा गया कि घुसपैठ की कोशिश स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे के आसपास हुई और मालियन सशस्त्र बलों (एफएएमए) की त्वरित प्रतिक्रिया से आतंकवादियों को तुरंत खदेड़ दिया गया। बयान में कहा गया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 14 आतंकवादी मारे गए, 31 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार हुए तथा हथियार, वाहन और विभिन्न सामग्रियां बरामद की गईं।

# गाजा पर ताजा गोलीबारी में 27 की मौत

**खान यूनिस।** गाजा में एक बार फिर इस्राइल से जुड़े सहायता वितरण केंद्र पर जा रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी हुई। इसमें 27 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी इस्राइली सेना की ओर से की गई। जबकि इस्राइली सेना ने कहा कि फलस्तीनी लोग सैनिकों की ओर बढ़ रहे थे। वे उनको नुकसान पहुंचाना चाहते थे। इसलिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। पहले भी इस्राइली सेना ने सहायता केंद्र की ओर बढ़ रही भीड़ पर गोलीबारी की थी। सेना ने इस बात से इनकार किया कि वह लोगों को सहायता केंद्र पर पहुंचने से रोक रही थी। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकार्ड विभाग के प्रमुख ज़हीर अल-वाहीदी के अनुसार मंगलवार सुबह कम से कम 27 लोग मारे गए।

# 'जेडी वेंस के बच्चों को पीएम मोदी में दिखी दादाजी की झलक'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने अप्रैल में अपने भारत दौरे को परिवार के लिए यादगार लम्हा बताया। उन्होंने कहा कि उनका परिवार इस यात्रा को कभी नहीं भूला पाएगा। उन्होंने यह भी कहा

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पत्नी ने भारत-अमेरिकी रिश्ते पर भी की बात

कि उनके तीन छोटे बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में उनके दादाजी की झलक दिखी। उन्होंने पीएम मोदी से मिलते ही उन्हें दादा की श्रेणी में डाल दिया है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अप्रैल में भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा की थी। उनके साथ उषा वेंस और उनके तीन छोटे बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल भी थे। उषा वेंस ने इस बात पर जोर दिया कि पीएम मोदी से मुलाकात वास्तव में बहुत खास थी।



उन्होंने कहा, हमें उनसे पहले भी मिलने का मौका मिला था। पेरिस यात्रा के दौरान बच्चों की नींद पूरी नहीं हो पाई थी। ऐसे में जब बच्चों ने प्रधानमंत्री मोदी को देखा, तो उन्हें सफेद दाढ़ी और सफेद बालों वाले एक भारतीय व्यक्ति में अपने दादाजी की झलक देखी। इसलिए वे उनसे बहुत प्रभावित हैं। वे उनसे बहुत प्यार करते हैं। पीएम मोदी ने भी उस दिन हमारे पांच वर्षीय बच्चे को जन्मदिन का तोहफा देकर वास्तव में इस रिश्ते को और मजबूत किया। वेंस और पीएम मोदी फरवरी में एआई एक्शन समिट के दौरान फ्रांस में मिले थे। उन्होंने याद किया कि जब वेंस परिवार दिल्ली में पीएम मोदी के आवास पर गया था, तो उसके बच्चे उनके पास दौड़े और उन्हें गले लगा रहे थे। वे उनके प्रति अविश्वसनीय रूप से दयालु और उदार थे। उन्होंने कहा कि उनके पति और प्रधानमंत्री के बीच बातचीत बहुत उत्पादक थी और यह हमारे लिए उस व्यक्तिगत संबंध को मजबूत करने का एक वास्तविक अवसर था, जो मुझे लगता है कि केवल अच्छे के लिए है।

### मोदी का मुरीद अमेरिका

अमेरिका में इंडिया कॉकस चीफ रिच मैककॉर्मिक ने कहा कि पीएम मोदी महात्मा गांधी के बाद सबसे प्रभावी भारतीय हैं। उन्होंने वाशिंगटन में आयोजित यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम में एक बातचीत के दौरान कहा, प्रधानमंत्री मोदी भारत में अब तक के सबसे प्रभावशाली राजनेता हैं, संभवतः महात्मा गांधी के बाद वे भारत में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वह विनम्र हैं। प्रधानमंत्री बनने से पहले जो लोग उन्हें जानते थे, वे जब उनसे मिलने आते थे, तो उनके बारे में कहा करते थे कि वे फर्श पर सोते थे... वे आम जनता से जुड़े आदमी हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है।

## एक नज़र

### पाक में 17 साल की मीडिया इंफ्लुएंसर की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 17 वर्षीय टिकटॉक स्टार और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना सोमवार, 2 जून की रात को इस्लामाबाद के जी-13 सेक्टर में उनके निवास पर हुई, जो सुम्बल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है। पुलिस ने इस मामले को ऑनर किलिंग के संदेह के तहत जांच शुरू की है। सना यूसुफ मूल रूप से खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल क्षेत्र से थीं और टिकटॉक पर अपनी लोकप्रियता के लिए जानी जाती थीं। उनके इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर लाखों फॉलोअर्स थे, और वह जनरेशन जेड के बीच उभरती हुई स्टार थीं। उनकी हत्या की खबर ने सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों के बीच शोक और आक्रोश की लहर दौड़ा दी है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, सना को उनके 17वें जन्मदिन के कुछ घंटों बाद ही एक रिश्तेदार ने उनके घर में घुसकर पॉइंट-ब्लैंक रेंज से गोली मारी। हमलावर ने सना को गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि सना की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, और उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज भेज दिया गया है।

### न मांगेंगे माफी, न फिल्म करेंगे रिलीज

**बेंगलुरु।** कन्नड़-तमिल भाषा विवाद में फंसे अभिनेता कमल हासन ने कर्नाटक हाई कोर्ट से फटकार मिलने के बावजूद माफी मांगने से इनकार कर दिया है और कहा है कि कर्नाटक में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ठग लाइफ' को 5 जून को रिलीज नहीं करेंगे। कर्नाटक में उनके उस बयान का विरोध हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल भाषा से पैदा हुई है। कन्नड़ भाषी लोग इसी वजह से हासन की फिल्म ठग लाइफ की रिलीज का भी विरोध कर रहे हैं और उस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके इस विवादास्पद बयान को लेकर कड़ी फटकार लगायी और कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँचायी है। कोर्ट ने इसी के साथ अभिनेता कमल हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं?

### पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी फरार

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया। जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, 'अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।' उन्होंने कहा कि 135 से अधिक कैदी अब भी फरार हैं तथा तलाश अभियान जारी है।

### पर्यटकों की गिरती संख्या पर फारूक ने चिंता जताई

**पहलगाम।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को खीर भवानी मेला और हजरत मीर सैयद अली हमदानी के उर्स दोनों के जश्न का स्वागत किया और इसे कश्मीर में सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बताया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रगति के लिए एकता के महत्व पर जोर दिया। फारूक ने कहा कि यह खुशी की बात है कि खीर भवानी का मेला और हजरत मीर सैयद अली हमदानी का उर्स आज मनाया जा रहा है। घाटी में हमेशा भाईचारा रहा है। हम इस भाईचारे को पूरे देश में देखना चाहते हैं। अगर हम एकजुट रहेंगे, तो हम तरक्की करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि हमें कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जाना चाहिए और लोगों से वहां जाने की अपील करनी चाहिए। माता वैष्णो देवी के दर्शन करने वालों की संख्या में कमी आई है। हाल ही में हुए युद्ध की त्रासदी के बाद लोग डरे हुए हैं। पहलगाम की घटना का असर पूरे देश में देखने को मिला। इससे पहले अब्दुल्ला ने पर्यटकों से जम्मू-कश्मीर लौटने का आग्रह किया था और इस बात पर जोर दिया था कि यह क्षेत्र हिंसा नहीं बल्कि शांति चाहता है।

# प्लास्टिक प्रदूषण रोकना सभी की ज़िम्मेदारी

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम है - ''प्लास्टिक प्रदूषण का अंत'। इस मौके पर ज़ी टीवी के पॉपुलर एक्टर्स ने इस अपनी चिंताओं को साझा कर रहे हैं, बल्कि वे रोजमर्रा की जिंदगी में किए गए छोटे-छोटे और ज़िम्मेदार बदलावों की मिसाल भी पेश कर रहे हैं। ज़ी टीवी के लोकप्रिय कलाकारों ने प्लास्टिक कचरे और पर्यावरण से जुड़ी ज़िम्मेदारी को लेकर लोगों को सोचने और समझने के लिए प्रेरित किया। 'जमाई नं. 1' में रिद्धि का किरदार निभा रहीं सिमरन कौर कहती हैं, ''विश्व पर्यावरण दिवस हर बार मुझे रुककर सोचने पर मजबूर करता है, लेकिन इस बार की थीम - 'प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' - मेरे दिल के और करीब है। अब समय आ गया है कि हम प्लास्टिक से नाता तोड़ लें।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे कहती हैं, '' मैं हमेशा अपने साथ एक री-यूज़ेबल किट रखती हूं - धातु का चम्मच-कांटा, स्टील स्ट्रॉ और फोल्डिंग कप। प्लास्टिक प्रदूषण को रोकना सिर्फ पर्यावरण की बात नहीं है - ये हमारी व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी है।'' 'कुमकुम भाग्य' में करण का किरदार निभा रहे शक्ति आनंद कहते हैं, '' इस विश्व पर्यावरण दिवस, मैंने अपने प्लास्टिक उपयोग को कम करने का ठोस फैसला लिया है।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में कालीकांत ठाकुर का किरदार निभा रहे आर्य बब्बर कहते हैं, '' मैंने सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद कर दिया है - अब प्लास्टिक की बोतलें, थैलियां या स्ट्रॉ मेरी ज़िंदगी में नहीं हैं।'' 'सरू' में सरू का किरदार निभा रहीं मोहक मटकर कहते हैं, '' हमारे परिवार की एक परंपरा बन गई है - हर विश्व पर्यावरण दिवस पर हम पूरे साल का इकट्ठा किया हुआ प्लास्टिक कचरा एक एनजीओ को देते हैं जो उसे रिसाइकल करता है।''

# टीवी कलाकारों की इको-फ्रेंडली आदतें

विश्व पर्यावरण दिवस हमें रुककर सोचने और ऐसी आदतें अपनाने की याद दिलाता है जो हमारी धरती को स्वस्थ रखें। फिल्म और टीवी की दुनिया भले ही चमकदार दिखे, लेकिन कई कलाकार चुपचाप तरीके से पर्यावरण को बचाने का काम कर रहे हैं। एण्डटीवी के कलाकार भी पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिये हर संभव कोशिश कर रहे हैं। 'हप्पू की उलटन पलटन' शो में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने बताया, ''मेरे लिए पर्यावरण का ध्यान रखना सिर्फ घर तक सीमित नहीं है। मैं हमेशा ध्यान रखती हूँ कि जब जरूरत न हो, तो लाइट और पंखे बंद कर दूं, फिर चाहे मैं सेट पर रहूं, अपनी वैनिटी वैन में, या बाहर कहीं भी, मैं इस बात का हमेशा ध्यान रखती हूं। मैं हमेशा कपड़े या जूट का थैला साथ रखती हूँ। उत्तराखंड में पले-बढ़े होने के कारण मुझे प्रकृति से बहुत प्यार है। मेरी परवरिश ने मुझे इसके प्रति जागरूक किया।'' शुभांगी अत्रे, जोकि 'भाबीजी घर पर हैं' शो में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''मैं हमेशा स्टील के चम्मच-कांटे और दोबारा इस्तेमाल होने वाली पानी की बोतल साथ रखती हूँ ताकि प्लास्टिक का इस्तेमाल न हो। मैंने अपने कमरे में एक छोटा सा ग्रीन कॉर्नर बनाया है, जहाँ गमलों में पौधे हैं। ये जगह को सुंदर बनाते हैं और हवा को भी साफ करते हैं। फैशन और मेकअप की बात करें तो, मैं पुरानी साड़ी और दुपट्टे को नए तरीके से इस्तेमाल करती हूँ, नया नहीं खरीदती। मैं ऐसे मेकअप प्रोडक्ट्स चुनती हूँ जो प्राकृतिक हों, जानवरों पर टेस्ट न किए गए हों और रीसाइकिल या दोबारा भरने वाली पैकिंग में आएं। पानी की बोतल साथ रखें, प्लास्टिक बैग न लें, या पुरानी चीजों को दोबारा इस्तेमाल करें। ये छोटी आदतें बड़ा असर डालती हैं।''


## बाजार दर्पण










